माघ शुक्ल पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 19 फरवरी 2024
वर्ष - 34, अंक -25 , पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा 16
यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज 15


- उद्योगपति, राजदूत, उच्चायुक्त समेत दुनिया की करीब 4000 हस्तियां होंगी शामिल
- आज से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा, धरा पर उतरेंगे निवेश
- लखनऊ सज-धज कर तैयार, मुख्य सड़कों और चौराहों का कोना-कोना दमक रहा

# सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में राजधानी

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार** : बस कुछ घंटों का इंतजार और लखनऊ सजधज कर तैयार है। राजधानी की धरा मानों दोनों हाथ फैलाकर सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में हो। शहर की मुख्य सड़कों का कोना-कोना दमक रहा है। उत्सव मनाने से पहले पसरी सुखद शांति का एहसास हो रहा है। देशी-विदेशी हस्तियों के बीच सोमवार से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा।

मुख्य सड़कों पर स्ट्रीट लाइट के खंभों को फूलों की माला व झालरों की लड़ियों से सजाया गया है। सड़कों के दोनों तरफ लगी डिजायनर ग्रिल्स का रंग-रोगन किया गया है। फुटपाथ गमलों और महंगे व दुर्लभ प्लांट्स से शोभायमान हैं। सड़क पर सरपट दौड़ते वाहन और लोग इस कदर चकाचौंध को देखकर ठिठक जा रहे हैं। व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को एक दर्जन महकमों के आला अफसर व अधीनस्थकर्मी दिन-रात एक किए हुए हैं।

हजरतगंज, गोमती नगर जैसे पॉश इलाके हों या पुराना शहर हर जगह ग्राऊंड ब्रेकिंग सेरेमनी का संदेश देतीं होर्डिंग्स राहगीरों का ध्यान खींच रही हैं।

मोदी-योगी की तस्वीरों के साथ इन होर्डिंग्स पर आयोजन के कार्यक्रम दर्ज हैं। पीएम मोदी के बड़े-बड़े जीवंत सरीखे कटआऊट्स, मानों हर आते-जाते का अभिवादन कर रहे हों।

मुख्य बाजारों, चौराहों, स्थलों की सुरक्षा भी चाक-चौबंद है। हर जगह पुलिस की टुकड़ियां तैनात हैं। गश्त भी तेज है। इस सुरक्षा में गौर करने वाली बात यह है कि पुलिस संवेदनशील गतिविधियों पर नजर रखने के साथ मेहमानवाजी की भूमिका में भी कुछ अलग व्यवहार के साथ दिख रही है। रात का तो नजारा ही और है। मानों रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक और दीवाली मनाई जा रही हो। बड़े भवनों पर झालरों की चकाचौंध है।

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4**



विद्युत झालरों से सजा राजधानी का चौराहा।

### प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य

उप्र. को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पूरे राज्य के लिए निवेश परियोजनाओं की शुरुआत होगी। सर्वाधिक 52 प्रतिशत परियोजनाओं की शुरुआत पश्चिमांचल में होगी। पूर्वांचल में 19 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाएं शामिल होंगी। सरकार अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने जा रही है।

### प्रधानमंत्री आज संभल में करेंगे कल्कि धाम का शिलान्यास

**संभल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज संभल जनपद के ऐंचोडा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास कर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के मद्देनजर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। प्रधानमंत्री का स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह 10.25 बजे ऐंचोडा कम्बोह पहुंचेंगे। 10.30 बजे शिलान्यास के बाद 10.45 बजे सभा मंच पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री व आचार्य प्रमोद कृष्णम के बाद प्रधानमंत्री सभा को संबोधित करेंगे। संभल से 11.40 बजे हेलीकॉप्टर से बरेली के लिए उड़ान भरेंगे।

### प्रधानमंत्री सवा घंटे लखनऊ में, रक्षामंत्री रहेंगे साथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को लगभग सवा घंटे लखनऊ में रहेंगे। वे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी तक चलने वाली तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की शुरुआत करेंगे। वह दोपहर 1.45 से 3 बजे तक कार्यक्रम में रहेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी यहां उप्र. में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों पर विचार रखेंगे। रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी विचार रखेंगे। मोदी को राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

### उद्योग जगत के महारथियों का होगा जमावड़ा

तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, रिलायंस के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी, आदित्य बिरला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, आईटीसी के अध्यक्ष संजीव पुरी, भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल, महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा शामिल होंगे। अपोलो हॉस्पिटल के वाइस चेयरपर्सन शोभना, गोदरेज ग्रुप के निदेशक फिरोज शाह गोदरेज, हिंदुजा ग्रुप सैमसंग इंडिया के एमडी अशोक लीलैंड जैसे तमाम बड़े उद्योगपति भी यहां रहेंगे।

## जैन मुनि विद्यासागर ने सल्लेखना कर देह त्यागा

राजनांदगांव, एजेंसी



- चंद्रगिरि तीर्थ में छह माह से रह रहे थे, कुछ दिनों से थे बीमार

जाने-माने जैनमुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके रविवार को देह त्याग दी। चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सल्लेखना जैन धर्म में एक प्रथा है, जिसमें देह त्यागने के लिए स्वेच्छा से अन्न-जल का त्याग किया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रविवार को आधे दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन संत परंपरा के आचार्य विद्यासागर महाराज जी का आज निधन हो गया उन्हें वर्तमान समय का वर्धमान कहा जाता है। राजकीय शोक के दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी सरकारी समारोह या कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। जैनमुनि के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य हस्तियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी बयान के अनुसार, आचार्य विद्यासागर ने देर रात 2:35 बजे 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके देह त्याग दी। महाराज जी डोंगरगढ़ में 'चंद्रगिरि तीर्थ' में छह माह से रह रहे थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। तीन दिन से वह सल्लेखना का पालन कर रहे थे और उन्होंने अन्न-जल का त्याग किया हुआ था। उनका अंतिम संस्कार 'चंद्रगिरि तीर्थ' में किया गया। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच नवंबर को डोंगरगढ़ गए थे और आचार्य से मुलाकात की थी।


पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम.के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555


## टाल-मटोल की नीति न अपनाए केंद्र

चंडीगढ़, एजेंसी

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ रविवार को यहां बातचीत से पहले कहा कि केन्द्र सरकार को टाल-मटोल की नीति नहीं अपनानी चाहिए और आचार संहिता लागू होने से पहले किसानों की मांगें माननी चाहिए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले माह की जा सकती है। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हुए हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश से रोकने के लिए बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। डल्लेवाल ने शंभू सीमा पर संवावदाताओं से कहा कि हम सरकार से कहना चाहते हैं कि वह टाल-मटोल की नीति न अपनाए। अगर सरकार को लगता है कि वह आचार संहिता लागू होने तक बैठकें जारी रखेगी और फिर कहेगी कि आचार संहिता लागू हो गई है और हम कुछ नहीं कर सकते ....(फिर भी) किसान वापस नहीं लौटेंगे। एक अन्य किसान नेता सुरजीत सिंह फूल ने केंद्र पर हिरासत में लिए गए किसानों को रिहा करने और पंजाब के कुछ क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं को बहाल करने के आश्वासन को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया।

### केंद्रीय मंत्रियों-किसानों के बीच चौथे दौर की वार्ता शुरू

केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच रविवार शाम को चंडीगढ़ में चौथे दौर की बातचीत शुरू हो गई। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय किसान नेताओं के साथ बैठक के लिए सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान पहुंचे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी बैठक में शामिल हुए हैं। इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को बातचीत बेनतीजा रही थी।

- किसान नेताओं की सरकार से अपील-किसानों की मांगें माने

## झारखंड में भी होगा जाति आधारित सर्वेक्षण

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने पड़ोसी राज्य बिहार की तर्ज पर राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण को हरी झंडी दे दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को एक मसौदा तैयार करने और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो लोकसभा चुनाव के बाद कवायद शुरू हो जाएगी। सर्वेक्षण का संकेत देते हुए मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।

## कांग्रेस से देश को बचाना, हर भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पांच वर्ष अहम



भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेता।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के करोड़ों कार्यकर्ताओं को अगले सौ दिनों में हर नए मतदाता तक पहुंचने और उन्हें विकसित भारत के संकल्प से अवगत कराने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस में विकास का सामर्थ्य नहीं है और वह देश को अस्थिर करने की नई-नई साजिश रच रही है इसलिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि देश और देश के हर नागरिक को कांग्रेस से बचाना है। मोदी ने राजधानी के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन-2024 को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस अस्थिरता, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की जननी है और इसीलिए वह देश में अस्थिरता पैदा करने की साजिश रचने में लगी है।

प्रधानमंत्री ने दो दिन तक चले इस अधिवेशन के समापन अवसर पर देश भर से आए करीब 12 हजार प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज 18 फरवरी है और इस दौर में जो युवा 18 साल के हो गए हैं, वे देश के 18वें लोकसभा चुनाव में वोट करेंगे. अगले 100 दिनों में आपको हर नए मतदाता से जुड़ना है, हर लाभार्थी, हर वर्ग, हर समुदाय और हर धर्म को मानने वाले हर व्यक्ति तक पहुंचना है।

लोकसभा चुनाव जीतने के बाद अगले पांच वर्षों में भारत के विकसित भारत की ओर एक बड़ी छलांग लगाने की विवेचना करते हुए मोदी ने दोहराया कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व गति हासिल की है।

कहा कि हमें भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है और इसमें अगले 5 साल अहम भूमिका निभाएंगे। इसके लिए पहले से अधिक तेज गति से काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने भाजपा की सत्ता में वापसी पर जोर देते हुए कहा कि आज विपक्षी भी राजग सरकार के 400 का आंकड़ा पार करने के नारे लगा रहे हैं और राजग को 400 पार करने के लिए, भाजपा को 370 के मील के पत्थर को पार करना होगा।

### दूसरे देश भी जानते हैं...आएगा तो मोदी ही

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि कई देश हमारी सरकार से चर्चा के लिए जुलाई, अगस्त और सितंबर की तारीखें मांग रहे हैं। इसका मतलब क्या है? इसका मतलब है कि दुनिया भर के विभिन्न देश भाजपा सरकार की वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। वे यह भी जानते हैं कि ... आएगा तो मोदी ही। मोदी ने कहा कि अस्थिरता, वंशवाद की राजनीति, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का स्रोत होने का कांग्रेस का पुराना 'ट्रैक रिकॉर्ड' है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस के पास विकास के एजेंडे और भविष्य के लिए रोडमैप का अभाव है। कांग्रेस इतनी हतोत्साहित हो गई है कि वह वैचारिक और बौद्धिक विरोध का साहस खो चुकी है।

**एक नजर**

### सलीम शेरवानी का सपा महासचिव पद से इस्तीफा

**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद सपा के एक और राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी ने भी रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। बदायूं से पांच बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी राज्यसभा टिकट न मिलने से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार किसी और दल में वह अपना भविष्य तलाश रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि मुसलमानों की उपेक्षा से परेशान होकर पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

### प्रधानमंत्री के दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाई

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंगलवार को जम्मू दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल शहर और उसके आसपास दर्जनों स्थानों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भले ही प्रधानमंत्री जम्मू क्षेत्र का दौरा करेंगे, लेकिन घाटी में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है, ताकि आतंकवादी किसी विध्वंसक गतिविधि को अंजाम न दे सकें।

## टाइमर बोतल बम बनवाने वाली इमराना गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुजफ्फरनगर से चार बम के साथ पकड़े गए जावेद ने पूछताछ में दी थी जानकारी
- एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कर रहीं पूछताछ, झाड़-फूंक का करती है काम

**अमृत विचार** : टाइमर बम तैयार कराने वाली इमराना को मुजफ्फरनगर से शनिवार को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से ही चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) के साथ जावेद नाम के युवक को पकड़ा गया था। उसने कबूला था कि इमराना नाम की महिला के कहने पर टाइमर बम बनाया था। एटीएस और दूसरी खुफिया एजेंसियां इमराना से पूछताछ कर रही हैं।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी की सूचना पर एसटीएफ ने इमराना को कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के प्रेमपुरी स्थित घर से दबोचा। उसने बताया कि वह निरमाना, थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर की रहने वाली है। उसकी शादी करीब 30 वर्ष पहले आजाद निवासी बन्तीखेड़ा, थाना बावरी, जनपद शामली से हुई थी। लगभग 20-22 वर्षों से पति के साथ मोहल्ला प्रेमपुरी काली नदी के पुल के पास मुजफ्फनगर में रह रही है। बन्तीखेड़ा स्थित ससुराल में आती-जाती रहती है। वहां झाड़-फूंक व दवाई देने का काम करती है।

### झगड़े व दंगे में काम आने को बनवाया था टाइमर बम



इमराना के मुताबिक, वर्ष 2013 में मुजफ्फरनगर में दो समुदायों के बीच झगड़ा हो गया था। दूसरे समुदाय के लोगों ने उसका घर जला दिया था। इसके बाद उसने जावेद से कुछ बम बनवाए थे। ताकि आगे कोई मामला हो तो उसमें काम आए। बम उसने काफी समय पहले अपने मिलने वाले कुछ लोगों को दे दिए थे। करीब 15 दिन पहले उसने जावेद से 10 बम बनाने के लिए कहा था। सोचा था कि कोई झगड़ा व दंगा होगा तो काम आएगा।



### 12-13 वर्ष पहले भी जावेद से बनवाए थे दो बम

इमराना ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले से वह जावेद को जानती है। उसके पिता जरीफ अहमद हकीम थे, वह दवाई लेने उनके घर आती-जाती थी। जावेद उसे वहीं पर मिला था। जावेद के चाचा अर्शी लाइसेंस पर पटाखे बनाते थे। जावेद भी उनके साथ काम करता था। 12-13 वर्ष पहले उसने जावेद से दो बम बनवाए थे।

## 15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

**सिपाही भर्ती परीक्षा**

- परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र दिलाने को ले रहे थे 10-12 लाख रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए होने वाली परीक्षा को बेदाग संपन्न कराने में जुटी एसटीएफ और पुलिस ने रविवार को भी सॉल्वर गैंग और जालसाजों को दबोचा। परीक्षा में शाम 6 बजे तक 15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। वहीं, डीजीपी कार्यालय की ओर से दी गई सूचना के मुताबिक, 15 से 18 फरवरी शाम 6 बजे तक परीक्षा में सेंधमारी की कोशिश में 244 सदस्यों की गिरफ्तारी की गई है।



लखनऊ में एक केंद्र पर सूची में अपना नाम देखते अभ्यर्थी।

### बायोमेट्रिक में नहीं मैच हुए अंगूठे के निशान

रामपुर में परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक में अंगूठे के निशान मैच नहीं होने पर एक सॉल्वर को गिरफ्तार किया गया। वह अभ्यर्थी राजीव की जगह परीक्षा दे रहा था। सॉल्वर दिलीप बिहार के जिला जमोई थाना झाझा ग्राम खुरिप्रासा का है। इसके अलावा अलीगढ़ से एक, कानपुर से एक, अमरोहा से एक, बुलंदशहर से दो, गोरखपुर से दो, हाथरस से चार, मैनपुरी से तीन, वाराणसी से दो, फतेहगढ़ से एक पकड़ा गया है। एसटीएफ ने कुल छह को गिरफ्तार किया है।

### शिकोहाबाद में 14 सॉल्वर समेत दो पुलिसकर्मी भी दबोचे गए

रविवार को सबसे ज्यादा फिरोजाबाद में गिरफ्तारियां हुईं। यहां 14 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। अकेले शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में पकड़े गए नौ लोगों में दो पुलिसकर्मी भी बताए जा रहे हैं। इसमें एक 28 बटालियन पीएसी इटावा में नियुक्त बताया जा रहा है। दूसरे के फतेहपुर जिले में सिपाही के रूप में तैनाती की बात कही जा रही है।

### बलिया में 11 पकड़े गए, पेपर आउट कराने का झांसा देकर करते थे अभ्यर्थियों से सौदा

बलिया जिले में 11 लोग पकड़े गए हैं। इसमें तीन को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। इसमें उपेन्द्र यादव और मार्कन्डेय यादव बलिया व स्वतंत्र यादव मऊ जिले का निवासी है। तीनों प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर आउट का झांसा देकर अभ्यर्थियों से पैसा वसूलते थे। प्रयागराज से अभ्यर्थियों को ठगने वाले तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया गया। ये अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र दिलाने के नाम पर 10-2 लाख रुपये लेते थे।

**अनदेखी** | पिछले वर्ष निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों को मिली थी पहली किस्त

## किस्त लेने के बाद गुम हो गए अन्त्येष्टि स्थल

**विशेष**

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- न कार्यों का पता न ही खर्च का हिसाब, फंसी दूसरी किस्त

**अमृत विचार** : प्रदेश की ग्राम पंचायतों में पिछले वर्ष आवंटित अन्त्येष्टि स्थल धनराशि की पहली किस्त लेने के बाद से गुम हैं। गांवों में निर्माण हुआ या नहीं यह पता लगाना पंचायती राज निदेशालय के लिए मुश्किल है। आवंटित अन्त्येष्टि स्थलों के कार्यों की प्रगति पोर्टल पर नहीं है। इन्हीं कारणों से जिलों ने निर्माण की दूसरी किस्त निदेशालय से नहीं मांगी है। आशंका है कि कहीं धनराशि लेने के बाद पंचायतों ने निर्माण नहीं कराया या धनराशि मनमाने ढंग से खर्च की है। इसलिए पहली किस्त के उपभोग प्रमाण पत्र यानी खर्च धनराशि का हिसाब नहीं दे रहे हैं और बिना इसके निदेशालय दूसरी किस्त नहीं भेज पा रहा है। जो आगे लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में मिलनी मुश्किल होगी और लापरवाही के कारण अन्त्येष्टि स्थल इस वर्ष अधूरे रह जाएंगे। जो पिछले वर्ष आवंटित हुए थे।

### बरेली ने 18 अन्त्येष्टि स्थलों की मांगी किस्त

प्रदेश में पिछले वर्ष एक हजार अन्त्येष्टि स्थलों का लक्ष्य मिला था। निर्माण की कुल लागत 24.36 लाख रुपये हैं। इसमें पहली किस्त में 75 प्रतिशत व दूसरी में 25 प्रतिशत धनराशि उपभोग प्रमाण पत्र के आधार पर मिलती है। इस योजना में बरेली की प्रगति ठीक है। जहां, 18 अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कर दूसरी किस्त मांगी गई है। इसी तरह चंदौली ने एक, अमरोहा ने चार व सिद्धार्थ नगर ने दो व गौतमबुद्ध नगर ने किस्त मांगी है। जबकि शेष जिले के कार्यों का पता नहीं है।

> अन्त्येष्टि स्थलों की दूसरी किस्त आवंटित होनी है। लेकिन, जिलों से मांग नहीं की गई है। कार्यों की प्रगति का पता नहीं है। सभी डीपीआरओ को चेतावनी देकर उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं। मिलते ही जल्द दूसरी किस्त भेजी जाएगी।
>
> – **राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज विभाग

### हिसाब देने का आज अंतिम दिन, डीपीआरओ होंगे जिम्मेदार

निदेशक पंचायती राज विभाग राज कुमार ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखकर चेतावनी दी कि 19 फरवरी तक खर्च का हिसाब न देकर दूसरी किस्त नहीं मांगी तो अपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित की होगी। साथ ही प्रगति विभागीय पोर्टल एमपीआर पर अपडेट करना होगा। इससे समीक्षा करने के साथ शासन को अवगत कराया जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0

— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —



# निवेश का महाकुंभ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 फरवरी को होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 प्रदेश और देश के आर्थिक प्रक्षेप पथ के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0, भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टि और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। जीबीसी 4.0 के जरिये 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतार कर प्रदेश सरकार राज्य के विकास में नई जान फूंकने, रोजगार के अवसर पैदा करने और भविष्य के विकास को प्रशस्त कर रही है।

सूबे को विकास की नयी बुलंदियों की ओर ले जा रही योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के जरिये नया इतिहास रचने जा रही है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का आयोजन किया जा रहा है। जीबीसी 4.0 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। लखनऊ के साथ ही प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश परियोजनाओं के लिए जीबीसी 4.0 का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने की ओर बढ़ रही योगी सरकार प्रदेश की विकास गाथा, वर्तमान उन्नति और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचायेगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदेश में एक्सप्रेसवे के विकास व संचालन और इनसे जुड़े टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट्स, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत जारी विकास कार्यों तथा ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना व संचालन से जुड़े तमाम तथ्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से यूपीडा द्वारा 75 स्क्वायर मीटर के वर्ग क्षेत्र में भव्य एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जायेगा। इसके माध्यम से प्रदेश की वर्तमान प्रगति के साथ ही भविष्य की संभावनाओं को दर्शाया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश की विकासगाथा का प्रस्तुतीकरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार तैयार की गई कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए यूपीडा द्वारा जीबीसी 4.0 के अंतर्गत एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जा रहा है। यह कई मायनों में विशिष्ट होगा। प्रदर्शनी स्टॉल में एलईडी टेलीविजन, पी2 उच्च गुणवत्ता वाली एलईडी वॉल, ब्रोशर व लीफलेट् जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिये एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर और ईवी चार्जिंग स्टेशनों के नवीनतम अपडेट के साथ राज्य में उपलब्ध विभिन्न अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा। यहां ऑडियो-विजुअल माध्यम से शॉर्ट फिल्मों (जो प्रदेश में एक्सप्रेसवे, डिफेंस निर्माण व ईवी चार्जिंग स्टेशंस के विकास व बदलते परिदृश्यों को शोकेस करेंगे) की स्क्रीनिंग, पॉलिसीज को हाइलाइट करने के लिए शॉर्ट क्लिपिंग्स को शोकेस किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यहां आकर्षक फ्लेक्स, बैनर तथा डिस्प्ले स्टैंडीज समेत विभिन्न माध्यमों के जरिये आने वाले लोगों को सभी संबंधित विषयों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही, यहां आने वाले इन्वेस्टर्स को डायरी, स्मृति चिह्न और 8 जीबी का अच्छी गुणवत्ता वाला ड्राइव कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।

## ओडीओपी प्रदर्शनी

जनपदों में होने वाले जीबीसी 4.0 आयोजन के दौरान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जीबीसी 4.0 के आयोजन के वक्त होने वाले नये निवेश के लिए भी लैंड फैसिलिटेशन की सुविधा होगी। जनपदों में होने वाले आयोजन के दौरान निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के सामने 'उद्यम प्रदेश' के रूप में तब्दील होते नए यूपी की झलकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। इतना ही नहीं राजधानी लखनऊ में आयोजित हो रहे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी सभी जिलों में आयोजित समारोह के दौरान किया जाएगा।











## पश्चिमांचल बना प्रदेश में निवेश का हॉट स्पॉट

- जीबीसी 4.0 के माध्यम से पश्चिमांचल में कुल लक्ष्य के 50 प्रतिशत से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ
- गाजियाबाद में 6000 करोड़ रुपये से स्वदेशी इंडस्ट्रियल पार्क प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 5 हजार रोजगार सृजन
- मुरादाबाद में हिंद टर्मिनल (शराफग्रुप) द्वारा लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग में 1250 करोड़ रुपये का निवेश, 1250 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- अमेठी में वरुण बेवरेजेस द्वारा 780 करोड़ रुपये से फूड प्रॉसेसिंग में निवेश
- मून बेवरेजेस लि. द्वारा हापुड़ में 756 करोड़ रुपये से कोक, फैंटा, लिमका, स्प्राइट, थम्सअप, किनले सोडा, माजा और रिमझिम जैसे प्रोडक्ट्स का उत्पादन
- मेरठ में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल स्टेट द्वारा 626 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 6570 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- एटा में श्री सीमेंट नॉर्थ इंडिया द्वारा 600 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- बुलंदशहर में कनोडिया सीमेंट लि. द्वारा 452 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- मेरठ में मानसरोवर इंफ्राबिल्ड द्वारा 265 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 10 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- आरके लक्ष्मी लॉजिस्टिक द्वारा संत कबीरनगर में लॉजिस्टिक एंड वेयरहाउसिंग में 250 करोड़ रुपए का निवेश

## पूर्वांचल का विकास

- पूर्वांचल के चंदौली में 7 हजार करोड़ रुपए से सॉलिड प्लाई प्रा. लि. द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप का निर्माण
- 333 एकड़ में बनने वाली यह इंटीग्रेटेड टाउनशिप टूरिज्म पॉलिसी 2022, लॉजिस्टिक पॉलिसी 2022, इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2022, (नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्री) एजुकेशन, हेल्थ, हाउसिंग, पीएम आवास और ईओडब्ल्यू आदि से कवर
- चंदौली जिले में 6 हजार लोगों को रोजगार का सृजन
- जिले में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा डेवलपमेंट कंपनी द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मॉल्स का विकास, 12 हजार लोगों को रोजगार
- वाराणसी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के तहत भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स 1325 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स का निर्माण
- एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा 325 करोड़ रुपए से हॉस्पिटल और कॉलेज की स्थापना
- अनीता डिस्टलरी द्वारा बस्ती में 300 करोड़ से बायो फ्यूल सेक्टर के तहत एथेनॉल, ईएनए और बॉटलिंग डीडीजीएस का उत्पादन

## जीबीसी-4.0 एक नजर में

10 लाख 23 हजार 531 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार

500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4,577 परियोजनाओं का शुभारंभ

निवेश परियोजनाओं में से 52% पश्चिमांचल में होंगी शुरू

आयोजन के दौरान पूर्वांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड में क्रमशः 29%, 4% और 5% निवेश परियोजनाओं को समायोजित करने की तैयारी

10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से राज्य भर में 34 लाख से अधिक मिलेंगी नौकरी

राज्य में 14,000 से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयन के लिए तैयार

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए यूपीएसआईडीए ने 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई

कुल 79 हजार करोड़ रुपये की 43 निवेश परियोजनाओं के साथ सोनभद्र का विकास

## बुंदेलखंड की बदली तस्वीर

- झांसी में रेल विकास निगम लि. द्वारा 2840 करोड़ रुपये की लागत से एलबीएस कोच और ट्रैक वर्क्स वर्कशॉप की स्थापना, 1500 से अधिक लोगों को रोजगार
- चित्रकूट के बारगढ़ में वरुण बेवरेजेस लि. द्वारा 1252 करोड़ रुपए से फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर में निवेश, 1500 स्थानीय लोगों को रोजगार
- ललितपुर में एफएफएसकेफॉइल इंडिया प्रा. लि. द्वारा 250 करोड़ रुपए की लागत से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश

ADVERTORIAL


INVEST UP
निवेश का महाकुंभ
₹10 लाख करोड़+ की निवेश परियोजनाएं
UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE
औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0
— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —
34 लाख+ नौकरी के अवसर
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री द्वारा
गरिमामयी उपस्थिति
आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री, भारत सरकार
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
ब्रजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश
जसवंत सिंह सैनी
राज्य मंत्री, संसदीय कार्य तथा औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव
दिनांक : 19 फरवरी, 2024 | समय : मध्याह्न 12:00 बजे
स्थान : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ
इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग हब
एम.एस.एम.ई. हब
डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर
एयरपोर्ट प्रदेश
मेट्रो प्रदेश
एक्सप्रेस प्रदेश
लाइव प्रसारण
DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS
Youtube.com/dduttarpradesh
एवं
UPGovtOfficial
CMOUttarpradesh
CMOfficeUP
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# विद्यालयों को अनुदान की कार्यवाही शुरू

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



बैठक को संबोधित करते भाजपा अवध क्षेत्र के मंत्री विनोद पटेल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विद्यालय प्रबन्धक एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा अवध क्षेत्र के मंत्री विनोद पटेल ने सरकार द्वारा निजी विद्यालयों के लिए सरकार के प्रयासों को विस्तार से बताया।

उन्होंने प्रबन्धकों को आश्वासन दिया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर संगठन की समस्याएं बताई है। जिस पर मुख्यमंत्री ने निदान का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनरेश रावत ने कहा कि प्रदेश के अनुसूचित, पिछड़ा व सामान्य गरीब छात्र बाहुल्य विद्यालयों के लिए सरकार ने अनुदान सम्बन्धी कार्यवाही शुरू कर चुकी है। सरकार को पांच सौ विद्यालयों के अनुदान की लिस्ट सौंपी जा चुकी है। सरकार ने इसकी समीक्षा कराकर अनुदान की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. मुकुल चतुर्वेदी ने नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद यादव, जिला प्रभारी लखनऊ राजा राम, कबीर मलिक, जितेंद्र सिंह, मनोज बंसल, ब्रजेन्द्र मौर्य, ओम प्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या मे शिक्षक व विद्यालयों के प्रबन्धक मौजूद रहे।

# शोध व अनुसंधान के लिए आगे आएं छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी







टीआरसी महाविद्यालय द्वारा आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता तथा मंचासीन वैज्ञानिक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** टीआरसी महाविद्यालय में रविवार को फार्मेसी शिक्षा क्षेत्र में सुधार विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसे संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि फार्मेसी के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। छात्र-छात्राओं को इस विषय पर अनुसंधान के लिए आगे आना चाहिए।

सीएसआईआर लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक व डॉ. आलोक मुखर्जी ने वर्तमान समय में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के उन्मूलन में फार्मेसी क्षेत्र में हो रहे अनुसंधानों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को दवा से रोका जा सकता है। मुख्य वक्ता फार्मेसी मैक्स हेल्थ केयर ग्रुप ऑफ हास्पिटल, दिल्ली की निदेशक डॉ. देवरती मजूमदार ने छात्रों को फार्मेसी क्षेत्र में असीमित अवसरों की संभावना व्यक्त करते हुए छात्रों को शोध एवं अनुसंधान की प्रेरणा प्रदान की।

महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. रंजन मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को फार्मेसी के विभिन्न पाठ्यक्रमों को पूर्ण कराकर चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी बनाएंगें जिससे कोरोना जैसी महामारी से ग्रामीण स्तर पर ही समाधान निकाला जा सके।

इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि डॉ. निखिल सचान, उपसचिव यूजीसी श्रेयांश मण्डलोई, क्षेत्र संगठन मंत्री विज्ञान भारती, वैज्ञानिक डॉ. एनपी यादव, एकेएस रावत, प्रो. (डॉ0) कमला पाठक, प्रो. देवेन्द्र पाठक, डीन फार्मेसी एकेटीयू आशुतोष मिश्रा, आलोक मुखर्जी, संस्थान के प्रबंधक एवं उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. शुचिता चतुर्वेदी ने मां सरस्वती एवं धनवन्तरि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर किया। सेमिनार को डॉ. एनपी यादव, डॉ. आलोक मुखर्जी ने भी संबोधित किया। अब्दुल मुजीब, अरुण कुमार शर्मा, दिव्या, रिचा, केतन, अंशिका तथा मो. समीर, मोहम्मद नादिर, गोविन्द, शशांक, सचिन यादव, सुखलाल रावत ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अन्त में विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तदोपरान्त एनसीपीई की अध्यक्षा डॉ0 शुचिता चतुर्वेदी ने आये हुए विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों, चिकित्सकों, शिक्षकों एवं अन्य समस्त आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

# 22 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा में 20392 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

## पुलिस भर्ती : दोनों पालियों में 1064 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, डीएम और एसपी ने केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन भी सभी 22 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोनों पालियों की परीक्षा संपन्न हुई। दूसरे दिन 21456 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 20392 ने परीक्षा दी। वहीं 1064 अनुपस्थित रहे।

यूपी पुलिस आरक्षी की सीधी भर्ती की दो दिवसीय परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों से लेकर आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी भ्रमणशील रहकर व्यवस्था की निगरानी में जुटे रहे। डीएम सतेन्द्र कुमार झा और एसपी दिनेश कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों के साथ कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश दिए। वहीं सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने के साथ अफवाह फैलाने वालों पर कारवाई के निर्देश दिए। कंट्रोल रूम से भी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा रही थी। पहली पाली की परीक्षा में जहां 10267 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी वहीं 461 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 10125 ने परीक्षा दी तो 603 अनुपस्थित रहे। पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों के आसपास व बस व रेलवे स्टेशन पर काफी भीड़भाड़ रही।



एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों से बातचीत करते डीएम और एसपी। अमृत विचार



देवा के एक केंद्र से परीक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार

### पीएसी के 100 जवानों ने भी दी परीक्षा

**कवेन्द्र नाथ पांडेय, बाराबंकी, अमृत विचार :** पीएसी में तीन से पांच साल तक की सेवा देने वाले करीब एक सौ जवान पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल हुए। यह मामला अकेले बाराबंकी का नही है। पूरे प्रदेश में ऐसे जवानों की संख्या हजारों के पार होगी। बाराबंकी की 10वीं वाहिनी पीएसी के करीब 100 जवान विभाग से अनुमति लेकर पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल हुए। यह जवान पीएसी की 2021 और 2019 के हैं। पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल इन अभ्यर्थियों का कहना था कि पीएसी की नौकरी में कोई निश्चित ठिकाना नहीं है। कभी यहां तो कभी वहां पूरे प्रदेश में भेज दिया जाता है। इस संबंध में 10वी वाहिनी पीएसी के सेनानायक अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जवानों को उनकी मांग पर परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति देने का नियम है।

### कुल 41099 अभ्यर्थियों ने दी पुलिस भर्ती परीक्षा

जिले में दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा में 42912 अभ्यर्थियों के सापेक्ष चार पालियों में 41099 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 1893 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस भर्ती परीक्षा रविवार को शाम की पाली के साथ सम्पन्न हो गयी।



एक परीक्षा केंद्र पर तैनात पुलिस फोर्स। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कच्ची दीवार गिरी, मलबे में दबने से महिला की मौत

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबने से एक महिला की मौत हो गई। शनिवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे ग्राम बड़ागांव के मोहल्ला नालीपार निवासी गुल्ले यादव उर्फ़ ब्रजमोहन की 56 वर्षीया पत्नी ज्ञानवती घर के सामने बनी कच्ची दीवार के निकट रखे उपले ( कंडे ) उठा रही थी कि अचानक दीवार भरभरा कर गिर गई। मलबे के नीचे वह दब गईं। तेज आवाज सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने आनन फानन में दीवार में दबी महिला को निकाल कर सीएचसी बड़ागांव पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक राकेश यादव ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, महिला की मौत से परिवारवालों में कोहराम मच गया।

### मस्जिद से चोर उठा ले गए बैटरी, इनवर्टर व माइक

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक जारी है। आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही हैं। चोरों ने इस बार गांव स्थित एक मस्जिद को निशाना बनाया है। क्षेत्र के कुस्फर मजरे भगवानपुर गांव स्थित मस्जिद में रविवार की सुबह रोज की तरह जब नमाज अदा करने मौलवी सबीर अहमद पहुंचे तो उन्होंने मस्जिद का गेट खुला पाया। अंदर गए तो मस्जिद से बैटरी, इन्वर्टर, एम्प्लीफायर माइक गायब मिला। उन्होंने इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। मौलवी सबीर अहमद ने अज्ञात चोरों के खिलाफ दरियाबाद कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### विपक्षी व लेखपाल पर कार्रवाई की मांग

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम शेषपुर जाहिदअली निवासी आशीष तिवारी पुत्र स्वर्गीय जगदीश तिवारी ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी पुश्तैनी भूमि पर विपक्षी राकेश मिश्रा द्वारा दबंगई के बल पर पेड़ों को लगाने तथा इसकी शिकायत के बाद हल्का लेखपाल रवि सागर द्वारा झूठी रिपोर्ट देने को लेकर इन दोनों पर कार्रवाई की मांग 8 नवंबर 2023 को की थी। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं की गई है। पीड़ित ने दोबारा डीएम को पत्र देकर जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि जिलाधिकारी से शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

### महिला की मौत, इलाज में लापरवाही का आरोप

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कुर्सी थाना क्षेत्र के कोढरी गांव निवासी रामसनेही ने अपनी पुत्री पूनम का विवाह पांच वर्ष पूर्व घुंघटेर थाना क्षेत्र के गढ़ीढाक निवासी काशीराम के साथ किया था। पूनम ने पिछलेदिनों बड्डूपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर नवजात शिशु को जन्म दिया। शिशु के जन्म के बाद जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ होने के बाद घर चले गए। शनिवार को अचानक पूनम की तबियत बिगड़ गई।परिवारजन महिला को इलाज के लिए लखनऊ ले जा रहे थे जहां रास्ते में मौत हो गई। महिला की मौत की जानकारी पर पहुंचे मायके पक्ष ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। मायके पक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि महिला ने दस दिन पहले एक नवजात शिशु को जन्म दिया था। शनिवार को महिला शरीर से कमजोर थी अचानक तबीयत बिगड़ी थी। इलाज को ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मायके पक्ष ने कोई लिखित आरोप नहीं लगाया है। सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### 26 आरोपियों पर शांतिभंग की कारवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस के अभियान में रविवार को विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने सात वारंटी और 12 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वही विभिन्न मामलो में थाने लाए गए 26 आरोपियों पर शांतिभंग की कारवाई के साथ पाबंद किया गया।

### पुलिस ने जालसाज को किया गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाने की पुलिस टीम ने धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में फरार अभियुक्त को किया गया। उसके बाद पकड़े गए जैदपुर थाने के नई बस्ती टेरा निवासी अब्बास पर विधिक कारवाई कर जेल भेज दिया।

# मौसम की जानकारी होने से कम हो सकता है खेती में नुकसान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी





कार्यशाला को संबोधित करते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** निन्दूरा विकास खण्ड के सभागार में रविवार को बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा ग्रामीण कृषि मौसम सेवा विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने कहा कि मौसम तेजी से बदल रहा है, जितनी वर्षा होनी चाहिए वह तो हो रही है लेकिन जितने दिन वर्षा होनी चाहिए, वह नहीं हो रही है। वर्षा के दिन काफी घट गये हैं, जिससे बारिश का पानी बेकार हो जाता है। ऐसे में खेती पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ऐसे में मौसम सेवाओं की जानकारी रखने से कृषि में जोखिम को कम किया जा सकता है।

इसके पूर्व सेमिनार का उद्घाटन जिला कृषि अधिकारी राजितराम, राज्य कृषि मौसम सेवा, मौसम विज्ञान केन्द्र अमौसी, आरएसएस के जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी, आरआर पीजी कालेज के भूगोल विभाग के पूर्व एचओडी डॉ. अर्जुन पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतिभागियों को कृषि मौसम सेवाओं की जानकारी दी गयी। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने किया।

कृषि विज्ञान केन्द्र हैदरगढ़ की वैज्ञानिक डॉ. रूपन रघुवंशी ने कहा कि हमारी कृषि जैविक, अजैविक, भौतिक, सामाजिक व आर्थिक कारकों पर निर्भर करती है। अजैविक कारकों में मुख्य रूप से मौसमी तत्व, मिट्टी का स्वास्थ्य, जल संसाधन, फसलों के प्रकार व विभिन्न प्रजातियां, फसलों में होने वाली बीमारियां, कीट इत्यादि का प्रकोप आते हैं। कृषि जोखिम के बचाव की जानकारी मौसम विज्ञान विभाग द्वारा समय-समय पर दी जा रही है। कृषकों को मौसम आधारित सलाह पर खेती करनी चाहिए।

जिला कृषि अधिकारी राजितराम ने बताया कि मानसून के आगमन की सूचना के आधार पर खरीफ फसल की बुवाई और रोपाई करें तथा अवशेष मृदा जल के आधार पर रबी फसलों की बुवाई। मौसम पूर्वानुमान के आधार पर नुकसानदेह कीटों एवं पौध रोगों के प्रकोपों का प्रबंधन करना चाहिए। इसके अतिरिक्त आरएसएस के जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी ने मोटे अनाज मिलेट्स के उत्पादन एवं उपयोग करने की विस्तृत जानकारी दी। साहित्यकार इकबाल राही, सहायक विकास अधिकारी हरिप्रकाश चौधरी ने भी सम्बोधित किया। प्रगतिशील किसान भीखाराम, राकेश कुमार मौर्य, दिनेश कुमार, रीना, श्रीराम, दाताराम, राकेश कुमार को सम्मानित किया गया।

# 38 लीटर शराब के साथ 4 बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थानों की पुलिस टीम ने 38 लीटर शराब के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। उसके बाद थाने लाकर आबकारी अधिनियम के तहत कारवाई की। देवा थाने की पुलिस टीम ने 10 लीटर शराब के साथ बेड़ी ज्वार मजरे पवैय्याबाद निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार किया। मसौली पुलिस ने सतिन्नपुरवा मजरे मसूदामऊ निवासी कल्लू वर्मा को 10 लीटर शराब के साथ पकड़ा। कुर्सी थाने की पुलिस ने बेहड़पुरवा निवासी सविता को नौ लीटर और सुबेहा पुलिस ने कस्बे की कलावती को नौ लीटर शराब के साथ पकड़ा।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

खेती-किसानी

टमाटर के साथ आलू, खरबूजा व तरबूज की फसल की करते हैं पैदावार

# टमाटर की खेती से समृद्ध हो रहा सलीम का जीवन

काशीनाथ दीक्षित, दरियाबाद, बाराबंकी



अपने खेत में टमाटर के पौधे दिखाता सलीम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** दरियाबाद विकास खंड के मथुरानगर निवासी किसान सलीम परम्परागत खेती से अलग हटकर फल और सब्जियां उगाकर अपना जीवन समृद्ध कर रहे हैं। पारंपरिक तौर पर किसान अक्तूबर और नवंबर में खेतों में टमाटर के पौधे लगाते हैं तथा जनवरी और फरवरी में उत्पादन लेते हैं। वहीं मार्च में पुनः उसी खेत का उपयोग टमाटर उगाने के लिए सलीम करते हैं।

किसान सलीम के खेत में अभी नामधारी 585 किस्म का टमाटर तैयार हो रहा है। सलीम अब टमाटर की दूसरी फसल उगाने की तैयारी में लगे हैं। दूसरी फसल के लिए टमाटर की नर्सरी भी तैयार कर ली है। पुराने टमाटर की फसल अंतिम दौर में है। इसके बाद पुनः उसी खेत में टमाटर की आयुष्मान किस्म लगाई जाएगी। जो मई और जून में तैयार होगी। सलीम ने बताया कि एक एकड़ में टमाटर तैयार करने में चालीस हजार का खर्च आया है। वहीं दो लाख का टमाटर अयोध्या और रुदौली मंडी में बेच चुके हैं। 25 किलो की एक कैरेट टमाटर का 550 रुपये में मंडी में बिकता है। वहीं मजदूर टमाटर तोड़ने का काम करते हैं जिससे उनकी भी रोजी-रोटी चलती है। सलीम बताते हैं कि प्रति पेड़ में 15 से 20 किलो टमाटर का उत्पादन होता है।

सामान्य तापमान पर 15 दिन तक टिकने वाला यह टमाटर आसानी से मंडियों में बिक रहा है। सलीम ने आलू की खोदाई कर उस खेत में खरबूजा की बॉबी किस्म की बुवाई की है। वहीं तरबूज की किस्मों में सरस्वती, चिराग, जन्नत, विशाला की नर्सरी भी तैयार की है। विशाला फल ऊपर से पीला और अंदर लाल होता है। अन्य किस्म के फल गाढ़े हरे होते हैं। खेतों को तैयार कर प्लॉस्टिक के गिलासों में उगाई गई तरबूज की नर्सरी को खेतों में शिफ्ट किया जाएगा।

# भागवत कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर

कार्यक्रम

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** नगर पंचायत रामनगर के मोहल्ला रानी वार्ड तीन स्थित अटौटा में चल रहे गायत्री महायज्ञ एवं भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य ऋषि देव शास्त्री ने श्री राम कथा में परशुराम लक्ष्मण संवाद, राम विवाह के साथ-साथ राम कलेवा का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को राम के पद चिन्हों पर चलने की बात बताई। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर दिखे।

श्रीराम कथा में रामकिशोर शुक्ला ने वेदव्यास व भगवान श्रीराम की आरती उतारी तथा आचार्य ऋषिदेव शास्त्री को माला पहनाकर स्वागत भी किया। कार्यक्रम आयोजक रामावती वर्मा एवं संचालक बबलू वर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रशांत बाल विद्या मंदिर के प्रबंधक हरिशंकर शुक्ला, विहिप के विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश, विभाग मंत्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जिला मंत्री राहुल कुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष राहुल मौर्य, व्यवसायी रामगोपाल पांडेय, मनीष, रामगोपाल, आकाश सहित भारी संख्या में श्री राम कथा के प्रेमी मौजूद रहे। रविवार को सुबह हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ तथा शाम को श्री राम कथा हुई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

NOTICE
I informed that I am Shaad Ahsan, resident- Azad Nagar Near Airport Chauraha Post Manas Nagar Kanpur Road Lucknow, my name Shad Ahsan, my father's name Shamsool Afreen and mother's name Nikhat Afreen have been wrongly written in the school records. Whereas my correct name is Shaad Ashan, father's name is Shamshoul Arfin and mother's correct name is Nikhat Afrin. Therefore, all correct names should be recorded in my school records.

सूचना
सूचित हो कि मैं निधि श्रीवास्तव पत्नी राम गोपाल श्रीवास्तव, निवासी- मुनेश्वर पुरम्, नव ज्योति इण्टर कालेज आलमनगर, जिला-लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226017, मेरे पुत्र आयुष का रवैया, व्यवहार व चाल- चलन परिवार के प्रति सही नही है, वह आये दिन लड़ाई-झगड़ा व मनमानी करता रहता है। उसके इस व्यवहार से तंग आकर अपने पुत्र आयुष को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। आज से मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने किये गये कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम NASIR ALI था अब मैने बदलकर अपना नाम NASIR ALI KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: AYOOB ALI R/O: FLAT NO-203, GREEN WOOD APARTMENT, B-21,NEAR HYDEL COLONY SECTOR-E ALIGANJ, LUCKNOW

NIMISHA
NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



# ढाबे पर खड़ी बस से 20 लाख के जेवर व 10 लाख की नकदी चोरी

## दिल्ली से गोरखपुर जा रही थी बस, रामसनेहीघाट के एक ढाबे पर हुई घटना

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार:** स्थानीय ढाबे पर रुकी बस के दो यात्रियों के बैग की चेन खोलकर चोरों ने एक बैग से 20 लाख के जेवर तथा दूसरे से 10 लाख रुपए की नकदी पार कर दी। बस दिल्ली से 33 यात्रियों को लेकर गोरखपुर जा रही थी। पुलिस आधा दर्जन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

गोला बस सर्विस की डबल डेकर बस दिल्ली से गोरखपुर जा रही थी। स्थानीय कोतवाली के कोटवासडक के सालासर ढाबे पर सुबह लगभग साढ़े छह बजे बस रुकी। जब चाय पीकर यात्री बस पर सवार हुए तो दो लोगो की बर्थ के ऊपर रखे बैगों की चेन खुली थी और जेवर व नकदी गायब थी। पीड़ित यात्रियों ने शोर मचाया। 20 लाख के जेवर की खरीदारी कर वापस लौट रहे सर्राफा व्यवसायी आशीष कुमार वर्मा निवासी मोहल्ला हाल्सीगंज, हिन्दी बाजार घण्टाघर, राजघाट गोरखपुर एवं नौकरी कर 10 लाख रुपये नकद लेकर वापस लौट रहे अरविन्द श्रीवास्तव निवासी पण्डितपुर थाना मोहाना सिद्धार्थनगर बस से नीचे उतरे थे एवं पुनः 10 मिनट बाद बस में वापस आने पर दोनों के बैगों की चेन खुली मिली एवं उसमें रखे जेवर व नकदी गायब थी। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसपी दिनेश सिंह ने सीओ को जांच का आदेश दिया। आशीष वर्मा की गोरखपुर में ज्वैलर्स की दुकान है। वह दिल्ली से जेवर खरीदकर लौट रहा था। वहीं दिल्ली में एक मार्केटिंग कंपनी में करने वाले अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को बैंक से 10 लाख रुपए निकालकर घर जा था। छोटे भाई की 19 फरवरी को इंगेजमेंट व 4 मार्च को शादी है। कपड़े-नकदी दोनों चोरी हो गये। अरविंद ने बताया कि जब बस रुकी थी तब तक ढाबे पर लगे सीसीटीवी काम कर रहे थे, बाद में बंद हो गये।

एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर जांच की। चार टीमें गठित की गयी हैं। बस में लगा सीसीटीवी खराब मिला। ढाबे में लगा सीसीटीवी भी खराब मिला। इस पहलू की भी जांच की जा रही है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही घटना खुलासा कर दिया जाएगा।




ढाबे पर घटना की जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक और एक यात्री के बैग की तलाशी लेते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

## एक नजर

### चोरी की साजिश रच रहे दो शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** चोरी की सजिश रच रहे दो शातिर बदमाशों को जैदपुर पुलिस ने चंदौली नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से दो चाकू बरामद किये। उसके बाद हरख के निवासी सनी वर्मा व नवाबपुर निवासी अजय उर्फ अज्जू को थाने लाकर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। सनी वर्मा उर्फ लवकुश वर्मा पर पांच तथा अजय उर्फ अज्जू पर तीन मुकदमें पहले से दर्ज है।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी दबोचा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर पुलिस की टीम ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामले में फरार वांछित आरोपी माजिद पुत्र मो .इशहाक निवासी सत्तिनपुरवा मजरे जुरौन्डा को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### चाकू के साथ दो बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस की टीम ने चाकू के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उसके बाद पकड़े गए दशहराबाग निवासी धर्मेन्द्र सिंह रावत और पीर बतावन निवासी शादाब को कोतवाली लाकर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

# चोरी की 16 बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- गोंडा के रहने वाले हैं बाइक चोरी करने वाले दोनों आरोपी
- भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में रेकी कर मास्टर चाबी से खोलते थे लॉक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



चोरों से बरामद मोटरसाइकिलें। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीड़-भाड़ वाले इलाके में रेकी कर मास्टर चाबी से लॉक खोल कर बाइक चोरी करने वाले अंतरजनपदीय दो शातिर ऑटोलिफ्टरों को नगर कोतवाली पुलिस की ने गिरफ्तार कर चोरी की दो बाइक बरामद की। आरोपियों की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से पुलिस ने चोरी की 14 बाइकें बरामद कीं। वहीं तीन माह पहले नगर कोतवाली के जिला अस्पताल से बाइक चोरी की घटना का भी खुलासा किया।

यह जानकारी रविवार को पुलिस लाइन में एएसपी उत्तरी चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने में दी। एएसपी ने बताया कि नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी की टीम ने रविवार को गोंडा जिले के दो अंतरजनपदीय अटॉलिफ्टर को कुरौली चौराहा से गिरफ्तार किया। इसमें गोंडा जिले के कर्नलगंज थाना क्षेत्र के बक्शी का पुरवा मजरे भौंका निवासी इरशाद अली तथा एजाज अहमद को कोतवाली लाकर पूछताछ की गई तो उनकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से चोरी की गईं 14 बाइक बरामद की गईं।

वहीं बीते नवम्बर माह में जिला अस्पताल से बाइक चोरी की घटना का खुलासा किया। एएसपी ने कहा कि पूछताछ से प्रकाश में आया कि पकड़े गए आरोपी बाराबंकी, लखनऊ, अयोध्या एवं आसपास के जिलों में भीड़-भाड़ वाले स्थानों की रेकी कर बाइक का लॉक मास्टर चाबी से खोलकर गाड़ियों की चोरी करते थे। इसके बाद चोरी की बाइक को सस्ते दामों पर फेरी करने वाले कबाड़ियों व अनजान लोगों को बेच देते थे। इनके द्वारा बाइक की वास्तविक नम्बर प्लेट के स्थान पर कूटरचित नम्बर प्लेट का प्रयोग किया जाता था। उन्होंने बताया कि आरोपियों के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है। इन पर नगर कोतवाली में बरामदगी, जालसाजी, धोखाधड़ी आदि धाराओं में केस दर्ज किया गया। इस मौके पर सीओ सिटी डॉ. वीनू सिंह भी मौजूद रहीं।

# रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुआ किशोर

सतरिख, बाराबंकी

**रहस्य गहराया**

- सतरिख थाना क्षेत्र के नानमऊ गांव का मामला
- तलाश के बाद भी पता न लगने पर परिजनों ने पुलिस को दी सूचना

**अमृत विचार:** रहस्यमय परिस्थितियों में एक किशोर लापता हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। सतरिख थाना क्षेत्र के नानमऊ गांव निवासी तुलसीराम गौतम का पुत्र गोपाल गौतम (14) बीते शनिवार की देर शाम लापता हो गया। घर वालों द्वारा उसकी काफ़ी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।
पुलिस ने गांव पहुंचकर मामले की जांच की। इस संबंध में एसओ सतरिख अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि शनिवार को घर से लापता किशोर कपड़े और अपने दादा से तीन हजार रुपए लिये थे। इसके बाद वह कहीं चला गया है। पुलिस टीम के साथ रात में गांव पहुंचकर इस मामले की जांच-पड़ताल की गयी। उधर, किशोर के अचानक लापता हो जाने से परिजन परेशान हैं।

# केजीएमयू से जिले का मरीज लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले का निवासी एक मरीज संदीप परिस्थितियों में लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज से लापता हो गया है। इस मरीज को इलाज के लिए भर्ती कराया गया था।



नगरकोट वाली क्षेत्र के जलालपुर निवासी अनिल कुमार रावत ने मेडिकल कॉलेज चौकी पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उन्होंने अपने पिता रामकिशोर रावत को 7 फरवरी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। रविवार की सुबह वह टहलने के लिए निकले। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चला।

# फायर ब्रिगेड वाहन ने बालक को रौंदा, मौत

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गांव से जा रही बरात में जनवासा देखने जा रहे बालक को तेज रफ्तार अनियंत्रित फायर ब्रिगेड वाहन ने ठोकर मार दी। हादसे में गम्भीर रूप से घायल बालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



फाइल फोटो।

शनिवार को थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम डूडी में एक बरात का जनवासा देखने गए 11 वर्षीय अनित कुमार पुत्र अवधेश वर्मा को सिरौली-उधौली मार्ग पर उधौली की तरफ से आ रही सिरौलीगौसपुर फायर स्टेशन की गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल उसे बाराबंकी हिन्द अस्पताल ले गए। जहां बालक की गम्भीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर चौराहा स्थित पहाड़पुरघाट मोड़ के पास बाइक सवार तीन लोगों को तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी कोठी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। ट्रक को कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज किया है। रायबरेली के बडई गांव के मूल निवासी गोपाल सिंह (23) पुत्र शत्रोहन उर्फ कल्लू सिंह अपने मामा कोठी थाना क्षेत्र के पूरे गौतमन मजरे सेमरी गांव निवासी जगत बहादुर के यहां रहता है। शाम को ममेरी बहन दीपिका के जन्मदिन पर सादुल्लापुर गांव निवासी उसकी सहेली रिया व रिचा घर आई थी। जिन्हें वह बाइक से उनके घर छोड़ने जा रहा था। तभी हैदरगढ़-बाराबंकी मार्ग स्थित पहाड़पुरघाट मोड़ के पास तेज डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। युवक को गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लिया। वही ट्रक व चालक को कब्जे में लेकर केस दर्ज़ किया है।

## सार-संक्षेप

### इंटर के विद्यार्थियों को दी विदाई



फेयरवेल पार्टी में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़ कस्बा के निकट फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई। इस अवसर पर भारती पांडेय ने परीक्षार्थियों को तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्रोह कुमार पांडेय ने बच्चों के सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद स्वरूप उपहार प्रदान किये। इस अवसर पर मुकेश कुमार पांडेय, विजय कुमार लोधी आदि मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ रामकथा शुरू



गायत्री परिवार द्वारा निकाली गई कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** निराश्रित धाम आश्रम सेवा ट्रस्ट बसन्तनगर रहरामऊ में शुरू हुई श्रीराम कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गई। गायत्री परिवार की टीम की सरिता मौर्या, रमाशंकर मिश्रा, सत्य प्रकाश प्रजापति, लालाजी यादव, डॉ. शिवकुमार के द्वारा विधि-विधान से मंत्रों द्वारा कलश पूजन किया गया। इसके बाद मन्दिर ट्रस्ट से कलश यात्रा निकाली गई जो गुरेला गांव के राम-जानकी मन्दिर, शिव मन्दिर, कुल देवी मंदिर होते हुए पुनः यथास्थान पहुंची। जहां ट्रस्ट पर उपस्थित लोगों ने अक्षत पुष्प से स्वागत किया। इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. सतगुरु शरण यादव, अम्बर प्रसाद, अंगद, कौशलेश, राम मनोरथ, रामकृपाल, श्री राम, रूपचन्द्र आदि मौजूद रहे।

### गरीबों के उत्थान के लिए कार्य कर रही सरकार : बृजेश



लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देते अधिशासी अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी।

**सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सिद्धेश्वर वार्ड स्थित सिद्धेश्वर मंदिर व पूरेमक्का वार्ड स्थित काली माता मंदिर परिसर में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। नगर क्षेत्र से करीब तीन दर्जन लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे गए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार गरीबों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने सरकार की पीएम स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन नगरीय, अमृत योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर चेयरमैन रमंता रावत, ईओ सिद्धौर अभिषेक त्रिपाठी, लिपिक शिरीष मिश्र व राकेश पटेल आदि थे।

# देश की आजादी में रफी अहमद ने निभायी थी अहम भूमिका

**जयंती**

मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रफी अहमद किदवई की जयंती पर रविवार को मजार एवं ट्रस्ट द्वारा संचालित विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मजार पर पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम पेश किये गये।
देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रफी अहमद किदवई जयंती पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अम्मार रिजवी, सचिव एवं वर्तमान विधायक फरीद महफूज किदवाई सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अम्मार रिजवी ने कहा कि देश की आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई वाले रफी साहब द्वारा किए गए संघर्ष को भुला पाना सम्भव नहीं है। ट्रस्ट के सचिव एवं वर्तमान विधायक फरीद महफूज किदवई ने कहा कि रफी साहब देश की आजादी के साथ सच्चाई का साथ देने वाले शख्स थे। ट्रस्ट छात्राओं के लिए कम्प्यूटर सेन्टर, सिलाई-कढ़ाई के अलावा डिग्री कालेज के लिए बिल्डिंग का निर्माण करा रहा है। वहीं रफी मेमोरियल इण्टर कॉलेज मसौली चौराहे पर रफी अहमद की प्रतिमा पर प्राचार्य विजय बहादुर एवं अन्य शिक्षकों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य सबा जहीर, बेनजीर खालिद, सऊद अहमद, सुरेन्द्र, तारिक किदवई, सबा फातिमा सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



रफी अहमद किदवई के चित्र पर माल्यार्पण करते अम्मार रिजवी व अन्य।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

# विनयांजलि सभा आयोजित, हुआ नमोकार मंत्र का जाप

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** जैन धर्म के संत आचार्य विद्यासागर ने रविवार को छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में समाधि ले ली। इससे जैन समाज में शोक की लहर दौड़ गई।
फतेहपुर जैन समाज ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक विनयांजलि सभा का आयोजन किया। रविवार शाम को फतेहपुर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मे जैन समाज द्वारा एक विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें एक घंटे का नमोकार मंत्र पाठ करते हुए लोगो ने आचार्य श्री को याद कर अपनी विनयांजलि भेंट की। आरती के बाद सभा संपन्न हुई।

**सहूलियत** — पोलिंग पार्टियां वोटरों के घर जाकर पोस्टल बैलेट से कराएंगी मतदान, 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को मिलेगा इस सुविधा का लाभ

# घर बैठे वोट डाल लोकतंत्र को मजबूती देंगे 37,342 बुजुर्ग मतदाता

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में इस बार 37 हजार 342 मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की सुविधा मिलेगी। उन्हें बूथ पर जाकर लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए पोलिंग पार्टियां इनके घर पर जाकर पोस्टल बैलेट से मतदान कराएंगी। लोकतंत्र को मजबूत करने में इन वोटरों की अहम भूमिका रहेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाई गई इस व्यवस्था के तहत 80 प्लस उम्र के मतदाताओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा।



मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 23 लाख 11 हजार 846 है। इनमें 12 लाख 30 हजार 990 पुरुप तो 10 लाख 99 हजार 850 महिलाओं के साथ 62 थर्ड जेंडर वोटर शामिल हैं।

इनमें से 80 से अधिक उम्र के कुल 37 हजार 342 मतदाता है। चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ लोकतंत्र के पर्व में सभी वोटरों की सहभागिता दर्ज कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाई गई व्यवस्था के अनुसार इन उम्रदराज मतदाताओं को घर बैठे वोट डालने की सुविधा मिलेगी। पोलिंग पार्टियों में शामिल मतदान कर्मचारी पुलिस वीडियोग्राफी की निगरानी में चिह्नित ऐसे वोटरों के घर जाकर पोस्टल बैलेट से मतदान कराएंगे। पांच सदस्यीय पोलिंग पार्टी में माइक्रो आब्जर्वर, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, सुरक्षाकर्मी और वीडियोग्राफी टीम शामिल रहेगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि आयोग द्वारा बनाई गई व्यवस्था के अनुसार 80 वर्ष से ऊपर आयु के मतदाताओं को घर बैठे वोट डालने की सुविधा दी जाएगी। उम्रवार वोटर निर्धारित कर दिये गए हैं।

### आयु वार मतदाताओं पर एक नजर

- 18 से 19 वर्ष के 27 हजार 949 मतदाता।
- 20 से 29 वर्ष के 4 लाख 76 हजार 387।
- 30 से 39 वर्ष के 6 लाख 38 हजार 925।
- 40 से 49 वर्ष के 4 लाख 33 हजार 300।
- 50 से 59 वर्ष के 3 लाख 84 हजार 314।
- 60 से 69 वर्ष के 2 लाख 28 हजार 544।
- 70 से 79 वर्ष एक लाख दो हजार 85।
- 80 से 89 वर्ष के 30 हजार 270।
- 90 से 99 वर्ष के 6 हजार 695।
- 100 से 109 वर्ष के 374।
- 120 वर्ष के वोटर तीन।

### चुनाव में युवा वोटरों की भी रहेगी अहम भूमिका

लोकसभा चुनाव में युवा वोटरों की भी भूमिका अहम रहेगी, क्योंकि 18 से 39 वर्ष के बीच युवा वोटरों की कुल संख्या 15 लाख 76 हजार 561 है। ऐसे में विभिन्न पार्टियों की नजरें इन पर रहेंगी। इन वोटरों का मत प्रतिशत प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेगा। इनमें 19056 युवा वोटर रुदौली विधानसभा क्षेत्र के तहत अयोध्या लोकसभा क्षेत्र में आते हैं।

### दिव्यांगों पर रहेगा विशेष फोकस

दिव्याग वोटरों की संख्या 20 हजार 847 है। इन दिव्यांगों को जहां बूथ पर ह्वीलचेयर देने की व्यवस्था रहेगी। वहीं बाहर रह रहे दिव्यांग वोटरों को लाने के लिए प्रयास किया जाएगा। इन विशेष वोटरों का आयोग द्वारा निर्धारित की गई सुविधाएं घर से लेकर बूथ तक मुहैया कराई जाएंगी।

# भूमि विवाद में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व पूर्व ब्लॉक प्रमुख हुए आमने-सामने

**गोली लगने से युवक घायल दोनों पक्षों से दी गई तहरीर**

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नसीराबाद थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर भाजपा के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व पूर्व ब्लॉक प्रमुख आमने सामने आ गए। दोनों पक्षों की तरफ से एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी गई है। मामले में गोली लगने से एक युवक भी घायल हुआ है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे चुनौटा मजरे महमदपुर नमकसार में प्रधान काफिरा के पुत्र मो. वाजिद व क्षेत्र पंचायत सदस्य मो. हकीम के बीच गांव में पक्के निर्माण को लेकर रविवार को विवाद हुआ।

जिसको लेकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह व पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुखवीर सिंह उर्फ मोनू आमने सामने आ गए। डीह थाने की परशदेपुर चौकी क्षेत्र के गोपालीपुर नहरिया के पास गोली चलने की सूचना पर डीह थानाध्यक्ष जेपी सिंह, नसीराबाद थानाध्यक्ष रामलखन पटेल, चौकी प्रभारी सुनील वर्मा भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे जहां पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुखवीर सिंह ने लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह द्वारा पूरे चुनौटा गांव में उन्हें गाली दी गई। जिसका वीडियो उनके पास मौजूद है।

शाम करीब 3 से 4 बजे के बीच वो गोपालीपुर नहरिया के पास अपने बड़े भाई के दरवाजे पर बैठे थे उसी समय रमाकांत तिवारी व गोलू ने पिस्टल से फायर कर दिया। ग्रामीणों के दौड़ाने पर भाग निकले। उधर विशाल सिंह के साथ कई लोग पुलिस चौकी पहुंच गए जहां पर अर्जुन निवासी शिसनी व गोलू सिंह निवासी बारा ने सुखवीर सिंह, शंकर बक्श सिंह, सुनील कुमार सिंह, निशांत सिंह व वीरेंद्र प्रताप सिंह के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि साढ़े तीन बजे वो अपनी कार से नसीराबाद से परशदेपुर की तरफ आ रहे थे।

जैसे ही गाड़ी गोपालीपुर नहर के पास पहुंची पहले से घात लगाकर गाड़ी पर हमला बोल दिया गया। जिसमें अर्जुन के हाथ में गोली लग गई। तहरीर में आरोप लगाया गया गया है कि गोली सुखवीर सिंह ने मारी है। उनकी कार का शीशा भी तोड़ दिया गया। मामले में डीह थानाध्यक्ष जेपी सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।


गोपालीपुर नहरिया के पास भारी फोर्स के साथ मौजूद पुलिस।

### दोनों पक्षों में रहती है वर्चस्व की लड़ाई

2021 में छतोह में हुए ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में विशाल सिंह समर्थित प्रत्याशी संगीता देवी व पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुखवीर सिंह उर्फ मोनू समर्थित रामकली चुनावी मैदान में थी जिसमें संगीता देवी को 07 वोटों से जीत मिली थी। तभी से दोनों पक्षों में वर्चस्व की लड़ाई रहती है।


स्कॉर्पियो का टूटा शीशा।




# इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन कोटेदारों को दी गयी

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** शासन की मंशा के अनुरूप सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दुकानदारों को नई टेक्नोलॉजी के आधार पर निर्मित इलेक्ट्रॉनिक तोल मशीन और ईपाश मशीन दी गई। रविवार को तहसील परिसर में विकासखंड डलमऊ और विकासखंड दीनशाह गौरा ब्लाक के कुल 130 कोटेदारों को प्रशिक्षण देने के साथ इलेक्ट्रानिक मशीनों का वितरण किया गया।

पूर्ति निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए नई तकनीकी से निर्मित इलेक्ट्रॉनिक तोल मशीन और ई-पास मशीन का वितरण किया गया। जिसमें विकास खंड के कुल 84 और विकासखंड दीनशाह गौरा के के कुल 47 कोटेदारों में वितरित किया। ट्रेनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह सूरज गुप्ता, अजय कुमार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कोटेदारों को मशीन के संचालन हेतु विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर रमेश चौधरी, अमित यादव, शशि भूषण, पुष्पेंद्र कुमार, मनोज मिश्रा, रामकिशोर, शेर अली व प्रदीप सिंह आदि के साथ अन्य कोटेदार मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### महाकालेश्वर मंदिर में भंडारे की तैयारियां तेज

**रायबरेली, संवाददाता।** आस्था का प्रतीक बन चुके शहर स्थित महाकालेश्वर मंदिर की स्थापना वर्षगांठ की तैयारी जोरों पर हैं। पिछले 21 वर्षों से अनवरत हो रहे इस आध्यात्मिक उत्सव में हजारों श्रद्धालु देवाधिदेव भगवान महाकाल मंदिर में दर्शन पूजन के साथ भंडारे में शामिल होते हैं। इस वर्ष भी 25 फरवरी को मंदिर की होने वाली स्थापना वर्षगांठ पर तैयारी शुरू हो गई हैं। ओम श्री महाकालेश्वर मंदिर सेवा समिति की उपाध्यक्ष एवं संस्थापक उषा सिंह ने बताया कि इन्दिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में स्थापना दिवस मनाने के लिए शुक्रवार से मंदिर में रंगाई-पुताई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है।



मंदिर में रंग रोगन का कार्य करते श्रमिक।

### ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का प्रसारण आज

**रायबरेली।** राज्य सरकार द्वारा साल 2023 में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया गया था। जिसमें 27000 से अधिक एमओयू प्राप्त हुए। जिसमें 38.78 लाख करोड़ से अधिक का निवेश तथा 1.12 करोड़ रोजगार निहित हैं। इन प्रस्तावों को धरातल पर लाने की कार्यवाही विभागों द्वारा की जा रही है। इसी के तहत सोमवार को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से प्रस्तावित है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जानकारी देते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार 19 फरवरी 2024 को जनपद मुख्यालय के सेंट पीटर्स स्कूल के पास स्थित अलंकर्ता रिजॉर्ट छजलापुर पर ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा।

### साक्षरता एवं जागरुकता शिविर सम्पन्न

**रायबरेली, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के निर्देशन में जिला कारागार में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज एवं सचिव द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज ने जेलर हिमाशुं रौतेला से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिति व रखरखाव के बाबत जानकारी ली।

### ग्रामीण पंचायत की जमीन पर हो रहे निर्माण को रुकवाया

**नसीराबाद, रायबरेली।** थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत महमदपुर नमकसार निवासी हकीम पुत्र सफी गाटा संख्या 898 मे मकान बना रहे थे। रविवार को पुलिस और राजस्व विभाग ने काम को रोक दिया है। राजस्व विभाग लेखपाल संदीप ने बताया कि उक्त गाटा संख्या ग्राम पंचायत की नवीन परती है। जिसके आंशिक भाग पर हकीम पुत्र सफी निर्माण कार्य कर मकान बना रहे हैं। शिकायत पर पूर्व में भी कई बार निर्माण कार्य करने को मना कर तीन नोटिस दी गई पर लगातार निर्माण कार्य करते रहे।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से दबकर युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बछरावां।** लालगंज मार्ग पर नंदा खेड़ा गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली से दबकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। क्षेत्र के नंदा खेड़ा गांव का रहने वाला सुनील कुमार पुत्र रामआधार गांव में ट्रैक्टर को बैक कर रहा था। इसी दौरान पीछे खड़ी ट्राली में वह दब गया और उसके कमर व पैर में गंभीर चोटे आ गई। थानाध्यक्ष वृजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। घटना की जांच की जा रही है।

### बालेश्वर मंदिर मेला परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लालगंज खण्ड का शाखा संगम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में 14 शाखाओ ने सहभाग किया। शाखा संगम का आयोजन ऐहार बालेश्वर मंदिर मेला मैदान में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला संघ चालक रामचरन, मुख्य वक्ता के रूप में डा. अशोक दुबे प्रांत प्रचार प्रमुख, जिला प्रचारक बृजेश, खंड प्रचारक ओम नारायण, लक्ष्मी शंकर, खंड कार्यवाह निर्भय सह खण्ड कार्यवाह शशिकांत, राजेश फौजी, विकल्प, विजय, नीरज, जयप्रकाश, जितेश, दिव्यांशु, गयाप्रसाद, हनुमान, रॉयल, प्रिंस, राहुल आदि रहे।

### सेवानिवृत शिक्षकों को किया गया सम्मानित


सेवानिवत्त शिक्षकों को सम्मानित करते नगर पंचायत अध्यक्ष।

**बछरावां रायबरेली।** नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में रविवार को सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी द्वारा किया गया। वही इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा ने शिक्षकों को समाज का महत्वपूर्ण अंग बताया। उन्होने कहा कि शिक्षक कभी सेवा निवृत नहीं होता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने गुरुजनों को माल्यार्पण व अंग वस्त्र प्रदान करके आशीर्वाद लिया। इस कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक विद्यालय बछरावां के प्रधानाध्यापक बुद्धि प्रकाश अवस्थी ने किया। इस मौके पर उमाशंकर अवस्थी, बालकृष्ण चौधरी, जगन्नाथ वर्मा, रामसेवक, रामखेलावन वर्मा, विद्यावती पाल, शांति देवी, चंपा देवी, सावित्री देवी, रामकिशोर वर्मा, रामखेलावन यादव, राम प्रसाद, अब्दुल मोबिन, गया प्रसाद व जगदीश प्रसाद मिश्र मौजूद रहे।

### आजमगढ़ की टीम ने शील्ड पर किया कब्जा

**रायबरेली।** विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत रोखा में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने फीता काट कर किया।प्रतियोगिता में आजमगढ़, हरियाणा, करकसा (रायबरेली) सुल्तानपुर, करना, देवगांव, अयोध्या व दिल्ली की टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मैच हरियाणा व करकसा के बीच हुआ। जिसमें करकसा टीम ने जीत हासिल की। दूसरे मैच में सुल्तानपुर ने लखनऊ को पराजित किया। उसके बाद केतनापुर ने देवगांव को पराजित किया। फाइनल मैच आजमगढ़ और करकसा के बीच खेला गया। जिसमें आजमगढ़ ने जीत हासिल कर सील्ड पर कब्जा किया विजेता टीम को 11000 व उपविजेता टीम आजमगढ़ को 9000 रुपए नगद पुरस्कार देकर पुरुस्कृत किया गया। आजमगढ़ की टीम के खिलाड़ी मौसिन ने मैन ऑफ द सीरीज जीती। कमेटी द्वारा मैन ऑफ द मैच मौसीन को एंड्रायड मोबाईल दिया गया।

# दूसरे दिन कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

डलमऊ रायबरेली

**अमृत विचार।** धार्मिक नगरी डलमऊ के गंगा तट पर स्थित संकट मोचन महेश गिरी मैथ में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को गिरवा मठ बाराबंकी के भागवत पुराण प्रवक्ता कथावाचक स्वामी कृष्णानंद भारती द्वारा भागवत कथा के क्रम में माता देवहूती तथा कर्दम ऋषि का विवाह तथा कपिल भगवान का प्राकट्य तथा देव हूति और कपिल भगवान का संवाद की कथा सुनाई गई।

भागवत कथा के क्रम में बाराबंकी से पधारे संत स्वामी कृष्णानंद भारती ने बताया कि हमारे वेदों में माता को पुत्रों द्वारा भी ज्ञान प्राप्त हुआ तथा आगे भगवान श्री कृष्ण जी का विदुर के घर जाकर छिलकों का भोग लगाना उनके दीन दुखियों के प्रति प्रेम का शाश्वत संवाद हमारे हृदय में भाव की महत्ता होती है। कार्यक्रम के मुख्य कथा श्रोता त्रियुगी नारायण त्रिपाठी तथा कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे आदर्शाचार्य महामंडलेश्वर तथा संयोजक श्री स्वामी दिव्यानंद गिरि महाराज श्री स्वामी गीतानंद स्वामी दिव्यानंद महाराज सुशील शास्त्री एवं संकट मोचन मंदिर विस्तार समिति पक्का घाट डलमऊ सदस्यों के साथ सैकड़ो की संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

## एक नजर

### आग से तीन घरों की गृहस्थी स्वाहा

**डलमऊ, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे लोधन मजरे तेरुखा गांव में शनिवार की देर रात अज्ञात कारणों से घर के बगल में रखे छप्पर में आग लग गई और देखते ही देखते आग की भीषण लपटो उठने लगी। आग लगने से देशराज पुत्र भगवती, शिव शंकर पुत्र भगवती व श्यामलाल पुत्र लल्लू के घर लगी आग से हजारों रुपए कीमत का सामान जलकर राख हो गया। जब तक घर वाले कुछ समझ पाते तब तक सामान जलकर राख हो चुका था गांव के लोगों ने आग पर काबू पा लिया है। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा जांच कर रिपोर्ट राजस्व विभाग को भेजी गई।

### अशोक स्तंभ का हुआ उद्घाटन

**राही, रायबरेली।** लोकसभा के चुनाव नजदीक आते ही सभी पार्टियों के नेता विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं। इसी कड़ी में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने राही ब्लाक के सकरा मजरे रतंसीपुर गांव पहुंच कर अशोक स्तंभ का उद्घाटन किया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व को मेरी जरूरत होगी तो वह निश्चित रूप से राहुल गांधी की न्याय यात्रा में कहीं न कहीं शामिल होंगे। इस मौके पर राजेश, शिवगोविंद, रज्जे मौर्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### मंडी समिति से बाइक हुई चोरी

**लालगंज रायबरेली।** कृषि उत्पादन मंडी समिति सब्जी खरीदने गए एक युवक की बाइक चोरी चली गई है। पहाड़पुर थाना हुसैनगंज जिला फतेहपुर निवासी अनूप सिंह पुत्र कल्लू प्रसाद लालगंज मंडी समिति सब्जी खरीदने आए थे। मंडी समिति के अंदर बाइक खड़ी कर सब्जी खरीद रहे थे ।सब्जी खरीदने के बाद लौट कर आए तो बाइक मौके से नदारद थी। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस 20 फरवरी को

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 17 व 18 फरवरी 2024 को उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित होने के कारण सम्पूर्ण समाधान दिवस 20 फरवरी 2024 दिन मंगलवार को सम्पन्न किया जायेगा।

### कवि सम्मेलन एवं मुशायरा 21 फरवरी को

**डलमऊ, रायबरेली।** अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा तथा पुस्तक लोकार्पण का आयोजन 21 फरवरी को मुराई बाग कस्बा स्थित ब्लॉक परिसर में आयोजित होगा। आयोजित कवि सम्मेलन में देश एवं प्रदेश के जाने-माने कवियों द्वारा साहित्य की विधा का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक मनोज कुमार मंजुल ने बताया कि कार्यक्रम में वीर रस, हास्य रस एवं अन्य विधाओं में महारत हासिल करने वाले कवियों द्वारा काव्य रस की धारा बिखरी जाएगी। मनोज कुमार मंजुल ने बताया कि कार्यक्रम में उनके द्वारा लिखी पुस्तक 'मत हर मुसाफिर जीवन से' पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा।

**परीक्षा को लेकर रहे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, चौराहों पर रहा जाम**

# परीक्षा में 3361 अभ्यर्थी अनुपस्थित डीएम ओर एसपी ने किया निरीक्षण

रायबरेली, संवाददाता

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा के दूसरे दिन भी परीक्षा केन्द्रो पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। जिले में 33 परीक्षा केन्द्रो पर पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा कराई गई। दूसरे दिन भी परीक्षा के लिए सुबह से ही परीक्षा सेंटरो पर अभ्यर्थियों की भीड़ रही।

भीड़ की वजह से जहां शहर में जाम जैसी हालत बनी रही वही रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन पर भी भीड़ रही। परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरीके से सतर्कता बरत रहा है। प्रवेश के लिए परीक्षा केन्द्रो के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी लाइन लगी रही। परीक्षा में किसी भी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न हो इसको लेकर खाकी चप्पा चप्पा पर नजर बनाए हुए हैं।

बड़ी संख्या में सिविल ड्रेस में भी पुलिस कर्मी हर गतिविधि को देख रहे हैं। जिला अधिकारी हर्षिता माथुर व एसपी ने सकल नारायण पब्लिक स्कूल व देदौर के दुर्गा पब्लिक स्कूल में हो रही परीक्षाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने सीसीटीवी कैमरा, जैमर आदि देखे। परीक्षा केन्द्रो के बाहर पुलिस किसी को फटकने नही दिया।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती डीएम एसपी।


शहर के मुख्य मार्ग में लगा जाम। अमृत विचार

### 3361 अभ्यार्थियों ने छोडी परीक्षा

**रायबरेली।** पुलिस सेवा में जाने के लिए अभ्यर्थियों में जुनून रहा। दो दिनों से हो रही पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों पर जहां भारी भीड़ दिखी वही कई ने परीक्षा से दूरी बना ली। जिले में 61632 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 3361 ने परीक्षा छोड़ दी है। शनिवार को प्रथम पाली में 623, द्वितीय पाली में 643 व रविवार को प्रथम पाली में 858 व सबसे ज्यादा द्वितीय पाली में हुई परीक्षा में परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। द्वितीय पाली में 1237 ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

### जाम से कराहता रहा शहर

**रायबरेली।** पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा को लेकर प्रशासन नही यातायात व्यवस्था को भी बेहतर बनाए रखने का प्रयास किया। शहर में अचानक लोगों की आमद जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। परीक्षा केंद्रों के बाहर जहां बच्चों के अभिभावकों की भीड़ रही वही शहर के अन्य रास्तो पर भी भीड़ नजर आई। सुबह से ही शहर का ट्रैफिक रेंगता रहा। जिसके कारण लोगों क कठिनाइयों से जूझना पड़ा। शहर के कई चौराहों पर जाम की स्थिति रही, लेकिन यातायात पुलिस कर्मियों ने कड़ी मेहनत के बाद जाम को खुलवाने में सफल हो पाए। जाम इतना भयंकर था कि चंद मिनट का रास्ता भी लोगों को घंटो में तय करना पड़ा। शाम को सम्पन्न हुई परीक्षा के बाद रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन व प्रमुख मार्गो पर एकबारगी भीड़ जुट गई।


जांच कराता अभ्यर्थी।

# सीए एसोसिएशन ने बिरला को 6 विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में सीए एसोसिएशन एवं बिरला टीम के बीच 16-16 ओवर का क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें सीए एसोसिएशन की टीम ने बिरला की टीम को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी। बिरला की टीम ने पहले खेलते हुए 137 रन बनाए।

जवाब में उतरी सीए एसोसिएशन के अखंड ने बिरला टीम के 4 बल्लेबाजो को आउट किया। दूसरी पारी में सीए एसोसिएशन की ओर से उतरे धाकड़ बल्लेबाज अवनिन्द्र सिंह ने 87 रन बनाए। जिसके कारण सीए एसोसिएशन ने मैच को 15 वे ओवर में ही जीत लिया। अवनीन्द्र सिंह को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।


जीत के बाद खुशी मनाते खिलाडी। अमृत विचार

# जन औषधि दवाओं पर लोगों का रुझान, चिकित्सकों को भरोसा नहीं

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जन औषधि दवाओं पर मरीजों का विश्वास बढ़ा है। महंगे दामों पर मिलने वाली दवाओं की अपेक्षा जन औषधि केंद्र पर सस्ती दर पर दवाए उपलब्ध रहती है। मरीजों को इन दवाओं से फायदा भी मिल रहा है बावजूद चिकित्सकों को इन पर विश्वास नही जम पाया है। जिला अस्पताल में रोजाना एक हजार के करीब मरीज उपचार के लिए आते है।

ऐसे में कई लोगो को बीमारी के हिसाब से बाहर की दवाए चिकित्सकों द्वारा लिखी जाती है। लेकिन दवाओं को बाहर से खरीद कर लाने का दबाव रहता है। जबकि वही दवाए जिला अस्पताल स्थित जन औषधि केंद्र पर उपलब्ध रहती है। लेकिन उसकी सलाह नही दी जाती है। सूत्रों की माने तो चिकित्सकों के कक्ष तक मेडिकल स्टोर के लडके लगे रहते है। और अपनी अपनी दवाओं को लिखवाने के लिए जुगाड़ में लगे रहते है। जिला अस्पताल में स्थित जन औषधि केंद्र पर सभी बीमारियों से संबंधित लगभग एक हजार प्रकार की दवाए उपलब्ध है। लेकिन यहां के चिकितस्क वहां की दवाए नही लिखतें है। जबकि सरकार ने गरीबों को यह सौगात दी थी कि उन्हें सस्ते दर पर दवाए मिल सके।




### तहसील सदर के 6 गांव एवं सलोन के एक गांव को चकबन्दी प्रक्रिया से किया गया पृथक

**रायबरेली।** बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी रायबरेली सुनील नौटियाल ने बताया है कि चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद रायबरेली की तहसील सदर के ग्राम किलौली, ग्राम मझिगवां राव, ग्राम अजमतउल्लागंज, ग्राम खुचमा, ग्राम कठवारा एवं ग्राम शोरा को उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-6(1) के अन्तर्गत चकबन्दी प्रक्रिया से पृथक कर दिया गया है। इसी प्रकार तहसील सलोन के ग्राम निगोही को भी उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-6(1) के अन्तर्गत चकबन्दी प्रक्रिया से पृथक कर दिया गया है।

# एक ही रात दो घरों को चोरों ने बनाया निशाना

खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार।** खीरों क्षेत्र के गांव मेडौली में बेखौफ चोरों ने तीन दिन पूर्व दो घरों और एक आटा चक्की को अपना निशाना बनाया। दोनों घरों और आटा चक्की से अज्ञात चोरों ने नकदी, सोने चांदी के आभूषण, अनाज सहित लाखों का माल पार कर दिया। पीड़ितों ने घटना की लिखित सूचना स्थानीय थाने में दी थी। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नही हुई। उल्लेखनीय है कि खीरों-मेडौली-अकोहरिया मार्ग पर मेडौली गांव में सड़क के किनारे कल्लू पासवान पुत्र बुद्धीलाल, राम औतार पासवान पुत्र बुधई सहित कई लोगों के मकान बने हैं। इसी सड़क के किनारे अजय कुमार ।मिश्रा पुत्र रवि शंकर मिश्रा की आटा चक्की लगी हुई है। गुरुवार की रात अज्ञात बेखौफ चोरों ने कल्लू पासवान और राम औतार पासवान के घरों के पीछे से दीवार लांघ कर घर के अन्दर कमरों में रखे बक्सों आदि का ताला तोड़कर नकदी और सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिया था। इसी दौरान चोरों ने अजय कुमार मिश्रा की आटा चक्की का ताला तोड़कर अन्दर रखा अनाज और नकदी पार कर दिया था। पीड़ितों ने इस सम्बंध में लिखित शिकायती पत्र पुलिस को दी थी लेकिन घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रात: 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सलोन से शामिल होंगे हजारों लोग

परशदेपुर, रायबरेली।



**अमृत विचार।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए सलोन विधान सभा से हजारों लोग पहुंचेंगे। कांग्रेसियों ने हजारों लोगों को जनसभा तक पहुंचाने के लिए तैयारी की है।

सोमवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा का नेतृत्व करते हुए राहुल गांधी अमेठी संसदीय क्षेत्र में प्रवेश करेंगे और छतोह ब्लॉक के गांधी नगर से थोड़ी दूर स्थित टोल प्लाजा के नजदीक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अर्जुन पासी समेत कांग्रेस के कई पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करके लोगों को जनसभा और न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। अर्जुन पासी ने बताया कि अमेठी और गांधी परिवार का पारिवारिक रिश्ता है।

इसलिए विधान सभा से करीब 7 सौ मोटरसाइकिल, 50 बस व कई चारपहिया वाहनों से लोग जनसभा में पहुचेंगे। इसके अलावां छतोह के गांवों से ई रिक्शा से भी काफी लोग जनसभा में शामिल होंगे।

# सैकड़ों वर्ष पुरानी सत्यनामी कुटी में है श्रद्धालुओं की अटूट आस्था

▸▸ सच्चे मन से कुटी में आने पर पूरी होती हैं मनोकामनाएं

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मेहरबान खेड़ा मजरे गूढ़ा स्थित सैकड़ों वर्ष पुरानी साहब ठाकुर दास जी महराज की सत्यनामी पावन तपोस्थली श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केन्द्र बनी हुई है। जहां दूर-दूर से श्रद्धालु आकर कुटी में माथा टेककर मनोकामनाएं मांगते हैं। वर्तमान गद्दीधर साहब तेज किशुनदास जी महराज को अपना अराध्य गुरु मानकर उनसे राम-राम सुनकर सत्यतमार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। जहां हर साल माघ मास की सप्तमी को जगजीवन दास साहब का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।



तेज किसुनदास | श्याम सुन्दर भारती | डॉ. बलदेव वर्मा | सुनील शुक्ला | अंकित वर्मा | रामफेर

**क्या कहते हैं श्रद्धालु**

क्षेत्रीय विधायक श्याम सुन्दर भारती का कहना है कि ठाकुरदास जी महराज की यह पावन तपोस्थली क्षेत्र की सबसे पुरानी सत्यनामी कुटी है, जहां आने से मन को सुखद आनंद की प्राप्ति होती है। गीता धर्मार्थ चिकित्सालय के संरक्षण डॉ. बलदेव वर्मा बताते हैं कि कुटी में ठाकुर दास जी महराज के साथ ही गद्दीधर रेवती दास, बच्चूदास, नन्हेदास, महावीर दास सभी बाल ब्रह्मचारी थे। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील शुक्ला बताते हैं कि कुटी के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट अस्था है, जहां सच्चे मन से आने से मन की हर मुराद पूरी हो जाती है। गूढ़ा प्रधान प्रतिनिधि अंकित वर्मा मेहरबान खेड़ा के रहने वाले रामफेर, अमर सिंह, पराग प्रसाद रावत बताते हैं कि कुटी में दूर-दूर से साधु, संत महात्मा और श्रद्धालु अक्सर आते रहते हैं।

**क्या है मान्यता**

साहब ठाकुर दास जी महराज की पावन कुटी के छठवे गद्दीधर बाल ब्रह्मचारी तेज किशुनदास जी महराज बताते हैं कि करीब 200 वर्ष पूर्व पाटमऊ जनपद बाराबंकी के रहने वाले बाल ब्रह्मचारी साहब ठाकुर दास जी महराज अपने शिष्य रेवती दास, सेवक आत्मादास के साथ गूढ़ा एक शादी समारोह में आए थे। शादी समारोह में जनातियों और बारातियों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई थी की खाना तो छोड़ दीजिए नाश्ता तक कम पड़ गया था। कन्या के पिता ने जब अपनी व्यथा जब ठाकुर दास जी महराज से बताई तो वे भण्डार गृह में गये और सभी व्यंजनों पर चादर ढकवा दी। जिसके बाद भोजन परोसने वाले चादर के नीचे से भोजन निकाल कर परोसते रहे अन्तत: सभी को भरपेट भोजन कराने के बाद भी व्यंजन वैसे के वैसे रखे रहे। अपनी आंखों से यह आश्चर्य देख एक जमीदार ने उनसे अपने घर की व्यथा बताई, जिनके आशीर्वाद से उनके सारे संकट दूर हो गए। जिसके बाद जमीदार ने प्रसन्न होकर कुटी के लिए 12 बीघे जमीन दी और कुटी बनाने का आग्रह किया।

**स्थापत्य कला का बेजोड़ नमूना है यह कुटी**

लखौरी ईंट से बनी इस गुंबदनुमा तपोस्थली को बनाने में 12 वर्ष का समय लगा था, जिसकी नीव 15 फुट गहरी बताई जा रही है। जिसके पास ही बनी 2 अन्य तपोस्थली जीर्ण शीर्ण हो चुकी हैं जिनके कायाकल्प की नितान्त आवश्यकता है।

# अन्याय के खिलाफ जनजागरण कर रहे राहुल गांधी : के एल शर्मा

▸▸ सुपर मार्केट व बछरांवा में राहुल करेंगे लोगों को सम्बोधित

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली



पत्रकारों को सम्बोधित करते सांसद प्रतिनिधि के एल शर्मा।

**अमृत विचार।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस में उत्साह है। राहुल गांधी की आर्थिक, सामाजिक व न्याय यात्रा के 20 फरवरी को जिले में प्रवेश करेगी। कांग्रेस की तरफ से यात्रा को सफल बनाने के लिए इंतजाम मुकम्मल कर लिए गए हैं। कांग्रेस के नेताओ के साथ आम लोगों में भी

राहुल गांधी को लेकर खुशी दिखाई दे रही है। रविवार को तिलक भवन कार्यालय में यात्रा की जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि राहुल गांधी की यह यात्रा सफल यात्रा है। यात्रा में जिले के सभी क्षेत्र के लोग शामिल होगें। उन्होंने बताया कि शहर की सीमा पर प्रवेश करते ही संदी नागिन पर यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इसके साथ राही, मोटल चौराहा, सिविल लाइंस, शहीद चौक, हाथी पार्क, सुपरमार्केट, रामकृपाल चौराहा, कहारों का अड्डा, रतापुर सहित त्रिपुला पर यात्रा का स्वागत होगा। वही आगे बढ़ने पर गंगागंज, हरचन्दपुर, कुंदनगंज, कन्नावा व बछरांवा विधानसभा के दाखिना पुर टोल प्लाजा पर राहुल गांधी बडी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ महामंत्री अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विधानमंडल दल की नेता मोना तिवारी भी रहेगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, पूर्व प्रत्याशी सुशील पासी, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव जिला प्रवक्ता विनय द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

**एनसीपी करेगी यात्रा का स्वागत**

रायबरेली। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रायबरेली पहुंचने पर इण्डिया गठबंधन में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी यात्रा में शामिल होगी। शरद पवार की चिट्ठी के बाद प्रदेश अध्यक्ष धनंजय शर्मा यात्रा में शामिल हो रहे हैं। वह अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शहर के शहीद चौक पहुंचने पर यात्रा में शामिल होगे।

# तारपीन का तेल भरते समय लगी आग, कई झुलसे

संवाददाता, रायबरेली



मकान में उठती आग की लपटे।

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र के तेलियाकोट मोहल्ले में देर रात एक घर में उस समय आग लग गई। जब वहां डिब्बो में तारपीन का तेल भरने का काम किया जा रहा था। आग के तांडव से झुलस कर पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर पहुंची फायर सर्विस की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सकी।

तेलिया कोट मोहल्ले के रहने वाले तालिब के घर पर देर रात आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि उसके नजदीक जाने को कोई तैयार नही था। आग के तांडव में राफे, शैफी, अली, मोहम्मद सोफियान, मोहम्मद तालिब वैस आदि झुलस गए। बताया जाता है कि घर पर तारपीन का तेल डिब्बो में भरने का काम किया जाता है, जिसकी वजह से आग लग गई। शहर में आग की सूचना मिलते ही फायर सर्विस की तीन गाड़ियों ने मौके पर जाकर किसी तरीके से आग को बुझाने में सफलता पाई। जिला अस्पताल पहुंचे घायलों में तीन की हालत गंभीर है। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया की घटना की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने 111 आरक्षी व मुख्य आरक्षियों के किए तबादले

**रायबरेली।** लोकसभा चुनाव को लेकर जहां राजनीतिक पार्टियां अपने को मजबूत कर रही हैं। वही पुलिस महकमे ने भी होमवर्क शुरू कर दिया है। जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत एवं चुस्तदुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक का अभिषेक अग्रवाल ने बड़े पैमाने पर आरक्षी तथा मुख्य आरक्षियों के तबादले किए हैं। एसपी को लगातार यह भी शिकायतते मिल रही थी कि लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे कुछ पुलिसकर्मी लापरवाही बरतते है। पुलिस अधीक्षक ने खीरों थाने से तीन, ऊंचाहार से 11, सलोन से 10, नसीराबाद से 3, डीह से चार, गदागंज से आठ, जगतपुर से चार, डलमऊ से पांच, लालगंज से 9, कोतवाली सदर से आठ, मिल एरिया से तीन, भदोखर से आठ, महराजगंज से 6, बछरांवा से पांच, हरचंदपुर से चार शिवगढ से सात, गुरुबक्स गंज से छह व सरेनी से छह पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि कानून व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए तबादला किए गए हैं।

### भक्ति मार्ग ही जीवन को सार्थक कर सकता है



सत्संग में मौजूद भक्त। अमृत विचार

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** संत निरंकारी सत्संग भवन में सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से आए संतो ने सत्संग में बढ़कर चढ़कर हिस्सा लिया। रविवार को जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा वीरेंद्र की अध्यक्षता में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में महात्मा ने कहा मानव जीवन को सार्थक करने के लिए भक्ति ही एक ऐसा मार्ग है। जो मनुष्य को जन्म मरण के बंधन से मुक्त कर देता है। भक्ति की शुरुआत तभी हमारे जीवन में होती है। जब हमारे जीवन में पूर्ण सदुगुण आ जाता है। सद्गुरु ही इस संसार के भ्रमों से दूर करने वाला है। एक दीदार करके सर्व शक्तिमान इस निर्गुण निरंकार का ज्ञान देकर ब्रह्म और माया को स्पष्ट कर दिखलाता है। संसार में रहते हुए इस प्रभु परमात्मा का जीवन में एहसास बनकर मानवता को परोपकार और सेवा भावना से होकर जीवन जीने की प्रेरणा देता है। ब्रांच प्रबंधक बसंत लाल ने सभी साध संगतो का आभार व्यक्त किया तथा सत्संग के समाप्त होने पर भंडारे का आयोजन किया गया।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायबरेली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के छोटा घोषियाना में बीती रात एक युवक विद्युत उपकरण जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छोटा घोषियाना निवासी जैनुल शनिवार रात को घर में लगे एक विद्युत उपकरण की चपेट में आ गया जिसमें वह गंभीर रूप से झुलस गया था। रात में ही उसे घर वाले जिला अस्पताल लेकर गए जहां पर चिकित्सक ने उसे अमृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### प्रवेश परीक्षा में बच्चों में रहा उत्साह

रायबरेली, अमृत विचार। न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में बच्चों के लिए प्रथम प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और प्रवेश परीक्षा में अपने बच्चों को लेकर आने वाले अभिभावकों ने मां वीणावादिनी का पूजन-पुष्पांजलि अर्पित कर आर्शीवाद प्राप्त किया। एनएसजीआई की एनएसपीएस त्रिपुला और एनएसबीवीएम दोनों शाखाओं की सम्मिलित प्रवेश परीक्षा एनएसबीवीएम में ही सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में अपने-अपने पाल्यों को प्रवेश दिलाने के लिए काफी संख्या में अभिभावक आए थे। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



# संदिग्ध हालात में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** पति द्वारा पत्नी को घर न ले जाने से आहत विवाहिता ने आत्महत्या करने के उद्देश्य से जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए जहां उसका उपचार किया गया। इस दौरान उसने एक पत्र भी वायरल हो गया।

भदोखर थाना क्षेत्र के भुएमऊ में पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने को लेकर पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला के परिजनों का आरोप है इसके पति ससुराल नही ले जाते है।

आरोप है कि आए दिन शोषण करते है तथा मारपीट करते है। गांव निवासिनी काजल ने अपने पति शिवम पर आरोप लगाया है कि उसने उससे शादी की है। लेकिन अब वह अपने घर उसे लेकर नहीं जा रहा है कई बार उसने जाने के लिए जिद की लेकिन लेकिन उसे लेकर नही गया। आहत होकर उसने रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे उपचाए लिए जिला अस्पताल लेकर गए।

# भाजपाइयों ने मांगा मोदी के लिए समर्थन

लालगंज रायबरेली।



कार्यक्रम में मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में नगर की जनता सहित भाजपाई मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाने के लिए मोदी सरकार की अभी भी केंद्र में जरूरत है।

मनोज अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव गरीब की सेवा करने का बीड़ा उठाया है जिसमें वे लगातार में सफल रहे हैं। 10 वर्षों के सेवा काल में उन्होंने जिस तरह से देश के 50 करोड़ किसानों को सम्मान निधि देने का काम किया है और 80 करोड लोगों को फ्री राशन देने का काम किया है। इस अवसर पर सरकारी अधिकारियों सहित कार्यक्रम के संयोजक राजेश निर्मल, आलोक उर्फ बबलू तिवारी सभासद, नागेंद्र सिंह, गौरव शुक्ला, राघवेंद्र सूर्यवंशी सहित अन्य मौजूद रहे।

# 8 दिन पूर्व गायब युवक का नहीं लगा सुराग

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे विजयी सिंह मजरे मेरुई गांव निवासी रामनरेश यादव ने बताया कि उनका भाई गंगा प्रसाद आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज नोएडा में प्राइवेट नौकरी करता था। 10 फरवरी को नोएडा से चला था और 11 फरवरी को उसने फोन द्वारा बताया कि घर पहुंचने वाला है। लेकिन आज तक वह घर नहीं पहुंचा है। मामले में पुलिस ने जीडी में गुमशुदगी दर्ज किया है। लेकिन अभी तक युवक का कही पता नहीं चल सका है। युवक के न मिलने से घर वाले किसी अनहोनी की घटना से आशंकित है और पुलिस से युवक के शीघ्र पता लगाने की गुहार लगाई है।

# पीएम श्री विद्यालय के शिक्षक और छात्रा के संबंधों का अश्लील आडियो वायरल

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** पीएम श्री जूनियर स्कूल के एक शिक्षक की अपने विद्यालय की पूर्व छात्रा के साथ घिनौने रिश्ते का मामला सामने आया है। जिससे गुरु और विद्यार्थी के पवित्र रिश्तों की मर्यादा तार तार हो गई है।

मामला रोहनिया विकास खंड के एक पीएम श्री जूनियर स्कूल का है। स्कूल के एक शिक्षक और इसी विद्यालय में पढ़ने वाली पूर्व छात्रा के बीच अवैध संबंधों ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। बताया जाता है कि छात्रा ने इसी विद्यालय से कक्षा आठ पास किया था। स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते समय उसके संबंध अध्यापक से हुए थे, जो अभी तक जारी है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब छात्रा और अध्यापक के बीच मोबाइल फोन पर हुई अश्लील वार्ता का आडियो वायरल हो गया। आडियो जब छात्रा के अभिभावकों तक पहुंचा तो सभी सन्न रह गए। उसके बाद यह आडियो कई लोगों तक पहुंच गया। आडियो वायरल होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया।

**मध्यस्थ कर रहे सौदेबाजी**

छात्रा और शिक्षक के बीच अवैध रिश्ते का आडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र के कुछ मध्यस्थ सौदेबाजी में जुट गए है। बताया जाता है कि छात्रा के परिजनों को बुलाकर शिक्षक के बीच लेनदेन चल रहा है। रविवार को छात्रा के घर में ताला बंद था। पूरा परिवार गायब है।

**शिक्षा विभाग के अधिकारी भी अंजान**

रोहनिया ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी डा सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि वह दो दिनों से पुलिस भर्ती परीक्षा में ड्यूटी कर रहे हैं। उनके संज्ञान में यह प्रकरण अभी तक नहीं आया है। ड्यूटी की व्यस्तता और ड्यूटी स्थल पर जैमर लगा होने के कारण वह इंटरनेट संपर्क से दूर रहे है। प्रकरण पता करके इसमें प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## युवक पर नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप, केस दर्ज

**सलोन, रायबरेली।** मजदूरी से घर लौटे पिता को बेटी के गायब होने की सूचना मिली तो हड़कंप मच गया। खोजबीन के दौरान एक युवक द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। सलोन कस्बे के चरमनिया मुहम्मद मुस्लिम ने बताया की 16 फरवरी को जब मजदूरी करके घर लौटा तो परिजनों ने बताया की सुबह से बेटी मुस्तकिमा बानो15घर से लापता है। इस दौरान उसे काफी खोजा गया लेकिन की सुराग नहीं लगा। लडकी के पिता ने बताया की मिया साहब का फाटक निवासी युवक सरवर पुत्र अनवर उसकी लडकी को बहला फुसला कर भगा ले गया है। इस संबंध में कोटवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया की घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर गई थी। लडकी के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# विपक्षियों पर दीवार गिराने का लगाया आरोप

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** भूमिधारी जमीन पर दीवार खड़ी करने को लेकर विपक्षियो ने पीड़ित के घर पर धावा बोल दिया। वही निर्माणाधीन दीवार को जबरन गिराकर महिला और उसके लडकों को जान से मारने की धमकी दी गई है। आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

क्षेत्र के रतासो गांव निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की अपनी भूमिधारी जमीन पर दीवाल खड़ी कराई थी। बीती दिनों देर शाम उसकी पत्नी और बच्चे घर पर अकेले थे। इसी बीच लाठी डंडों से लैस विपक्षी औसान, देशराज, अजय कुमार, रामकुमार, अनिल कुमार, और संगीता पहुंच गईं। इस बीच दबंगो ने निर्माणाधीन दीवाल को जबरन गिरा दिया। और पत्नी बच्चो को मारने के लिए दौड़े थे। पीड़ित के मुताबिक हमलावरों के मंसूबों को जानकर उसकी पत्नी बच्चो को लेकर घर के कमरे में चली गई। प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया की घटना की तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी वीडियो के जरिए मामले की जांच चल रही है। जल्द ही सभी अभियुक्तों पर कार्यवाही की जाएगी।

**अनदेखी** अमृत योजना से सीवर खोदाई के दौरान सड़कों की बिगड़ी दशा, पैदल चलना दुश्वार

# उफ ! थोड़ा सा चूके नहीं और कीचड़ में हो जाएंगे सराबोर

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अमृत योजना का उद्देश्य भले ही शहरवासियों को सुविधा दिलाने की हो, लेकिन जिम्मेदारों की लचर कार्यशैली का खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है। हाल यह है कि बारिश होने का बाद चलना मुश्किल हो जाता है। बीते दिनों हुई बारिश के कई दिन लोग बच-बचाकर किसी तरह आ-जा रहे थे। कई बार लोग गिरकर कीचड़ से सराबोर भी हो गए। इसके बावजूद जिम्मेदारों की नींद नहीं टूट रही है।

सर्वोदय नगर में अमृत योजना के तहत सीवर लाइन का कार्य जारी पर है, मगर विभाग की लापरवाही के चलते लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। एक तो काफी दिनों से यह कार्य लंबित है और खोदाई के बाद रोड न बनने की वजह से मोहल्ला निवासी घर से बाहर गाड़ी से तो क्या पैदल भी नहीं निकल पा रहे हैं। यह स्थिति पिछले दो महीने से है। सीवर लाइन पड़ने के बाद रोड को जस का तस छोड़ दिया गया है। पिछले दिनो हुई बारिश से सर्वोदय नगर की स्थित नारकीय हो गई है। हाल यह है कि मोहल्ले में चारों तरफ सड़कों पर कीचड़ ही दिखाई पड़ रहा था। ऐसे में साइकिल, दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन से लेकर ट्रैक्टर तक नहीं चल पा रहे थे। लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि अगर सीवर लाइन का काम किया जा रहा है तो उसके बाद तुरंत रोड भी बनवा देना चाहिए।

मुहल्ले के विक्रम सिंह का कहना है कि सर्वोदय नगर में एक ही आने-जाने का एक ही मार्ग है। ऐसे में विवश होकर कीचड़युक्त सड़क से आवागमन सभी को करना पड़ रहा है। सत्येंद्र सिंह, संजू, विभूती नारायण आदि का कहना है कि मोहल्ले वासियों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कोई मार्केट नहीं होने के कारण लोगों को मजबूरी में घरों से निकलना पड़ता है। बसों के नहीं आने से बच्चे स्कूल समय से नहीं पहुंच पाते हैं। मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए एक से दो किमी तक कीचड़ के बीच से होकर जाना पड़ता है। इस बाबत एक्सईएन जल निगम देवेंद्र कुमार का कहना है कि जल्द ही सड़क का निर्माण कराया जाएगा। तत्काल कार्य कराने से सड़क धंसने की संभावना ज्यादा रहती है।



सीवर की खोदाई के बाद बारिश होने से कुछ ऐसे बदहाल हुई सड़क।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र।

# वार्षिकोत्सव एवं आशीर्वाद समारोह में बच्चों ने मंच पर बिखेरा जलवा

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** रविवार को खीरों क्षेत्र के जनता विद्यालय इंटर कालेज पाहो में वार्षिकोत्सव एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के प्रतिभागी बच्चों के साथ ही अन्य मेधावी छात्रों और खेल में प्रदेश स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य के साथ सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

# सदन में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग तो गौशाला में दुर्दशा

अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार :** संसद राज्य सभा में भाजपा के भाजपा नेता किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। प्रदेश में गौवांशों के संरक्षण संवर्धन का दावा किया जा रहा है लेकिन भरावन में संचालित गौशालाओं में मृत गायों को कुत्ते नोच रहे हैं जिसकी फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव विष्णु मिश्रा ने बीडीओ भरावन पर तानाशाही का आरोप लगाया है।

जनपद की विकास खंड भरावन में 17 गौशालाएं संचालित की जा रहीं हैं , जिनमें भूसा, चन्नी, टीन शेड, पानी की व्यवस्था को लेकर आए दिन मामले सामने आ रहे हैं । राज्य सभा में भाजपा नेता किरोड़ी लाल मीणा ने मुद्दा उठाते हुए कहा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए और गौशालाओं में सुदृढ़ व्यवस्था हो । भरावन के जिम्मेदार अफसर गौशाला को लेकर जिम्मेदार रवैया नहीं अपना रहे हैं जिसकी बानगी छतीहा रामपुर के गौशाला में देखी जा सकती है। गौशाला में मृत गौवंश को कुत्ते नोच रहे हैं, जिसकी फोटो इनरनेट मीडिया पर वायरल हो रही है । भाकियू नेता विष्णु मिश्रा ने बीडीओ पर तानाशाही रवैए का आरोप लगाते हुए कहा ब्लॉक में पर्चे चिपकाए गए हैं की कोई मोबाइल नही लाएगा। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को लेकर किए जा रहे सभी कागजों से बेमेल हैं। हकीकत इनसे परे है।

## फोटो वायरल

- भरावन की गौशालाओं में मृत गायों को नोच रहे कुत्ते, बीडीओ पर तानाशाही का आरोप

### भूसे में कमीशनबाजी की चर्चा

चर्चा है की गौशालाओं में आने वाले भूसे के बजट को निकलवाने के लिए एक अधिकारी कमरे में सचिवों को बैठकर जबरिया चेक कटवाई जा रही है, जो कि ब्लॉक में चर्चा का विषय बना हुआ हुई की कमीशन का खेल तो नहीं।

### भाकियू के साथ सपा और समाजसेवियों ने भी जताया विरोध


विष्णु मिश्रा।


अमित अवस्थी।


आलोपी त्रिवेदी।


शरीफ अली।

भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के महासचिव विष्णु मिश्रा ने कहा भरावन बीडीओ तानाशाही रवैया छोड़कर विकास कार्यों पर ध्यान दें , गाय को हम सब पूजते हैं और उन्हें कुत्ते नोचें तो यह बीडीओ की नाकामी हुई। सपा नेता जिला सचिव अमित अवस्थी ने कहा भाजपा सरकार गौरक्षा , संरक्षण का ढिंढोरा पीट रही है जबकि प्रदेश सहित भरावन की गौशालाओं में गायों को कुत्ते नोच रहें हैं , बीडीओ कागजों पर दावा कर रही हैं की व्यवस्थाएं चकाचक हैं लेकिन बीडीओ के दावे कागजों में सिकुड़ कर रह गए हैं । कहा बीडीओ ने ब्लॉक में चस्पा किया की मोबाइल कार्यालय न लाएं, जिससे गोलमाल की बू आ रही है । गौ रक्षक दल के जिलाध्यक्ष आलोपी त्रिवेदी ने कहा बीडीओ को जब सूचना दो तो वह फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देती हैं जबकि गौशालों की व्यवस्था चौपट है जिस पर ध्यान देने के बजाय धमकी का बिगुल बजा रही हैं। समाजसेवी शरीफ अली ने कहा भरावन बीडीओ डीएम साहब का भी आदेश नही मानती हैं। क्षेत्र की गौशालाओं सहित विकास कार्यों में कई झोल हैं जिन पर अफसर ध्यान नही दे रहे हैं।

# 16 करोड़ की लागत से बनेगा महोलिया बाईपास


आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल।

**हरदोई, अमृत विचार :** आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल के अथक प्रयासों से लखनऊ रोड से नानकगंज खदरा होते हुए महोलिया बाईपास तक लगभग 16 करोड़ की लागत से रोड का निर्माण कराया जाएगा। इस रोड के निर्माण से 8 इलाकों के लोग सीधे लाभान्वित होंगे। बरईया, खंजनपुरवा, ईश्वरीपुरवा, खदरा, शुगरमिल, नानकगंज, नीर और आशा गांव के लोगों को लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि रोड निर्माण के लिए धन स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। शहर वासियों ने आमजनमानस को राहत देने के लिये रोड निर्माण के लिए मंत्री नितिन अग्रवाल को धन्यवाद दिया। इस मौके पर टिंकू त्रिवेदी, नृपेंद्र त्रिपाठी, प्रियम मिश्रा, राजीव गुप्ता, बबलू गुप्ता, प्रदीप पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### पति पर पिटाई कर घर से निकालने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** कोतवाली के मोहल्ला मौलागंज में एक विकलांग महिला को उसके पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया और घर में ताला लगाकर फरार हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़िता सीमा पत्नी सलीम ने बताया कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। वह विकलांग महिला है। 17 फरवरी को पति ने अपने भाई शकीन व भाभी रोशन के साथ मिलकर मारपीट की और उसे बेटी सहित घर से निकाल दिया। पुलिस ने बताया कि प्रार्थना पत्र दिया गया है जांच की जा रही है।

### भूमाफिया पर जमीन कब्जाने का आरोप

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कासूपेट निवासी महेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि उनके घर के सामने उनकी पुश्तैनी जमीन पड़ी है जिस पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि जब खंभे लगाने का विरोध किया तो यह लोग गाली-गलौज कर धमकी देने लगे। उसके भाई ने पुलिस को फोन कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काम रुकवा दिया और दोनों पक्ष के लोगों को थाने ले आई। पीड़ित ने बताया कि उसके पास नगर पालिका से उनकी जमीन का नक्शा भी स्वीकृत है।

### लाभार्थी गोष्ठी 20 को

**हरदोई, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 20 फरवरी को नगर पालिका परिषद पिहानी में लाभार्थियों के सामाजिक मूल्यांकन के लिए सोशल ऑडिट का आयोजन किया गया है। आयोजन सरकार की संस्था क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र लखनऊ एवं राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) उत्तर प्रदेश द्वारा किया जाएगा। ये जानकारी डूडा की परियो जना अधिकारी संगीता सिंह ने दी।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

## लखनऊ में पुलिस भर्ती परीक्षा देकर बाइक से लौट रहा था युवक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के बाद लखनऊ से वापस लौट रहे बाइक सवार परीक्षार्थी की बिल्हौर-कटरा हाईवे पर हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर वालों में कोहराम मच गया।

बताया गया है कि हरपालपुर कस्बा निवासी संजय मिश्रा का 20 वर्षीय पुत्र हितेश कुमार मिश्रा शनिवार को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए लखनऊ गया हुआ था। परीक्षा निपटने के बाद हितेश बाइक से अकेले घर वापस लौट रहा था। बताते हैं कि शनिवार शाम को बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर से बिलग्राम होते हुए घर जा रहा था। तभी रास्ते में कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज के पास किसी तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसे ज़ोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। उधर जब हितेश के घर वालों को हादसे का पता हुआ, सब के सब रोते-बिलखते हुए दौड़ पड़े। हितेश अपने वो भाइयों में छोटा था, उसकी शादी हो चुकी थी। हादसे की खबर सुनते ही उसके घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। हादसे की जांच की जा रही है।




### वाहन की ठोकर से गई बाइक सवार की जान

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार :** बिलग्राम-कन्नौज बाईपास पर अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को रौंदा इलाज के दौरान मौत हुई। बाइक सवार हितेश मिश्रा पुत्र संजय कुमार निवासी कस्बा व थाना हरपालपुर हरदोई जो बाइक से अपने घर हरपालपुर जा रहा था। जैसे ही वह कन्नौज बाईपास के पास पहुंचा, तभी तेज गति से आ रहे किस वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रहागीरों की मदद से उसे सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### बेकाबू गाड़ी ने ऑटो में टक्कर मारी, ड्राइवर की मौत, कई ज़ख्मी

लखनऊ-पलिया हाईवे पर बघौली थाने के गोपीपुरवा के पास एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने सीएनजी ऑटो में ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर पलट गया और उसके ड्राइवर की मौत हो गई, साथ ही उस पर बठी सवारियां ज़ख्मी हो गई। बताया गया है कि सुरसा थाने के सिधुंआमऊ निवासी 40 वर्षीय संजय पुत्र रघुनाथ सीएनजी ऑटो चला कर अपना और अपने परिवार का पेट पाल रहा था। रविवार की शाम को वह अपने सीएनजी ऑटो से सवारियां ले कर जा रहा था, उसी बीच बघौली थाने के गोपीपुरवा के पास किसी तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे ऑटो पलट गया। संजय की मौत हो गई और कई सवारियां जख्मी हो गई।

# राष्ट्रीय संगठन मंत्री का किया स्वागत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के निकट स्थित बाबा श्री श्याम मंदिर में दर्शन करने पहुंचे श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अविनाश गुप्ता का श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट के सदस्यों व पदाधिकारियों ने माला पहना कर स्वागत किया गया।

मंदिर प्रांगण में श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट के प्रदेश महांमत्री गौरव अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, महिला प्रकोष्ठ मंजू गुप्ता, निधि देवल, सदस्य वेद प्रकाश गुप्ता राजू, विवेक अग्रवाल, पुष्कर अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अपूर्व गुप्ता ने श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट के संगठन मंत्री को पटका व माला पहनाकर स्वागत और सम्मान किया। संगठन मंत्री ने श्री श्याम ज्योति सेवा समिति परिवार को बहुत-बहुत धन्यवाद किया। श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट परिवार के साथ बैठक कर आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर जिला से श्री खाटू श्याम मंदिर सीकर राजस्थान के लिए श्याम प्रेमियों के लिए सीधी बस व ट्रेन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मांग करेंगे। श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैठक कर संगठन मंत्री ने श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट को मजबूत बनाने के लिए सभी से निवेदन किया और आश्वासन दिया कि शीघ्र ही जिला के जिला मजिस्ट्रेट को भी ज्ञापन देकर मुख्यालय से श्याम प्रेमियों के लिए सीधी बस व ट्रेन की यात्रा श्री खाटू श्याम जी राजस्थान के लिए ज्ञापन देकर मांग करेंगे। श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट के संगठन मंत्री ने श्री श्याम ज्योति सेवा समिति परिवार का आभार व्यक्त किया और बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।


राष्ट्रीय संगठन मंत्री का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# गिद्धराज से हुई प्रभु श्रीराम की भेंट

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** रविवार को नुमाइश मैदान में चल रही राम लीला में भगवान का गिद्धराज से मिलने लीला मंचित की गई। लीला के दौरान जीव और ईश्वर के भेद राम द्वारा लक्ष्मण को समझाए गए।

लीला के अनुसार अगस्त्य मुनि के दर्शन करने के बाद प्रभु श्रीराम की भेंट गिद्धराज से हुई। पंचवटी कोल भील सहित तमाम लोग भगवान के दर्शन करने आते हैं। पंचवटी में राम, लक्ष्मण व सीता जगत कल्याण के लिए चर्चा करते हैं। प्रभु राम लक्ष्मण को जीव और ईश्वर का भेद विस्तार से समझाते हैं, वहीं रात्रि में लीला पंडाल में होने वाली रासलीला में जालंधर के जन्म की कथा का मंचन किया जाता है। इसके साथ ही शालिग्राम व तुलसी के प्राकट्य लीला का भी मंचन किया जाता है। नुमाइश मैदान में बरसों से रामलीला व रासलीला का आयोजन किया जाता है। पूरे वर्ष धर्मानुरागी इस लीला का इंतजार करते रहते हैं। समय के साथ तमाम परिवर्तन हुए हैं। मोबाइल, टेलीविजन व सोशल मीडिया के इस दौर में रामलीला देखने वाले कम नहीं हैं। आज भी नुमाइश मैदान में होने वाली इन लीलाओं में दर्शक पूरे मनोयोग से प्रभु की लीलाओं का मंचन देखने के लिए पहुंचते हैं। बारात देखने के लिए लोग घंटों सड़क किनारे खड़े रहकर इंतजार करते हैं। जगह-जगह लोग बारात में भगवान की आरती उतारकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।


नुमाइश मैदान में रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# कार्यशाला में भाजपा के पदाधिकारियों को दिए मंत्र

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार :** भाजपा के जिला कार्यालय में रविवार को नगर मंडल की लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला हुई। कार्यशाला के अतिथि जिला मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक का स्वागत नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय ने किया। संचालन नगर महामंत्री सुमित त्रिपाठी ने किया। लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला के तहत नगर मंडल के सभी पदाधिकारियों को सरल एप के माध्यम से लाभार्थियों से संपर्क करने का प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी ने कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान मील का पत्थर बनने वाला है। इस अभियान के तहत हमें विपक्ष के बड़े नेताओं के बूथ पर भी जाकर लाभार्थियों से संपर्क साध कर उन्हें भाजपा के सुशासन और विकास का बीते 70 सालों के भ्रष्टाचार और परिवारवाद का अंतर बता भाजपा की नीति को बढ़ाने का काम करना है। नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय ने कहा कि देश को हाईटेक बनाने के साथ संगठन अपने कार्यकर्ताओं को भी हाईटेक बनाना चाहती है जिसकी शुरुआत लोकसभा चुनाव 2024 में हो गई है। इस दौरान जिलामंत्री नीतू चंद्रा, प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी, जिला मीडिया सह प्रभारी परेश गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका गुप्ता, महामंत्री रीना गुप्ता आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### निजी हास्पिटल मालिकों में चली लाठियां, कई के सिर फूटे


मारपीट में घायल। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार :** कछौना के दो निजी हास्पिटल के मालिकों के बीच वर्चस्व को ले कर आमने-सामने लाठियां चलीं। शनिवार की शाम को कछौना में हुए बवाल में दो भाइयों को काफी गहरी चोंटे आई है। जिनकी हालत नाज़ुक बताई जा रही है। बताया गया है कि कछौना में पंकज गुप्ता और डा .मुख्तार का अपना-अपना निजी हास्पिटल है। शनिवार को दोनों के बीच झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों निजी हास्पिटल के कर्मचारी आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर लाठियां बरसाने लगे। इस झगड़े में पंकज गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता, उसके भाई अमर और नीरज गुप्ता के अलावा दूसरे पक्ष से राजू दीक्षित, आमिर और रमेश चंद्र ज़ख्मी हुए। सभी को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से नीरज और पंकज को लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया है। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** कस्बे के दक्ष इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। रंगारंग कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कस्बे के दक्ष इंटरनेशनल स्कूल में अंग्रेजी माध्यम से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे और गणेश वंदना से की गई। विशिष्ठ अतिथि सेहरामऊ दक्षिणी के प्रभारी निरीक्षक रोहित कुमार ने कहा ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में उत्साह पैदा होता है। कार्यक्रम बच्चों द्वारा स्वागत गीत से शुरू किया गया। बच्चों ने भारत के विभिन्न राज्यों के कल्चर को झांकी के रूप में प्रस्तुत किया, साथ ही उत्तर प्रदेश, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान आदि राज्यों की शिक्षा संस्कृति भाषा और रहन सहन की प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा। नर्सरी से 10वीं तक के छात्र-छात्राओं को उनके वर्ष भर के क्रिया कलापों के आधार पर पुरस्कार वितरित किए गए। पिहानी रेंज की फारेस्ट आफिसर नीलम मौर्य और आर्यावर्त बैंक के प्रबंधक दिव्य किशोर बेहरा ने समारोह की सराहना की। इस दौरान स्कूल निदेशक प्रदीप कुमार, वायस चेयरमैन अजय कुमार, प्रधानाचार्य साधना पांडेय, उप प्रधानाचार्य विपाशा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### दुल्हन के भाई को पीटकर मोबाइल व नकदी छीनी

**हरदोई, अमृत विचार :** मौसेरी बहन की शादी में बारातियो को नाश्ता कराने आए दौरान हुई बातचीत इतनी बढ़ गई कि दुल्हन के भाई की पिटाई कर उसके पास से मोबाइल और 20 हज़ार की नगदी छीन लिए जाने की पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस सारे मामले की छानबीन कर रही है। बताया गया है कि सुरसा थाने के पनुआवर मजरा बल्लीपुर निवासी सचिन पुत्र गुड्डू ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शनिवार को उसी थाने के रुझियाई मजरा फरीदापुर में उसकी मौसेरी बहन की शादी थी। रात में वह बारातियों को नाश्ता करा रहा था, उसी बीच उसी गांव के राजीव, सुखपाल और मोनू ने नाश्ते को ले कर उसे गाली-गलौच शुरू कर दी। बात इतनी बढ़ गई कि उन तीनों लोग उसकी पिटाई करते हुए उसका मोबाइल और 20 हज़ार रुपये छीन कर फरार हो गए। उसने मामले की शिकायत थाने जाकर की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिविर में 72 मरीजों ने कराई जांच

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** श्री बाबूलाल गुप्ता स्मारक समिति के तत्वावधान में रविवार को प्रकाश चंद्र गुप्ता एडवोकेट की पुण्य स्मृति में नेत्र सुरक्षा व जांच शिविर लगाया गया। इसका उद्घाटन लायंस क्लब इंटरनेशनल के पूर्व गवर्नर हरगोविंद सेठी ने प्रकाश चंद गुप्ता एडवोकेट की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

डॉ. तिरुपति आनंद व उनकी टीम ने स्थानीय बाबूलाल बाल शिक्षा और मांटेसरी विद्यालय नघेटा रोड पर शिविर लगाए गए। विद्यालय के प्रबंधक अविनाश चंद्र गुप्ता, पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता दीवानी ने बताया कि 87 लाभार्थियों ने पूर्व में पंजीकरण कराया था जिसमें जांच के लिए 72 मरीज आए। इस दौरान लायंस क्लब के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, सचिव अनूपपुरी, पूर्व अध्यक्ष गौरव भदौरिया, धर्मेंद्र गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, विद्यालय के सह प्रबंधक व सहायक प्रबंधक अभिनव गुप्ता, तन्मय गुप्ता तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक दीक्षित तथा विद्यालय स्टाफ और करुणा शंकर द्विवेदी आदि मौजूद रहे।


शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

# प्रधानमंत्री का मंत्र आज देगा नई दिशा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## आगमन

- मुख्यमंत्री योगी रखेंगे उद्योगों के अनुरूप माहौल और भविष्य की योजनाएं



**अमृत विचार:** जीबीसी-4 के जरिए सरकार अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएगी। उपलब्धियों की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देंगे, साथ ही निवेशकों को सफलता के मंत्र भी बताएंगे। मुख्यमंत्री योगी प्रदेश में उद्योगों के अनुरूप माहौल के साथ ही भविष्य की योजनाओं को लेकर अपनी बात रखेंगे। प्रदेश में करीब 34 लाख रोजगार के अवसरों की संभावनाओं के द्वारा भी खुल जाएंगे।

कार्यक्रम को लेकर सरकार की ओर दी गई जानकारी के मुताबिक औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी पीएम मोदी का स्वागत करेंगे, जबकि हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी प्रदेश में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों के विषय में अपने विचार रखेंगे। रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह भी यहां अपने विचार रखेंगे, जिसके बाद पीएम मोदी परियोजनाओं को डिजिटल ग्राउंड ब्रेकिंग के माध्यम से शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर पीएम को प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

## अनदेखी

रेलवे स्टेशन परिसर की अधिक सड़कें हैं खस्ताहाल, मंडल रेल प्रबंधक को निरीक्षण में भी नहीं दिखी खामियां

# रेलवे के अफसरों को नहीं दिखती सड़कों की बदहाली

हरदोई कार्यालय

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के परिसर में बनी सड़कें ज्यादातर अपनी बदहाली के आंसू बहा रही हैं। हालांकि, वह बात अलग है कि जिम्मेदारों को यह समस्या नजर नहीं आती या ये कहें कि रेल के अधिकारियों को यह कोई समस्या नहीं लगती है।

गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह हरदोई निरीक्षण के लिए आए थे लेकिन मंडल रेल प्रबंधक को स्टेशन परिसर की सड़कों की बदहाली नजर नहीं आई। मंडल रेल प्रबंधन का लगभग एक माह में यह दूसरा निरीक्षण था, लेकिन मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह की नजर इस समस्या पर नहीं गई। रेल यात्रियों को इस मार्ग से होते हुए गुजरना पड़ता है। रात में नई बिल्डिंग से पुरानी बिल्डिंग जाने वाले मार्ग पर प्रकाश की व्यवस्था भी नहीं है। ऐसे में रेल यात्रियों का खराब सड़क होने से संतुलन बिगड़ जाता है, वहीं वाहनों को भी गड्ढे होने से काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। गुरुवार को हरदोई पहुंचे मंडल एवं प्रबंधक स्टेशन परिसर के बाहर निकले, लेकिन इस बाबत ध्यान नहीं दिया। इसके साथ ही हरदोई के रेल यात्रियों को अन्य स्टेशनों के रिटायरिंग रूम को बुक करने के लिए आईआरसीटीसी का सहारा लेना पड़ रहा है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर लगा सिस्टम व्यवस्थित रूप से कार्य नहीं कर रहा है हालांकि डीआरएम को यह भी कोई समस्या नजर नहीं आई होगी। डीआरएम लगातार हरदोई रेलवे स्टेशन पर खाना पूर्ति करके चले जा रहे हैं। हरदोई के रेल यात्रियों को हरदोई रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का बेसब्री से इंतजार है, लेकिन जिम्मेदार है कि सुधि लेने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। इससे यहां के निवासियों को परेशानी होती है।


स्टेशन परिसर की बदहाल सड़क। अमृत विचार

### राज्य की संस्कृति का दीदार करेंगे मेहमान

**लखनऊ, अमृत विचार :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आने वाले आगंतुक राज्य की संस्कृति का भी दीदार करेंगे। एयरपोर्ट से लेकर आयोजन स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान तक 14 मंच बनाए जाएंगे, जिसमें लगभग 350 से अधिक कलाकार विभिन्न लोकनृत्यों के जरिए स्वागत करेंगे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19-20 फरवरी को बॉलीवुड कलाकार की प्रस्तुतियां दर्शकों को खूब झूमाएंगी। 19 को बिरजू महाराज कथक संस्थान के 12कलाकार कथक नृत्य नाटिका पर श्रीराम स्तुति की प्रस्तुति देंगी। दर्शक मुंबई की पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर के गीतों का आनंद उठाएंगे। वहीं 20 फरवरी को ग्रैमी अवार्ड विजेता रिक्की केज की बैंड प्रस्तुति का आनंद भी दर्शक ले सकेंगे। रसिका शेखर की बांसुरी की धुन भी दर्शकों को आकर्षित करेगी। उप्र संस्कृति विभाग की तरफ से एयरपोर्ट से आईजीपी तक कुल 14 मंच बनाए जाएंगे।

## आयोजन की सभी तैयारियां पूरी

कार्यक्रम में दुनिया भर के तकरीबन 4000 प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं। आने वाले डेलीगेट्स को गोल्ड, सिल्वर और रेड पास उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदर्शनी स्थल पर 10 अलग-अलग पवेलियन बनाए गए हैं, जिनमें एआई पवेलियन, टेक्सटाइल, डाटा सेंटर/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईटी, वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक्स, फिल्म सिटी, इन्वेस्ट यूपी/टॉप इन्वेस्टर्स, मेडिकल डिवाइसेज, ईवी एंड रिन्यूएबल एनर्जी और डिफेंस/एयरोस्पेस शामिल हैं। आयोजन में स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर बनाए गए हैं। साथ ही यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत डिफेंस के तमाम इक्विप्मेंट्स के थ्री-डी रेप्लिका मॉडल्स को दर्शाया जाएगा। इसके साथ ही यीडा क्षेत्र में बनने जा रही फिल्म सिटी की भी पहली झलक यहां देखने को मिलेगी।

# 8 सेक्टर व 26 स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने 20 केंद्रों पर कराई पुलिस भर्ती परीक्षा

## दूसरे दिन शांतिपूर्ण माहौल में आरक्षी पद के लिए हुए इम्तिहान, विभिन्न केंद्रों का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

हरदोई कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के 20 परीक्षा केंद्रों पर दूसरे दिन रविवार को भी आरक्षी पद के लिए परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पुलिस भर्ती की परीक्षाएं दो पालियों में कराई गई। परीक्षा की निगरानी के लिए आठ सेक्टर मजिस्ट्रेट व 26 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया पर चौबीस घंटे नजर रखी गई। खुफिया पुलिस भी चौकन्ना रहा। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कराई गई। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए मजिस्ट्रेटों के अलावा सचल दल भी गठित किए गए, जो लगातार परीक्षा केंद्रों पर नजर बनाए रहे। पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

बावन संवाददाता के अनुसार पुलिस अधीक्षक केशवचन्द गोस्वामी ने पुलिस भर्ती परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए स्वामी कल्याणनंद महाविद्यालय न्योरादेव परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा आयोजित होने वाले कक्षों में सीसीटीवी कैमरों एवं उनके संचालन की स्थिति, कंट्रोल रूम, बच्चों के बैठने हेतु सीटिंग प्लान आदि का जायजा लिया एवं संबंधित केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कॉलेज में बने कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। केन्द्रों पर उन्होंने अभ्यर्थियों के बैग रखने के स्थान, वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था आदि का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए। बताते चलें कि पुलिस भर्ती परीक्षा जिले में 17 व 18 फरवरी को 20 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई है। सिर्फ इस महाविद्यालय में 600 बच्चे ने परीक्षा दी। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार रविवार को दूसरे दिन ब्लाक के दो परीक्षा केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। पुलिस भर्ती परीक्षा में कुल 2304 परीक्षार्थियों में से 159 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर ककरघटा स्थित श्री नारायण सिंह डिग्री कॉलेज और शाहाबाद नगर क्षेत्र के मोहल्ला गिगियानी स्थित श्री हर्ष पांडे इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 तक संपन्न हुई। द्वितीय पाली की परीक्षा शाम तीन बजे से पांच तक संपन्न हुई। श्री हर्ष पांडे इंटर कॉलेज में सुबह की पाली में 672 परीक्षार्थी की परीक्षा संपन्न होनी थी जिनमें से 630 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। यानि प्रथम पाली में 42 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी इंटर कॉलेज में दूसरी पाली में 672 परीक्षार्थियों में से 620 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। 52 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। ठीक इसी तरह से श्री नारायण सिंह डिग्री कॉलेज ककरघटा में प्रथम पाली में 480 परीक्षार्थियों के स्थान पर 452 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 480 परीक्षार्थियों में से 443 परीक्षार्थियों ने भाग लिया यानि 37 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए। कुल मिलाकर 2304 परीक्षार्थियों में से 159 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पुलिस द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। दोनों परीक्षा केंद्रों पर एक-एक दरोगा, दो-दो पुलिसकर्मी, दो-दो महिला पुलिसकर्मी, एक-एक दरोगा सीसीटीवी की निगरानी के लिए तैनात किया गया था। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास अफरा तफरी का आलम रहा। बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के वाहन सड़क के किनारे आड़े तिरछे खड़े देखे गए जिससे जाम की स्थिति भी कई बार बनी। कुल मिलाकर परीक्षाएं शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कछौना ब्लाक में पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने पुलिस भर्ती परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए रविवार को परीक्षा केंद्र एसएमडी पटेल महाविद्यालय व श्री जानकी प्रसाद इण्टर कॉलेज पतसेनी कछौना सहित अन्य केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा आयोजित होने वाले कक्षों में सीसीटीवी कैमरों एवं उनके संचालन की स्थिति, कंट्रोल रूम, बच्चों के बैठने हेतु सीटिंग प्लान आदि का जायजा लिया एवं संबंधित केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कंट्रोल रूम और कोषागार कक्ष का भी निरीक्षण किया। केन्द्रों पर उन्होंने अभ्यर्थियों के बैग रखने के स्थान, वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था आदि का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं जाने की प्रथमिकता हैं, किसी भी हालत में परीक्षा में व्यवधान पहुंचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।


आरआर कॉलेज के बाहर लगी अभ्यर्थियों की भीड़। अमृत विचार


सीएसएन पीजी कॉलेज में अभ्यर्थी की जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार


बावन स्थित एक परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसपी केसी गोस्वामी।


नुमाइश चौराहा पर लगा जाम, हरदोई। अमृत विचार

### परीक्षा के चलते नगर में लगा रहा जाम

पुलिस भर्ती की परीक्षा के कई केंद्र नगर में बने थे। जिस कारण नगर में पूरे दिन लगभग जाम की स्थिति बनी रही। नुमाइश चौराहा पर दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी रही। इसके अलावा सिनेमा चौराहा, सोल्जर बोर्ड चौराहा, धर्मशाला रोड, लखनऊ चुंगी सहित अन्य स्थानों पर भी लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। जाम में दर्जनों वाहन घंटों रेंगते रहे। जाम से निपटने के लिए कोई व्यवस्था प्रशासन नहीं करा सका।

### सोशल मीडिया पर रही साइबर सेल की निगाह

परीक्षा के दौरान कई जगहों पर साल्वर पकड़े गए हैं। इसके चलते जिले में भी पुलिस प्रशासन काफी सतर्क रहा। खुफिया पुलिस केंद्रों के आसपास जायजा लेती रही। साइबर सेल सोशल मीडिया की गतिविधियों की निगरानी करती रही। परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोकापी की दुकानें बंद रहीं। अभिभावकों को भी परीक्षा केंद्रों से दूर ही रहने की हिदायतें दी गईं। शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न हो जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।


शाहाबाद में एक परीक्षा केंद्र के बाहर अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र की जांच करते अधिकारी।

---

## एक नजर

### जिला सलाहकार समिति समिति की बैठक आज

**हरदोई, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिला सलाहकार समिति की बैठक 19 फरवरी को उनके कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### आज ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आएंगे आबकारी मंत्री

**हरदोई, अमृत विचार :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शुभारंभ सोमवार को आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल दोपहर में जेके रिसॉर्ट में करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद अशोक बाजपेई, जय प्रकाश रावत, अशोक रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, एमएलसी अशोक अग्रवाल, अवनीश कुमार सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन रहेंगे। कार्यक्रम में तमाम उद्योगपति मौजूद रहेंगे।

### करंट से दो गोवंशों की मौत

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार :** तेरवा कुल्ली मटियामऊ रोड स्थित मढिया गांव के पास सड़क के किनारे से निकली हाईटेंशन लाइन के पोल में करंट उतरने से पास से गुजर रहे एक सांड व एक गाय की चिपक कर मौत हो गई। ग्रामीणों ने सूचना पॉवर हाउस को दी। विद्युत कर्मचारियों ने लाइन काटकर पोल में उतर रहे करंट को ठीक किया।

### भाकियू की किसान पंचायत कल

**हरदोई, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के जिलाध्यक्ष समर सिंह के नेतृत्व में किसान समस्याओं को लेकर 20 फरवरी को कचेहरी परिसर में एक किसान पंचायत की जाएगी। इसके बाद सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। मांगों न माने पर आन्दोलन शुरू किया जाएगा।

## रेलवे के सेक्शन इंजीनियर का निलबंन तय

**हरदोई, अमृत विचार :** लखनऊ से आई सीबीआई टीम ने ज़मीन की पैमाइश के नाम पर 20 हज़ार की रिश्वत की मांग करने वाले बालामऊ जंक्शन के सीनियर सेक्शन इंजीनियर को रिश्वत के 10 हज़ार रुपये लेते हुए दंगे हाथों गिरफ्तार किया था,जैसा कि अंदरखाने से पता चला है कि सेक्शन इंजीनियर को निलंबित किया जाता सकता है। सीबीआई की दलील के बाद रेलवे एक्शन मोड में आ गया है।

बताते चलें कि शुक्रवार की शाम को लखनऊ से आई सीबीआई की टीम ने बालामऊ जंक्शन के सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार के ऑफिस में छापा मारते हुए उन्हें 10 हज़ार रुपये लेते गिरफ्तार कर लिया था। मामले में उन्नाव ज़िले के पलिया कोतवाली बांगरमऊ निवासी शोभित सिंह की शिकायत थी कि वह लखनऊ रोड पर मालती सचान की जो जमीन खरीदना चाह रहा था,उसके कुछ हिस्से में रेलवे के खंभे लगे है। शोभित ने उसी जमीन की पैमाइश के लिए सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार को 2 फरवरी को एक प्रार्थना पत्र दिया था। उसी के लिए सेक्शन इंजीनियर ने 20 हज़ार की रिश्वत मांगी थी। इस पर उसे रंगे हाथ पकड़ा गया था। माना जा रहा है कि सोमवार तक इस पर मोहर भी लग सकती है।

## पत्नी से हुई नोंकझोंक तो दे दी जान

हरदोई कार्यालय

**अमृत विचार :** फेरी लगा कर बिसातखाना बेंचने वाले और उसकी पत्नी के बीच किसी घरेलू बात पर नोंकझोंक हो गई। उसी के चलते उसने कमरें के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला साण्डी थाने के बंजारन पुरवा मजरा बिराइचमऊ का बताया गया है।

बताते है कि 22 वर्षीय लईक पुत्र अतीक कस्बे और उसके आस-पड़ोस आए इलाके में फेरी लगा कर बिसातखाना बेंचता था। शनिवार को उसकी पत्नी शहबीना के साथ किसी घरेलू बात पर नोंकझोंक हो गई थी।उसके बाद लईक कमरें के अंदर चला गया और वहीं रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पत्नी शहबीना जब कमरें में गई तो वहां पति का शव फांसी पर लटका हुआ देख कर रोने-चिल्लाने लगी। उसकी आवाज़ सुन कर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्ट कराया और आत्महत्या करने की असल वजह का पता लगा रही है। अपने तीन भाइयों में लईक सबसे बड़ा था। उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।

### एक ने रस्सी तो दूसरे ने बेल्ट का फंदा बना लगाई फांसी

**हरदोई।** खेती–बाड़ी करने वाले किसान ने रस्सी से और मज़दूरी करने वाले युवक ने अपनी बेल्ट से गांव के बाहर एक पेड़ में लटककर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि अरवल थाने के चांदा महमदपुर निवासी 40 वर्षीय जगदीश सिंह उर्फ बन्नू सिंह खेती–बाड़ी करता था। रविवार की सुबह उसने अपने कमरें में रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। उसकी पत्नी अरुणा ने पति को फांसी पर लटका हुआ देखा तो वह चीखती हुई बाहर भागी। इसका पता होते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। जगदीश सिंह उर्फ बन्नू सिंह के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे गोविंद और हिमांशू के साथ एक बेटी है। वह अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था। वहीं टड़ियावां थाने के कनकोहरी पुरवा मजरा नरयणपुर ग्रंट निवासी बालकराम का 19 वर्षीय शादी–शुदा पुत्र सौरभ कुमार मज़दूरी करता था। शनिवार को उसने गांव के बाहर अपनी बेल्ट से एक पेड़ से फांसी लगा ली। उसे फांसी पर लटका हुआ देख कर वहां हड़कंप मच गया। सौरभ अपने चार भाइयों में छोटा था।

## सार-संक्षेप

### बंदरों के झुंड से राहगीर परेशान


सड़क पर बंदरों का झुंड। अमृत विचार

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार :** सुरसा कस्बा में इन दिनों बंदरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। बंदरों के झुंड से राहगीर परेशान हैं। बताते चलें कि आए दिन बंदरों के हमले से ग्रामीण व स्कूली बच्चे होते हैं। बंदरों से परेशान सुरसा कस्बा में सैकड़ों की संख्या में बंदरों का एक झुंड रोड पर एकत्रित होकर सुरसा बाजार आने जाने वाले ग्रामीण अपना सामान फल व सब्जियां लाते हुए उसी समय बंदरों की पड़ती नजर एक झुंड होकर ग्रामीणों की खाने की वस्तु और अन्य सामग्री छीन लेते हैं। इसी के चलते सुरसा कस्बा में आए दिन बंदरों का आतंक बना हुआ है। ब्लॉक में आने जाने वाले कर्मचारियों की खड़ी मोटरसाइकिलों को नुकसान पहुंचाते हैं। इधर ग्रामीण अपना खाद्य सामग्री लेकर साइकिल से गुजरते हैं, तब उनको देखकर आतंकी बंदर हमला कर देते हैं। उसी समय राहगीर चुटहिल हो जाते हैं। सुरसा क्षेत्र में बंदरों के हमले से कई लोगों की जान भी जा चुकी हैं। सुरसा कस्बा में बंदरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है।

### जिला क्षय रोग अधिकारी ने कर्मचारियों के साथ की बैठक

**हरदोई, अमृत विचार :** जिला क्षय रोग डॉ शरद वैश्य ने जिला क्षय रोग कार्यालय में कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ शरद वैश्य ने कहा कि क्षय उन्मूलन में कर्मचारियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। देश ने वर्ष 2025 तक टीबी को समाप्त करने का संकल्प लिया है। यह तभी संभव है कि जब लोग जागरूक हों। क्षय रोग के लक्षण दिखने पर स्वयं जांच के लिए आगे आयें। समाज को जागरूक करें कि नियमित इलाज से यह रोग पूर्णतया ठीक हो सकता है। यह भी बताएं कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत टीबी का इलाज सरकारी प्रावधानों के तहत किया जाता है। इलाज चलने तक निक्षय पोषण योजना के तहत सरकार द्वारा मरीज के खाते 500 रूपये की धनराशि प्रतिमाह भेजी जाती है। मरीज के ठीक होने दवा और इलाज के साथ–साथ पोषण की भूमिका अहम होती है। वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ नौमानउल्लाह ने कहा कि विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को टीबी रोगियों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व कर्मठता के साथ कार्य करें। रोगी के साथ सम्पर्क करने में सावधानी, पूर्ण इलाज तथा समय पर जांच व पूर्ण इलाज के बाद भी हर छह माह के अंतराल में मरीज की जांच अवश्य करवाएं ताकि पुन: टीबी होने से बचाया जा सके। इस मौके पर महेंद्र यादव, महेश श्रीवास्तव, ब्रजेश मित्रा, उपदेश कुमार, हरिनाम सिंह यादव, अनुग्रह भरद्वाज, डीपीसिंह यादव, उपेंद्र सिंह, आसीष सिंह, शराफत खान, अखिलेश मित्रा, अमरेंद्र रावत, मनोज शुक्ला, कय्यूम खान आदि कर्मचारी मौजूद रहे।


बैठक करते जिला क्षय रोग अधिकारी।

### भगवान से प्रेम के लिए मोह-माया छोड़े : कथा व्यास

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** मोहल्ला उधरनपुर में शुक्ला मार्केट में स्थित एक मैरिज लॉन में रविवार को हवन पूजन के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करुणा शंकर शुक्ला द्वारा करवाया गया। जिसमें वृंदावन धाम के आचार्य प्रदीप गौड़ महाराज ने कथा के प्रथम दिन आए श्रद्धालुओं को बताया कि भागवत कथा श्रवण करने से पापों का नाश होता हैं और जीवन का उत्थान होता है। भगवान का प्रेम पाने की सभी अभिलाषा रखते हैं, किंतु कोई उस पथ पर नहीं चलना चाहता। भगवान का प्रेम तभी पाया जा सकता है जब लोग मोह माया का त्याग कर सकें। इससे लेना है, उसका देना है, बेटे –बेटी परिवार, रिश्तेदार समाज के मोहजाल में फंसा व्यक्ति ईश्वरीय प्रेम नहीं प्राप्त कर सकता तो इसके लिए शास्त्रों में गंगा स्नान और भागवत कथा का श्रवण करने के लिए बताया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं को भागवत के प्रथम अध्याय में वर्णित धुंधकारी की कथा का विस्तृत वर्णन किया। भक्तों ने भी आचार्य के मुख से मंत्रमुग्ध होकर श्री मद्भागवत कथा का श्रवण किया। जिसका समापन 24 फरवरी को किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजक अनुराग शुक्ला,आलोक शुक्ला ,रवि शुक्ला,दीपू, सुदेश त्रिपाठी सहित भक्तगण उपस्थित रहे।


कथा का रसपान कराते आचार्य।

## चोर से मुठभेड़ में दो कांस्टेबल जख्मी

बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार :** बढ़ती चोरियों पर पूरी तरह से लगाम लगाने के लिए एक्शन में आई पुलिस और एसओजी,सर्विलांस व स्वाट टीम के साथ अंतर्जनपदीय चोर के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें चोर पैर में गोली लगने से ज़ख्मी हो गया। दो कांस्टेबल भी जख्मी हो गए। चोर के पास से ऑल्टो कार व तमंचा बरामद किया गया है। पुलिस की पकड़ में आए चोर की पहचान फर्रुखाबाद के अभिनय कटियार उर्फ सन्नी के रूप में की गई है।

जैसा कि एसपी केशव चंद्र गोस्वामी ने बताया शनिवार की देर रात में बिलग्राम पुलिस के साथ एसओजी,सर्विलांस और स्वाट टीम बिलग्राम चौराहे पर गाड़ियों की चेकिंग कर रही थी। उसी बीच कन्नौज तिराहे की तरफ से एक तेज़ रफ्तार ऑल्टो कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन ड्राइवर ने कार रोकी नहीं बल्कि खुद को घिरा हुआ समझ कर भागा और पुलिस की टीम पर फायर झोंक दिया। उसका पीछा कर रही पुलिस टीम नहर पटरी बैफरिया के पास पहुंचीं और अपना बचाव करते हुए गोली चलाई। पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में फायर झोंकने वाले के दाहिने पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। इस मुठभेड़ में दो कांस्टेबल भी ज़ख्मी हुए है। पुलिस से ज़ख्मी हुए चोर की पहचान फर्रुखाबाद ज़िले के कुटरा कोतवाली फतेहगढ़ के अभिनय कटियार उर्फ सन्नी के रूप में हुई है।


घायल के बारे में जानकारी लेते एसपी केसी गोस्वामी। अमृत विचार

## पहले सफाई की ली गई आड़, अब नोटिस से हो रहा खिलवाड़ !

फॉलोअप

**हरदोई, अमृत विचार।** नहर की सफाई की आड़ में सरकारी पेड़ों को साफ कर उन्हें नगद करने की शिकायत करने वालों को नोटिस भेज कर उनके ऊपर दबाव बनाने का हथकंडा अपनाया जा रहा है। शिकायत करने से एक दिन पहले की तारीख पर जारी नोटिस में जिस चबूतरे को बना कर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया गया है, डीएम से की गई शिकायत में उसी चबूतरे को भी तोड़ धार्मिक भावनाओं को भड़काने की बात कही गई थी।

बताया गया था कि कासिमपुर थाने आए भटौली निवासी सुशील कुमार, अरुण कुमार, वीरेंद्र कुमार, निज़ाम और मनीष कुमार ने 13 फरवरी को डीएम को भेजी शिकायत में कहा था कि सरेहरी रजबहा की सफाई करने के दौरान जेई की सांठ-गांठ के चलते नहर किनारे लगे सरकारी पेड़ काट कर उन्हें बेंच दिया गया। वहां बना चबूतरा तोड़ कर धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचाई गई। इस तरह का मामला सुर्खियों में आने आए बाद उसी आरोपी जेई ने शिकायत करने वाले निज़ाम को डीएम ऑफिस का बाबू बन कर फोन किया। क्रास क्वेश्चन ने उसकी घिग्गी बांध दी।

## दो भाइयों में चले लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर, 10 घायल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार :** पुरानी जमीनी विवाद को लेकर दो भाइयों में जमकर लाठी डंडे व ईट पत्थर चले जिसमें दस लोग घायल हो गए, जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर गंगा निवासी मायाराम और उसके भाई दयाराम के मध्य जमीनी विवाद चला आ रहा है। जिसके चलते शनिवार की सुबह इसी बात को लेकर सुबह दोनों पक्षों में विवाद व मारपीट हो गयी। शाम को दयाराम के रिश्तेदार सुरेंद्र उसकी पत्नी कुसुम लता पुत्र मंजेश निवासी ग्राम तरौली थाना कासिमपुर शाम को घर शाहपुर गंगा आये और विवाद का कारण जानने लगे तभी फिर दोनों पक्षो में विवाद हो गया और देखते देखते दोनों पक्षो में लाठी डंडे व ईट पत्थर चलने लगे। दोनों पक्षो में चीख पुकार मच गई। एक पक्ष से मायाराम, उसकी पत्नी माया देवी, पुत्र मोहित व पुत्री रेनू घायल हो गए। दूसरे पक्ष से दयाराम, उसकी पत्नी सविता, पुत्र अर्पित और रिश्तेदार सुरेंद्र, कुसुमलता, व मंजेश घायल हो गए। परिजनों ने सभी को सीएचसी पर भर्ती कराया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट करने व जान से मार डालने की धमकी देने का प्रार्थना पत्र दिया है। सीओ सतेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

अजीव वाक्या | भरावन ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी कार्यालय में चस्पा किए गए पंपलेट

## बीडीओ का जनता से मिलने का समय दो घंटे

अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार :** भरावन ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी अभी तक कहते थे कि अन्दर की बात मीडिया को बताओगे तो सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज करा देंगे। अब तो परिसर में पम्पलेट चिपकवा दिये गये हैं। मिलने का समय तय है और उसमें भी मोबाइल वर्जित। अभी तक मीडिया से डर था अब साहब को मोबाइल से भी डर लगने लगा है। अब बीडीओ से मिलने का समय 10 से 12 है। वह बात अलग है कि बीडीओ साहब कभी-कभी 10 से 12 नहीं आ पाती।इससे फरियादयों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है चक्कर लगाते रहो कभी मिल जायेंगी। आपका कार्य हो जायेगा, क्योंकि दो घंटे का समय है बीडीओ के पास जनता से मिलने के लिए।अब रही बात मोबाइल की तो मोबाइल जितना ज्यादा सुविधाजनक है कहीं उससे ज्यादा असुविधा भी खड़ा कर सकता है।पता चले कहीं गड़बड़ घोटाला हो रहा उसको आपने चुपके से रिकार्ड कर लिया तो घोटालेबाजों की खटिया खड़ी बिस्तरा गोल।तमाम कार्यालयों यहां तक कि दुकानों स्कूलों तक में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। भरावन ब्लाक में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे हैं तो जैसे जहां जो चल रहा है चलने दो साहब के लिए परेशानी क्यों पैदा कर दोगे? राष्ट्रवादी भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव विष्णू मिश्रा का कहना है कि यदि कोई खुराफाती व्यक्ति डिस्टर्ब कर रहा है तो उसके लिए थाना बना है।



बीडीओ कार्यालय परिसर में चिपके पंपलेट।

### बीडीओ दी सफाई

खंड विकास अधिकारी भरावन रीता सिंह का कहना है कि भरावन ब्लॉक परिसर और कार्यालय में अभी तक सीसीटीवी नहीं लगे हैं। एक दिन एक फरियादी हमारे कार्यालय में आकर मोबाइल वीडीओ रिकॉर्डिंग करने लगा तो हमने उससे कहा कि रिकॉर्डिंग न करो, अपनी समस्या बताओ, हम निस्तारित करवा देंगे। वह व्यक्ति ड्रिंक भी किए था तो कुछ उल्टा–सीधा बोलने लगा। इसीलिए कार्यालय में मोबाइल वर्जित किया है। समय के मामले में आफिसियल वर्क ज्यादा होता है, इस लिए जनता के लिए 10 से 12 का समय रखा गया है।

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति : ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

## संपादकीय

# वैश्विक सुरक्षा चुनौतियां

आज दुनिया परमाणु खतरों, जलवायु संकट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जोखिम जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पहले से कहीं अधिक विभाजित है। इन हालात में इस वर्ष के म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन का खास महत्व रहा। आयोजन की महत्ता के मद्देनजर विदेशमंत्री एस.जयशंकर तीन दिवसीय म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) में शामिल हुए। सम्मेलन वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर केंद्रित रहा। इससे पहले सम्मेलन के आयोजकों ने दुनिया भर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता पर केंद्रित म्यूनिख सुरक्षा रिपोर्ट जारी की।'रक्षा का दावोस' कहा जाने वाला एमएससी अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का एक बड़ा मंच है। इस मंच के जरिए दुनिया भर के नेता और राजनयिक अहम मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। ये प्रमुख सुरक्षा और विदेश नीति के मुद्दों पर चर्चा और समाधान करने पर केंद्रित है। यानि यह राजनीतिक नेताओं, नीति निर्माताओं, सैन्य अधिकारियों, विशेषज्ञों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के लिए वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर बातचीत और बहस में शामिल होने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसकी शुरुआत 1962 में एक जर्मन सैन्य अधिकारी एवाल्ड फोन क्लाइस्ट ने की। क्लाइस्ट वही सैन्य अधिकारी हैं जिन्होंने तानाशाह एडोल्फ हिटलर की हत्या की योजना बनाई। सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने यूरोप और अमेरिका की विभिन्न आशंकाओं को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत पश्चिमी देशों का विरोधी नहीं बल्कि पश्चिमी देशों से अलग है। रूस के साथ व्यापार और दूसरी तरफ अमेरिका के साथ बढ़ते संबंधों के बीच संतुलन बनाए रखने के मुद्दे पर कहा यूक्रेन रूस विवाद पर भारत अपनी बात स्पष्ट करता रहा है। भारत ने इस मामले पर हिंसा को खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति से बीच का रास्ता निकालने की वकालत की है। गाजा में मौजूदा स्थिति को लेकर चिंता के बीच कहा कि भारत कई दशकों से कहता रहा है कि फिलिस्तीन मुद्दे का द्विराष्ट्र समाधान होना चाहिए। महत्वपूर्ण है कि जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक की मौजूदगी में यह टिप्पणी की। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। कहा जा रहा है कि एमएससी यूक्रेन संकट और फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष जैसी कई वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा के लिए अनूठा अवसर साबित हुआ। वहां अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की गई। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को तात्कालिकता और एकजुटता की नई भावना के साथ न्याय-आधारित समाधानों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

# सौर ऊर्जा से बुंदेलखंड में विकास की संभावनाएं


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है,जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है।

वस्तुत: सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है, क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है।

जहां एक ओर शुष्क और गर्म जलवायु,पानी की कमी और पठारी क्षेत्र होने के कारण बुंदेलखंड खेती,उद्योग और विकास की दृष्टि से पिछड़े होने का दंश झेल रहा है,वहीं दूसरी ओर यही कमी इसको नवीकरणीय सौर उर्जा के बेहतर उत्पादन को लिए अनुकूल माहौल भी प्रदान करता है। यही कारण है कि बुंदेलखंड में खाली जमीन की उपलब्धता और मौसम के साफ रहने के कारण प्रचुर मात्रा में उपलब्ध सौर ऊर्जा से यहां पर सोलर प्लांट लगाने को निजी कंपनियां आकर्षित हुई हैं। उपयुक्त जलवायु के चलते बुंदेलखंड में सौर ऊर्जा प्लांटों की स्थापना काफी पहले प्रारंभ हो गई थी।

वर्ष 2016 में पनवाड़ी,महोबा और हमीरपुर में लगाए गए निजी सौर ऊर्जा प्लांटों से लगभग 200 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बुंदेलखंड के सातों जिलों बांदा,चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी और ललितपुर में अब तक लगभग साढ़े 500 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट निजी कंपनियों के माध्यम से स्थापित किए जा चुके हैं। यूपीनेडा के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में बड़ी सौर परियोजनाएं मात्र 18 जिलों में चल रही हैं जिनमें सात जिले बुंदेलखंड के ही हैं। ज्यादातर परियोजनाएं बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त इलाकों में है,जहां की जमीन खेती के दृष्टिकोण से उन्नत नहीं है। यूपीनेडा के अनुसार राज्य में स्थापित 949 मेगावाट की ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजनाओं में से 553 मेगावाट की परियोजनाएं बुंदेलखंड में हैं। सरकार ने बुंदेलखंड में उपयुक्त जलवायु और क्षेत्रीय स्थिति के दृष्टिगत यहां सौर विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार हजार मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर का निर्माण करने की योजना तैयार की है,जिस पर लगभग 55 सौ करोड़ रुपए का निवेश होगा।

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्युएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है,जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इसी योजना के तहत 600-600 मेगावॉट क्षमता की सोलर पॉवर पार्क की झांसी और ललितपुर में स्थापना की जा रही है। वर्तमान में विश्व में लगभग 80 प्रतिशत लोग जीवाश्म ईंधन यानि डीजल-पेट्रोल का उपयोग कर रहे हैं जिसका परिणामस्वरूप ग्लोबल वार्मिंग,जलवायु परिवर्तन,ओजोन संकट का खतरा सामने आ रहा है। इसके विकल्प के रूप में अपनाए जाने वाले नवीकरणीय ऊर्जा के बेहतर उपयोग के लिए विश्व में लगभग 4.5 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता है जिसके लिए विकासशील और विकसित देश सक्षम नहीं है। हालांकि भारत एशिया में तीसरे और दुनिया में पांचवें स्थान पर नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। फिर भी यहां कुल ऊर्जा खपत में जीवाश्म ईंधन से 75.5 प्रतिशत,परमाणु शक्ति से 2.8 प्रतिशत,सौर ऊर्जा से 4.2 प्रतिशत,पवन ऊर्जा से 4.6 प्रतिशत,पनबिजली से 10.7 प्रतिशत,बायोमास 0.5 प्रतिशत ऊर्जा का उपयोग हो रहा है।

भारत के अधिकांश क्षेत्र में वर्ष में 250-300 धूप निकलने वाले दिनों सहित प्रतिदिन प्रति वर्गमीटर 4-7 किलोवाट घंटे का सौर विकिरण प्राप्त होता है। इसके बावजूद उपलब्ध क्षमता की तुलना में देश में सौर ऊर्जा का दोहन बहुत ही कम है। वस्तुत उष्णकटिबंधीय देश होने के नाते भारत में सौर ऊर्जा के दोहन की अपार संभावनाएं है। इसमें हिमालय के पहाड़, बुंदेलखंड के पठार,राजस्थान रेगिस्तान, गुज़रात के कच्छ सहित अन्य प्रदेशों के पहाड़ी और बंजर जमीन उपयोगी साबित हो सकते हैं। इसी के दृष्टिगत सरकार ने भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता को वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावाट तक विस्तारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश के ग्रामीण इलाकों के दूरदराज क्षेत्रों तक स्वच्छ और सस्ती बिजली पहुंचाने के लिए वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री सोलर पैनल योजना शुरू की गई थी,लेकिन वर्ष 2024 तक सौर ऊर्जा के 40 गीगावाट लक्ष्य की तुलना में उत्पादन मात्र 11 गीगावाट का ही हो पाया है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए भारत सरकार ने पीएम सूर्योदय योजना प्रारंभ की है जिससे लोगों को न केवल 24 घंटे मुफ्त बिजली मिलेगी,बल्कि हरित ऊर्जा के लक्ष्य की पूर्ति में भी सहायता मिलेगी। इस योजना के अंतर्गत रुफ टाप सोलर (आर टी एस) योजना का सरलीकरण कर हरेक घर की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

देश के लगभग 25 करोड़ घरों के छतों पर 637 गीगावाट सौर संयंत्र स्थापित कर सकने की क्षमता है। संस्था टेरी के अनुसार जहां सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली की लागत 2.50 से 3.50 रुपये प्रति यूनिट है,वहीं ग्रिड आधारित बिजली की लागत छह से सात रुपये है। मार्च 2019 में केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में डीज़ल को खत्म करने,किसानों को पानी और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने,उनकी आय बढ़ाने और पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पीएम कुसुम योजना की शुरुआत की जिसके अंतर्गत 30 अप्रैल 2023 तक भारत में कुल 219,674 सौर सिंचाई पंप स्थापित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में मात्र 20688 पंप लगाए गए हैं जिनमें से 5589 बुंदेलखंड क्षेत्र हैं। सौर सिंचाई पंप बुंदेलखंड में किसानों को खरीफ सीजन के बाद फसल उगाने में मदद कर रहे हैं जिससे इन क्षेत्रों से पलायन रुक रहा है। सौर ऊर्जा संयंत्रों की रख-रखाव के लिए 30 हजार युवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें 'सूर्य मित्र' का नाम दिया गया है। प्रोत्साहन प्रावधानों के तहत ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था के साथ ही सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए स्टॉम्प ड्यूटी और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में शत-प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है,लेकिन छोटे शहरों और गांवों में आरटीएस योजना ज्यादा सफल नहीं हो सकी है,क्योंकि यहां बिजली कटौती ज्यादा होती है। वैसे भी आरटीएस योजना के लिए एकमुश्त पैसे देना भी निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए आसान नहीं है। कुसुम-बी योजना में 36,842 स्वीकृत सौर पंपों की तुलना में मात्र 12,773 पंप ही लगे। कुसुम-सी योजना में 4 लाख पंप की तुलना में एक भी पंप नहीं लग पाया है। वैसे भी सोलर पंप योजना बुंदेलखंड की परिस्थितियों के दृष्टिगत ज्यादा उपयुक्त नहीं है,क्योंकि यहां भू-जल स्तर पहले से ही कम है। सोलर पंप के चलते ज्यादा भूजल दोहन होने पर भूमि के स्वास्थ्य पर खराब असर पड़ेगा,लेकिन अन्ना पशुओं की समस्या से ग्रस्त बुंदेलखंड में सोलर चालित फेंसिंग उनके फसलों को अन्ना पशुओं और वनरोजों से बचाने में उपयोगी साबित हो सकता है।

वस्तुतः सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है,क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है। जब तक सूर्य मौजूद है तब तक पृथ्वी पर यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध भी होता रहेगा। इतना ही नहीं इस ऊर्जा को बैटरियों में संग्रहित भी किया जा सकता है,लेकिन वर्तमान में सौर पैनलों की साफ- सफाई एक समस्या के रूप में सामने आ रही है जिसमें प्रति वर्ष लगभग 10 बिलियन गैलन जल का उपयोग किये जाने का अनुमान है। बुंदेलखंड जैसे पानी की कमी से जूझ रहे क्षेत्र के लिए यह एक चुनौती है। यदि जलरहित सफाई की जाती है तो एक तरफ यह श्रमसाध्य कार्य है,दूसरी ओर इससे पैनलों की सतहों पर अपरिवर्तनीय खरोंच लगने का खतरा भी उत्पन्न होता है जिससे पैनलों की दक्षता कम हो सकती है। फिर भी सौर ऊर्जा बुंदेलखंड के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जिसका न तो पर्यावरण पर कोई असर पड़ने वाला है और न ही यहां के जल संसाधन या खेती पर कोई विपरीत असर पड़ेगा।

## प्रसंगवश

# मुझे कैसा डर

रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तानाशाही से संघर्ष करते जनयोद्धा, वकील एलेक्सी नवेलनी की बीते शुक्रवार साइबेरिया की जेल में मृत्यु हो गई। वे मात्र 47 वर्ष के थे। उन्हें जेल में जहर देकर मारने की आशंका है। वे 19 साल की सजा काट रहे थे। पुतिन की पार्टी यूनाइटेड रशिया को नवेलनी 'ठगों की पार्टी' बताते थे। मास्को में नवेलनी की पत्नी यूलिया ने कहा कि पुतिन को इसकी सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने कहाः' मैं वैश्विक बिरादरी से रूस की शैतानी सरकार के खात्मे की अपील करती हूं।' मां ल्यूडमिला ने कहा कि मैं 12 फरवरी को बेटे से जेल में मिली थी,वो स्वस्थ और खुश था।


के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान नवेलनी ने कायम की। उन्होंने 2008 में एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। वह 2013 में मास्को के मेयर पद के लिए खड़े हुए थे और दूसरे नंबर पर आए थे। बाद में उन्होंने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की कोशिश की,लेकिन आपराधिक मुकदमों की वजह से उन पर रोक लगा दी गई। उन्होंने इन मुकदमों को राजनीति से प्रेरित बताया था। रूस के खुफिया एजेंटों ने 2020 में नवेलनी को साइबेरिया में घातक जहर नोविचोक देकर मारने की कोशिश की थी। जर्मनी में इलाज के बाद उन्हें चेताया गया था कि उनका रूस लौटना सुरक्षित नहीं होगा। नवेलनी ने किसी की नहीं सुनी और कहा कि ' मैं रूस लौटूंगा,जर्मनी में राजनीतिक प्रवासी नहीं बनूंगा।' नवेलनी कहते थेः'मुझे कैसा भय? डर तो उनको (पुतिन) लगना चाहिए।' याद आते हैं रूसी संपादक और नोबेल पुरस्कार से नवाजे गए पत्रकार दिमित्री मुरातोव। पुतिन के अन्याय का वह भी शिकार रहे। उन दिनों जेल में नजरबंद एलेक्सी नवेलनी पर दिमित्री मुरातोव ने कहा था : 'इस नोबेल पुरस्कार का असली हकदार नवेलनी ही हैं। वह जेल में पुतीन द्वारा दी जा रही असह्य यातना का शिकार है।' नोबेल समिति से उनका आग्रह था कि अंतर्राष्ट्रीय यातना विरोधी न्याय प्राधिकरण का गठन हो। मानव की आत्मा की आजादी सुनिश्चित करने हेतु उनकी घोषणा थी कि उन्हें मिला पारितोष मानव मुक्ति के लिए संघर्षरत हर पत्रकार के नाम है।

# सभी धर्मों और किसानों का सम्मान करते थे शिवाजी


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा, लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए।

हिंदू संगठन और उनके अनुषांगिक संगठन शिवाजी महाराज को हिंदू प्रतापी के तौर पर स्थापित करते हुए केसरिया ध्वज लहराते हुए उनकी जयंती के कार्यक्रम मनाते हैं। हालांकि वे धर्मनिरपेक्ष थे वीर,पराक्रमी,चरित्वान थे, उन्होंने अपने कौशल के दम पर स्वराज बनाया। उनके चरित्र में भेदभाव नहीं था। वे अपने विरोधियों के धर्म और स्त्रियों का सम्मान करने वाले महाराज थे। शिवाजी की सेना में मुसलमान थे,महार थे, मराठे, शूद्र थे, जब औरंगजेब ने आगरा में शिवाजी को नजरबंद किया तब उनको आजाद कराने में मदारी मेहतर की बड़ी भूमिका थी। उनके गुप्तचर मामलों के सचिव मौलाना हैदर अली थे और तोपखाने की कमान इब्राहिम गर्दी के हाथों में थी।

शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी किला में महाराष्ट्र के पुणे में हुआ। पिता शाहजी भोंसले तथा माता जीजाबाई थीं। आज जब भारत में किसान अपनी मांगों के लिए आंदोलनरत हैं, ऐसे शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर,उनकी किसानों के प्रति आस्था तथा किसानों के लिए कल्याणकारी नीति याद करने का दिन है। वो गरीबी का दौर था,जब सूखे का दंश झेल रहे किसान हलकान थे। सिंचाई के साधन दुर्लभ थे,तब भी इतिहास में उनके शासन में किसी किसान ने कर अदायगी या कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या की हो,का उदाहरण नहीं मिलता। आज देश प्रजातांत्रिक है,हजारों किसान बैंकों का कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या कर रहें हैं। लोकतांत्रिक सरकारें पूंजीपतियों के कर्ज तो माफ करती हैं,लेकिन ऐसी नीति नहीं बनाती जिससे अन्नदाताओं का जीवन सुखमय हो सके। उनके कार्यकाल के दौरान किसान नीति पूंजीवाद और व्यापारिकता के परक ही नहीं थी, बल्कि आम किसानों के हितों को बढ़ावा देने वाली थी। एक बार उनके गुप्तचर ने सूचना दी शाहिस्ते खां पुणे की ओर बढ़ रहा है,तब उन्होंने सुरजेराव जेठे को कहा किसानों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाए,किसी भी नुकसान पर उनकी नाराजगी मानी जाए। किसानों का हित साधना पुण्य है, मुसीबत में छोड़ देना पाप है।

1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा,लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए। शिवाजी राजे इस बात का बहुत ध्यान रखते थे कि उनके राज्य में कोई भूखा न सोये। जानवरों तक का ख्याल रखा जाता था। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण की व्यवस्था थी। किसान की उपज का वाजिब मूल्य मिले इसका ख्याल रखा जाता था। किसानों के कर बहुत कम थे।

आज किसान अपनी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए आंदोलनरत हैं जिनके मार्ग अवरुद्ध किए जा रहे हैं। पिछलीबार प्रधानमंत्री ने अपनी तपस्या की कमी माना था। सरकार गंभीरता पूर्वक हल निकालेगी यह सोचकर किसानों का आंदोलन समाप्त हुआ,लेकिन किसानों का लंबे इंतजार के बाद सब्र जबाब दे रहा था। अब सामाजिक न्याय के किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। एक और किसान नेता जिनका कद भी बहुत सम्मानीय है, सर छोटूराम। उनका कहना था कि यदि दुनिया में कोई धंधा ऐसा है जिसकी नेक कमाई है तो वह यही किसान है।

यदि दुनिया में कोई ऐसा व्यक्ति है तो संतोष जीवन का ज्वलंत उदाहरण है जिसके सीने में श्रद्धा है,हाथ उदार हैं,दिल पवित्र है,नियत का उजाला है,पशु का मित्र है। शिवाजी महाराज, सर छोटूराम, चौधरी चरण सिंह पर श्रद्धा रख सरकार को चाहिए किसानों के साथ खुले दिल से बात कर,उनकी मांगों पर विचार करें।

## सोशल फोरम

# पतिव्रता और पतिवृत्ता में अंतर

पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है।

पतिव्रता और पतिवृता में क्या अंतर है? हालांकि इसको लिखते हुए भीतर डर है,लेकिन होली के पूर्वागमन का प्रभाव होने लगा है। इसलिए सभी सन्नारियों से प्रार्थना है कि इस लिखे को उसी भावना से प्रेरित माना जाए। पुराने समय में अच्छा पति पाने के लिए कन्याएं सोलह सोमवार का व्रत रखती थी (अब इसका चलन नहीं है, क्योंकि या तो अच्छे पतियों का अभाव हो गया है या जरूरत नहीं रह गई)। पतिव्रत एक अपरिहार्य और कठिन तपस्या हुआ करती थी।


रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भले ही पति परदेश में हो, साल भर बाद घर आ पाता हो,लेकिन पत्नी उसकी यादों में पूरा साल निकाल दिया करती और जब पति के छुट्टी आने की चिट्ठी आती तो घर द्वार सजने लगते। यह मात्र एक उदाहरण है। अब पतिवृता का उदाहरण-पत्नी जी ने अच्छी कमाई या पद धारक किसी पुरुष की प्राप्ति बिना किसी व्रत आदि के कर ली और अब उनको 24×7 यही चिंता रहती है कि उनके पति का पैसा कौन-कौन खा रहा है या पति किसी दूसरी के चक्कर में तो नहीं पड़ रहा है या मौज मस्ती तो नहीं कर रहा है आदि के कारण उनको एक वृत्त की रचना पति के चतुर्दिक करनी पड़ती है। इस वृत की त्रिज्या,व्यास,केन्द्र और स्पर्श रेखा का चयन करना पड़ता है। इस प्रकार की नारी को कहते हैं पतिवृता, जो रेखागणितीय सिद्धांतों में पारंगत हैं। उनको भली भांति ज्ञात है कि वृत्त का एक निर्धारित क्षेत्रफल होता है, जो उसकी त्रिज्या पर निर्भर करता है और यह त्रिज्या कितनी होनी चाहिए इसका निर्धारण पतिवृता पत्नी करती हैं।

पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है। इसे कहिए पतिवृता का पारिवारिक गणित।

-फेसबुक वॉल से

# पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला


अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है।

उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बड़ा फैसला सुनाकर वित्त वर्ष 2017-2018 में शुरू की गई विवादित इलेक्टोरल बांड स्कीम को रद्द कर दिया गया है,जो यकीनन पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला है। सुप्रीम कोर्ट के हिसाब से इलेक्टोरल बांड स्कीम असंवैधानिक है। यह सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है और भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी हस्तक्षेप करती है।

एक बड़े फैसले के तहत मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित की गई पांच जजों की बेंच ने स्टेट बैंक को 12 अप्रैल 2019 से अब तक खरीदे गए इलेक्टोरल बांड के खरीदारों के नाम और राजनीतिक दलों की ओर से खर्च और भुगतान की गई धनराशि आदि सभी विवरणों को 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग के साथ साझा करने का आदेश दिया है। साथ ही निर्वाचन आयोग को भी निर्देशित किया गया है कि वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त सभी जानकारियों को 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे,जो इलेक्टोरल बांड अभी तक भुनाए नहीं गए हैं,उनकी तय धनराशि बैंक दानकर्ता को वापस लौटाएगा। वैसे भारतीय रिजर्व बैंक और निर्वाचन आयोग इलेक्टोरल बांड योजना को पहले ही अपारदर्शी करार दे चुके हैं। इलेक्टरोरल बांड स्कीम में आम नागरिक, विपक्षी दल और चुनाव आयोग को जानकारी प्राप्त करने से रोकने के पूरे प्रावधान थे,पर सरकारी बैंकों के पास पूरा रिकॉर्ड था कि बांड किसने खरीदा और किस पार्टी को दान में दिया। पिछले 6-7 सालों में इस योजना के तहत कुल छह हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का धन सभी राजनीतिक पार्टियों को मिला है। वर्तमान सरकार के वर्ष 2016 में नोटबंदी के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अगले ही वर्ष 2017-18 में वित्त विधेयक के माध्यम से इलेक्टोरल बांड योजना को लांच किया था जिसके लिए कई कानूनों में आवश्यक बदलाव भी किए गए थे। मौजूदा इलेक्टोरल बांड स्कीम की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय थी अर्थात् इनके खरीदारों को भी खरीद घोषित करने की और दूसरी तरफ राजनीतिक दलों को प्राप्त धन के स्रोत की जानकारी देने की कोई भी बाध्यता नहीं थी। चंदा देने वाला अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए बैंक से एक करोड़ तक के इलेक्टोरल बांड खरीद सकता था और अपनी पसंद की राजनीतिक पार्टी को डोनेट कर सकता था। निश्चित तौर पर यह आपसी संबंधों और स्वार्थ पर आधारित प्रक्रिया कही जा सकती थी।

इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है। कंपनियां किसी भी राजनीतिक दल को चंदा देकर उसे अपने दबाव में ला सकती हैं और उसके सत्ता पर आने पर अपने हिसाब से काम निकलवा सकती हैं। जबकि उच्चतम न्यायालय का कहना है कि नागरिकों को जानने का अधिकार है कि सरकार का पैसा कहां से आता है और कहां जाता है। आज राजनीतिक संरक्षण के बल पर हर जगह माफिया सक्रिय हैं। खनन और रियल एस्टेट की बात तो छोड़िए, इन्होंने शिक्षा और सरकारी भर्ती प्रक्रिया को भी प्रभावित किया है। सरकारी नौकरियां दिन प्रतिदिन कम होती जा रही हैं और प्राइवेट सेक्टर में भी आए दिन छटनी देखने को मिल रही है। जिस देश में करोड़ों बेरोजगार युवा हैं,शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है,वहां चुनावों के दौरान पानी की तरह पैसा बहाना आम नागरिक के जख्मों में नमक छिड़कने जैसा ही है। एक तरफ नेताओं की संपत्ति में वर्ष दर वर्ष बढ़ोतरी होती जा रही है,दूसरी तरफ जनता महंगाई की मार झेल रही है। एक सरकारी कर्मचारी अपनी वार्षिक आय का 30 प्रतिशत तक आयकर में खर्च कर देता है,वहीं पार्टियों को मिलने वाले इस चंदे और आमदनी पर कोई कर भी नहीं लगता। इन राजनीतिक पार्टियों को भी सूचना के अधिकार के दायरे में लाना जरूरी है। यूं तो राजनीतिक दलों के नेता आए दिन एक दूसरे को नीचा दिखाने और शर्मिंदा करने वाले अपशब्द बोलने से भी नहीं चूकते,लेकिन जब जब उनके हित प्रभावित होते हैं तो सब एकजुट हो जाते हैं। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन्हें जनता के हित की कितनी परवाह है। हालांकि विपक्षी दल सत्ता पक्ष पर निशाना साथ रहे हैं और सत्ता पक्ष इसे अब भी पारदर्शी बता रही है,लेकिन आम जनता यह जानती है कि सभी राजनीतिक पार्टियों का चरित्र लगभग एक सा ही होता है।

# कैलास मानसरोवर की मुक्ति कब


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हनुमान जी द्वारा लंका में सीता जी की खोज करते हुए 'मंदिर मंदिर प्रति कर सोधा' कहा गया है। मंदिर का अर्थ घर भी है और भगवान का घर भी। इधर लोकसभा चुनावों को आसन्न देख हमारे प्रधानमंत्री भी ऐसा ही कर रहे हैं। अभी अयोध्या के राम मंदिर में उनके द्वारा कृत प्राण प्रतिष्ठा की सुर्खियां कम नहीं हुई थीं कि वे संयुक्त अरब अमीरात के अबूधाबी के पास बनाए गए एक मंदिर के उद्घाटन में पहुंचे। अब इसकी खबरें मीडिया में चल रही हैं। आगे मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी की ज्ञानवापी के इस्लामिक निर्माणों से मुक्ति एजेंडे में है,जैसा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बाकायदा घोषित कर चुके हैं।

इस क्रम में याद दिलाना चाहूंगा कि भगवान शंकर के मूल निवास कैलास और मानसरोवर की चीन से मुक्ति कब कराई जाएगी? ये पुराण प्रसिद्ध भारतीय क्षेत्र हैं और अर्से से चीन इन पर कब्जा किए है। इनकी मुक्ति की बात ही नहीं हो रही है। ये वह जगहें हैं जिनका गहरा संबंध उन राम और कृष्ण से है जिनकी जन्भभूमि मुक्ति एजेंडे में ली गई। हिंदुओं के 'महादेव' मान्य भगवान शंकर श्रीराम के आराध्य हैं। राम ने रामेश्वरम् शिवलिंग की स्थापना करवाई थी और अंत में महापथ पर जाते हुए वे मानसरोवर भी गए थे। महर्षि वाल्मीकि कहते हैं- 'बदरीकाश्रमे रामःकेदारेशं विलोक्य सः। महापथं ततो गत्वा ययौ तन्मानसं सरः'।। यही नहीं भगवान कृष्ण अपने अभीष्ट की प्राप्ति के लिए कैलास पर्वत पर तप हेतु गए थे। 'शिव महापुराण' की 'उमा पंचम संहिता-अध्याय एक में कथा आई है। जब श्रीकृष्ण कैलास पर्वत पर पहुंचे तो उनको वहां उपमन्यु ऋषि तप करत मिले। उपमन्यु ने कृष्ण जी को शिव महिमा बतलाई और ' ॐ नमःशिवाय' मंत्र 16 मास तक वहां जपने को कहा। कृष्ण जी ने वैसा ही किया,तब सोलह मास बाद माता पार्वती सहित भगवान शंकर ने उन्हें दर्शन और अभीष्ट वरदान दिए। ऐसे में भोलेनाथ के इस पवित्र भारतीय स्थल की मुक्ति का नाम भी न लेना अखरने वाली बात है। उनकी भक्ति का तो एक पूरा महीना (सावन)हिंदू लोग निर्धारित किए हैं।

महा शिवरात्रि का महत्व कौन नहीं जानता? सनातनी लोग हर मास में शिव जी का प्रदोष व्रत रखते हैं। उनके आभूषण सर्पों तक की पूजा का एक अलग पर्व होता है। अतः उन्हें कमतर न आंका जाए। मोदी जी स्वयं उन्हीं की राजधानी काशी से चुनाव लड़ते हैं और गत लोकसभा चुनाव के फौरन बाद केदारनाथ जाकर योग किया था जिसकी फोटो वायरल हुई थी। यह भगवान शंकर का ही ज्योतिर्लिंग है। ऐसे में आशा की जाती है कि मोदी शीघ्र ही कैलास और मानसरोवर का भी चीनी कब्जा छुड़ाकर हिंदुओं के लिए वहां की निर्बाध यात्रा,पूजन अर्चन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

## एक नजर

### पिता की डांट से नाराज बेटे ने मौत को लगाया गले

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर।** कोतवाली देहात की कचनार चौकी क्षेत्र के भटपुरवा गाँव निवासी 17 वर्षीय कुलदीप यादव को उसके पिता सर्वेश यादव ने 6 दिन पूर्व किसी बात को लेकर डांट दिया था। डांट से कुलदीप इस कदर नाराज हो गया कि वो घर से ही कहीं चला गया। करीब 6 दिन बाद रविवार को गाँव के दक्षिण एक खेत में नीम के पेड़ से उसका शव लटकता पाया गया। सूचना पाकर कोतवाली देहात कोतवाल विमल गौतम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली देहात कोतवाल विमल गौतम ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है।

### युवक लापता

**थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** थानगांव थाना क्षेत्र के थौरा ग्राम सभा के मजरे तेलनियापुरवा निवासी मिश्रीलाल निषाद का 18 वर्षीय पुत्र शिवा अपने घर किराने की दुकान चलाता था। जिसका थोक सामान खरीदने के लिए करीब तीन किलोमीटर दूर चकदहा बाजार गया था। शनिवार को देर शाम तक घर नहीं पहुंचा जिससे परिवार के लोग उसकी तलाश जारी कर दिए। मोटरसाइकिल चकदहा बाजार में थानगांव रामपुर मथुरा रोड पर लावारिस खड़ी मिली तभी से परिजनों कि चिंता और बढ़ गई। उसके सभी ठिकानों और ईष्ट मित्रों से भी कोई जानकारी हासिल नहीं हुई। पीड़ित पिता ने थानगांव थाने पर गुमशुदगी की तहरीर दे दिया है स्थानीय पुलिस ने पूर्ण मदद का भरोसा दिलाया है।

### गांजे के साथ गिरफ्तार

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा व पुलिस टीम ने सामान्य चेकिंग के दौरान सूचना के आधार पर लहरपुर–बिसवां मार्ग स्थित कर्बला तिराहा के निकट चंद्रशेखर उर्फ अतुल पुत्र सूर्य प्रसाद निवासी पिपरा थाना रेउसा को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि बंदी बनाए गए अभियुक्त पर मादक द्रव्य तस्करी के पहले से भी अपराध दर्ज हैं। अभियुक्त चंद्रशेखर के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय भेजा गया।

### किसान की मौत के बाद जाम लगाने वाले ग्रामीणों पर केस

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** विगत मंगलवार देर शाम को ग्राम शाहपुर निवासी मेवा लाल 65 वर्ष साइकिल से अपना खेत देखने जा रहे थे तभी अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई थी। किसान की मौत से नाराज ग्रामीणों ने लहरपुर भदफर मार्ग पर जाम लगा दिया था। जाम लगने के चलते लगभग दो घंटे तक उक्त मार्ग पर आवागमन बधित रहा था। भदफर चौकी प्रभारी धर्मेंद्र बहादुर सिंह ने जाम लगने से आवागमन बाधित होने के कारण राकेश, हेमराज, विनीत, रामहेत, ओम प्रकाश, जनक, सरोज ,वीरेंद्र, कन्हैया, सत्येंद्र, ओम प्रकाश, बबलू, भोला, राम लखन सहित 30 लोगों को नामजद व 40– 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अपराध दर्ज करने की कार्रवाई की गई है।

### दो पक्षों में विवाद

**थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** रविवार की सुबह एक किसान के खेत में एक पालतू गौवंश गेंहू की फसल चर रहा था, उसी दौरान मुजेहना ग्राम सभा निवासी किसान पप्पू पुत्र रामखेलावन रण्डा कोड़र ग्राम सभा निवासी दिनेश के घर पालतू गौवंश को दरवाजे पर बांधकर खिलाने की उलाहना लेकर गए। जहां दोनों पक्षों में जमकर विवाद हो गया। पप्पू का आरोप है पालतू गौवंश मालिक ने धारदार हथियार से प्रहार किया। पीड़ित ने आरोपियों बाप–बेटे के विरुद्ध थानगांव पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# गणित और रीजनिंग के प्रश्नों ने छात्रों को उलझाया

## पुलिस भर्ती परीक्षा : आईजी ने परीक्षा केन्द्रों का लिया जायजा, 30 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हुई परीक्षा, दूसरे दिन 1720 ने अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

▸▸ परीक्षा छूटने पर शहर में रही जाम की स्थिति, दूसरे दिन अधिक छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

सीतापुर।

**अमृत विचार।** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर रविवार को भी सकुशल और नकलविहीन संपन्न हुआ। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों का प्रवेश को लेकर हुजूम उमड़ पड़ा। दूसरे दिन गणित और रीजनिंग के प्रश्नों ने अभ्यर्थियों को उलझाए रखा। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम-एसपी लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। साथ ही आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा ने भी कमलापुर स्थित परीक्षा केंद्र का जायजा लिया। दोनों पालियों की परीक्षा में पहले दिन की अपेक्षा दूसरे दिन अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्रों से दूसरी बनाये रखी। रविवार को दोनों पालियों की परीक्षा में 1720 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिले में 30 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जिले में कुल 56 हजार 172 परीक्षार्थियों ने पुलिस भर्ती के लिए पंजीकरण कराया था। दूसरे दिन परीक्षा के दौरान प्रथम पाली में 14040 परीक्षार्थी एवं दूसरी पाली में भी 14040 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। प्रथम पाली में 13295 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 745 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार दूसरी पाली में 13065 परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में बैठे। जबकि 975 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शनिवार को परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति का आकंड़ा रविवार को अधिक बढ़ गया। कठिन प्रश्नों के चलते परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा छोड़ने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। परीक्षा संपन्न होने के बाद शहर में जाम की स्थिति से भी परीक्षार्थियों को जूझना पड़ा। इस दौरान बस स्टॉप पर भी छात्रों की भारी भीड़ उमड़ी और गंतव्य तक पहुँचने के लिए लोगों को बसों का भी इंतजार करना पड़ा।


परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकलते परीक्षार्थी।


कमलापुर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते आईजी रेंज लखनऊ गाबा व मौजूद अन्य।


दोनों पालियों की परीक्षा खत्म होने के शहर की सड़क पर लगा जाम ।


परीक्षार्थी गोल्डी देवी।


परीक्षार्थी विनय कुमार।

### परीक्षार्थी बोले -गणित के सवालों ने खूब छकाया

लखनऊ से आई महिला परीक्षार्थी गोल्डी देवी ने बताया कि गणित के प्रश्न मेरी तैयारी से थोड़े कठिन आये थे। लेकिन समय के अंदर उन्हें भी हल कर लिया। उम्मीद है कि रिजल्ट बेहतर होगा लेकिन बस पेपर लीक होने का डर सता रहा है। विनय कुमार ने बताया कि हिंदी का प्रश्न पत्र बहुत ही सरल था। रीजनिंग के सवाल थोड़ा कठिन लगे थे। समय कम था वरना पेपर और बेहतर होता। उन्होंने बताया कि उम्मीद है कि इस बार नंबर अच्छे आएंगे और मेहनत का फल अच्छा मिलेगा।

### आईजी ने परीक्षा केंद्र का लिया जायजा

पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए जिले के आला अफसरों के अलावा लखनऊ रेंज आईजी तरुण गाबा ने भी कमलापुर स्थित राजा सूर्य बख्स सिंह इंटर कॉलेज पहुंचकर जायजा लिया। आईजी ने इस दौरान परीक्षा केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम सहित ड्यूटी की मुस्तैदी को भी परखा। प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान आईजी ने चेकिंग के दौरान स्कैनर और जैमर की जानकारी भी एसपी चक्रेश मिश्रा से लेते हुए नजर आये।

### शहर में रही जाम की स्थिति

पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान दोनों पालियों की परीक्षा छूटने के बाद शहर में जाम की स्थिति घंटों तक बनी रही। ट्रैफिक पुलिस और पुलिस कर्मी जाम को खुलवाने के लिए शहर के मुख्य मार्गों पर घंटों जद्दोजहद करते हुए नजर आये। परीक्षा कक्ष में कठिन प्रश्नों का उत्तर देकर सडको पर निकले परीक्षार्थियों को जाम की समस्या से भी गुजरना पड़ा। ऑटो और ई रिक्शा वाहनों ने परीक्षार्थियों से मनमाने तरीके से किराया भी वसूला।

दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न कराने के लिए 6 थाना क्षेत्रों के 30 परीक्षा केंद्रों में सकुशल संपन्न हो गई है। भर्ती बोर्ड द्वारा दिये गए निर्देशों के क्रम में परीक्षा केंद्रों से गोपनीय सामग्री को कड़ी सुरक्षा में मुख्यालय स्थित ट्रेजरी में रखवा दिया गया है।

– प्रकाश कुमार (अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी)

# हादसे में महमूदाबाद के दंपत्ती की मौत

पैंतेपुर, सीतापुर

▸▸ परिवार के चार अन्य घायल, बरेली के निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

**अमृत विचार।** परिवार के मुखिया की बेटी के वैवाहिक कार्यक्रम में निजी कार से दिल्ली जाते समय ट्रक की चपेट में आने से जहां दो लोगों की मौत हो गई, वहीं चार लोग घायल हो गए। घायलों को बरेली के निजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया।

कोतवाली महमूदाबाद के ग्राम पंचायत मीरानगर के निवासी देवेंद्र नाथ पुत्र घनश्याम 67 वर्ष निजी कार यूपी 34 बी 0581 से अपनी बेटी अल्पना गुड़िया की शादी हरिद्वार में शामिल होने के लिए भाई प्रदीप वर्मा 55, राजेश्वरी 51 पत्नी कृष्ण वर्मा अपने भांजे राम प्रवेश की पत्नी रेखा वर्मा 38 वर्ष व पुत्री अदिति सात वर्ष एवं बेटे देवेंद्र के साथ निजी वाहन से सीतापुर से हरिद्वार जा रहे थे। ड्राईवर आलोक 35 वर्ष वाहन चला रहे थे। उसी दौरान बरेली के बिथरी चैनपुर क्षेत्र के पास खड़े ट्रक में कार घुस गई। जिससे मौके पर रेखा वर्मा व प्रदीप वर्मा की मौत हो गई। जबकि देवेंद्र, राजेश्वरी अदिति और आलोक घायल हो गए। जिन्हे बरेली के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

### दो मौतों के बाद शादी के मंडप में पसरा सन्नाटा

कार और ट्रक की दुर्घटना में प्रदीप और रेखा की मौत हो जाने से पूरा परिवार शोकाकुल है। शादी के मंडप में मातम सा छा गया। रेखा की सात वर्षीया बेटी दुर्घटना में चोटहिल अदिति का रो रोकर बुरा हाल था। वही देवेंद्र भी अपने भाई प्रदीप की मौत से काफी दुखी है।

## ट्रॉली में टकरायी बाइक, एक की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार।** थाना रामकोट अन्तर्गत ग्राम मधवापुर मार्ग पर रीजेंसी स्कूल के पास बीती शाम बाइकसवार विनोद कुमार यादव पुत्र स्व. बालक राम यादव निवासी ग्राम मधवापुर दारानगर अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान मधवापुर की तरफ से आ रही एक ट्राली में बाइक टकराने से वह घायल हो गये। जिन्हें गम्भीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी व दो बेटों को छोड़कर गये हैं। मृतक के बड़े पुत्र ने दो महीने पहले सेन्ट्रल स्कूल में शिक्षक के पद पर केरल में नियुक्ति पत्र पर जॉइन किया था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दुर्घटना वाले वाहन चालक को गिरफ्तार नहीं किया जा सका। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

# तेंदुए ने किसान पर किया हमला, 400 मीटर तक घसीटा

सीतापुर

▸▸ खेतों की रखवाली के दौरान तेंदुए ने किसान की गर्दन और पैरों पर किया हमला

▸▸ जिला अस्पताल में गंभीर हालत में उपचार जारी, वन विभाग कर रहा कॉम्बिंग

**अमृत विचार।** महोली कोतवाली इलाके में शनिवार की देर रात खेतों की रखवाली कर रहे किसान पर तेंदुए ने हमला कर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। ग्रामीणों की आहट पाकर तेंदुआ किसान को छोड़कर मौके से फरार हो गया। हमले में घायल किसान को ग्रामीणों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। वन विभाग के अफसरों ने सूचना के बाद इलाके में कांबिंग कर तेंदुए के पगचिन्हों के आधार पर लोकेशन पता लगाने में जुटे रहे लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। तेंदुए के हमले से ग्रामीण खौफजदा है।

जानकारी के अनुसार,क्षेत्र में ग्राम श्यामजीरा के मजरा कटघरा में शनिवार की देर रात नरेश (40) वर्ष पुत्र राम कुमार गांव के बाहर खेतो में लगी आलू की खेती को देखने के लिए गया था। बताया जाता है कि इस दौरान पीछे से नदी किनारे से आये तेंदुए ने हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। करीब 400 मीटर तक तेंदुआ किसान को घसीट ले गया। तेंदुए ने पंजे से किसान की गर्दन और पैरों पर गंभीर गंभीर निशान छोड़े है।

ग्रामीणों की आहट पाकर तेंदुआ किसान को छोड़कर मौके से फरार हो गया। किसान की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल नरेश को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। तेंदुए के हमले की सूचना पर वन विभाग के अफसरों ने भी अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल जाना। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए किसान को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वन विभाग के एसडीओ विकास कुमार ने बताया कि जंगली जानवर के हमले की सूचना मिली थी। किसान की हालत बेहतर है। पंजो को देखकर तेंदुए का हमला प्रतीत हो रहा है। टीमें इलाके में लगातार कॉम्बिंग कर तेंदुए की लोकेशन पता लगाने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही तेंदुए को रेस्क्यू कर पकड़ा जायेगा।


तेंदुए के हमले के बाद प्रभावित इलाके में कॉम्बिंग करती वन विभाग की टीम।


अस्पताल में भर्ती घायल किसान।

# मारपीट में घायल युवक की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

▸▸ पुलिस ने समझाकर मृतक का कराया अंतिम संस्कार, तीन आरोपियों को भेजा जेल

रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार।** थाना इलाके के रमईपुर गांव में बीते 13 फरवरी को दो पक्षों में शादी तय करने को लेकर विवाद में मारपीट में तीन लोग घायल हो गये थे। जिसमें शनिवार को एक घायल जयशंकर की मौत के बाद जब पोस्टमार्टम के बाद उसका शव रविवार को थाना क्षेत्र के रमईपुर गांव स्थित उसके घर पहुंचा तो परिवार के लोग आक्रोशित हो गए और जमकर हंगामा काटा। ऐसे में जब रामपुर मथुरा पुलिस को जानकारी हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा शांत कराया। पुलिस की मुस्तैदी के बीच मृतक का शाम करीब पांच बजे अंतिम संस्कार किया गया।

मालूम हो कि बीते मंगलवार को रमईपुर गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में जयशंकर सहित इन्ही के पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। जिसमें जयशंकर की हालत बेहद नाजुक थी। रमईपुर गांव में बीते मंगलवार को हुए इस विवाद के बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया था।

बता दें कि मारपीट की धाराओं में केस दर्ज करने के बाद शुक्रवार को दो आरोपियों का चालान किया गया था। बताते हैं कि शनिवार शाम में इलाज के दौरान जयशंकर की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संगीन धाराओं में केस दर्ज करते हुए आरोपी हुकम चंद्र, दिलीप, ननकु निवासी उपरोक्त को जेल भेज दिया। जबकि आरोपी रामबाबू फरार है। इंस्पेक्टर महेश चंद्र पांडेय ने बताया कि हंगामा काट रहे मृतक जयशंकर के परवारीजनों को शांत कराकर। शव का अंतिम संस्कार करवाया गया। चार आरोपियों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए तीन आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। जबकि एक आरोपी रामबाबू फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है।


जयशंकर के घर के बाहर लोगों की लगी भीड़। अमृत विचार

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** डीसीएम पर आलू के बोरे लादने के दौरान हाइटेंशन तार की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। सदरपुर थाना क्षेत्र के बखारी खुर्द निवासी अजय कुमार 25 वर्ष पुत्र शत्रोहन ग्राम पंचायत देवरिया के पास खेत में लगी आलू की फसल की खुदाई हो रही थी। अजय आलू बोरे में भरकर डीसीएम में लोड कर रहा था। इसी दौरान डीसीएम आगे पीछे करने के दौरान खेत के ऊपर से निकला 11 हजार हाइटेंशन तार वाहन में फंस जाने से टूटकर जमीन पर गिर गया। जिससे डीसीएम के पास खड़ा अजय कुमार तार की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गया। जब तक लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, तब तक अजय कुमार की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया है कि शव का पंचायतनामा भरके पीएम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# देश विश्व में पांचवीं अर्थव्यवस्था तो फिर किसान आत्महत्या क्यों कर रहा है: आनंद

सीतापुर

**अमृत विचार।** धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी आनंद भदौरिया के नेतृत्व में चल रही समाजवादी पीडीए पद यात्रा रविवार को पांचवे दिन बिलरिया से शुरू होकर किशुनपुर, तकिया, महादेव अटरा, हरीरामपुर चैराहा, कोरैया, पोखरा, सलारपुर, मगरूवा होते हुए उदनापुर पहुंची।

समाजवादी पीडीए पदयात्रा का बिलरिया में हनीफ अंसारी, किशुनपुर में सुमित त्रिपाठी, पकरियापुरवा में लल्ली कनौजिया, तकिया सुल्तानपुर में अम्बरीश वर्मा, महादेव अटरा में शिम्पू वर्मा, हरीरामपुर में अबरार, रफीक, कोरैंया चैराहा में नाजिम डायरेक्टर, इश्तियाक खां, बुद्ध सागर वर्मा, सलारपुर में अलीयार, पोखरा में इंद्र कुमार वर्मा, मगरूवा में बडकन्नू वर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया, कई जगह महिलाओं ने टीका लगाकर चुनाव में जीत का आशीर्वाद दिया। आनंद भदौरिया ने अपार जनसमूह को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री का दावा है कि विश्व में भारत की पांचवी अर्थव्यवस्था है, यदि देश पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर है तो फिर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? किसान कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या क्यों कर रहा है? भाजपा सरकार ने किसान की आय दुगनी करने का वादा किया था। आज तक उसने अपना 'संकल्प' पूरा नहीं किया? इसकी जगह भाजपा ने किसान के उपयोग में आने वाली खाद-बीज, बिजली सब महंगी कर दी। समाजवादी पार्टी पीडीए पद यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री रामहेत भारती, विधानसभा फुरकान खां, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा, बडकन्नू खां, हनीफ अंसारी, मंगू लाल गुप्ता, वसीम नेता, अफजाल कौसर, बबलू खां, शिवपाल यादव, कपिल मिश्रा, राजेश भदौरिया, उत्तम वर्मा, आनंद पटेल, भूपेन्द्र सिंह अन्नू सहित सैकड़ों नौजवानों ने हिस्सा लिया।



पीडीए यात्रा निकालते सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया, पूर्व मंत्री रामहेत भारती व समर्थक।

## आयोजन

### लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से जागरूक करने के लिए लगायी चौपाल

# चुनाव में सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** लोकतंत्र को मजबूत करने तथा सभी चुनाव में अपने वोट का प्रयोग अवश्य करने के लिए ग्रामवासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम ईरापुर में मतदाता जागरूकता चौपाल और रैली का आयोजन किया गया। रैली में ग्राम प्रधान रामनरेश वर्मा व एआरपी सुरेश कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामवासियों ने प्रतिभाग किया।

प्राथमिक विद्यालय ईरापुर विद्यालय प्रबंधन समिति ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत, विद्यालय प्रांगण से रैली का आयोजन किया। जिसे ग्राम प्रधान रामनरेश वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल लोगों ने मतदान जरूरी है, पहले मतदान करें, फिर जलपान करें आदि नारे लगाते हुए गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों को मतदान अवश्य करने के लिए जागरूक किया। रैली के उपरांत गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल को संबोधित करते हुए एआरपी सुरेश कुमार ने कहा कि चुनाव में मतदान करना राष्ट्रीय कार्य है, प्रत्येक चुनाव में सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए, क्योंकि आपके मत से गांव से देश तक की सरकार बनती है इसलिए शत-प्रतिशत मतदान अवश्य करें। ग्राम प्रधान रामनरेश वर्मा ने इस मौके पर सभी का आवाहन किया कि सभी लोग सभी चुनाव में न सिर्फ स्वयं मतदान करें बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करें। चौपाल में प्रधानाध्यापक अनवर अली, शिक्षक सरोज कुमार वर्मा, रामावती वर्मा उमेश चन्द्र, आंगनबाड़ी प्रेमावती, आशाबहु प्रेमा, एसएमसी अध्यक्ष हरिपाल, अभिभावक गुलाली, रामपाल सिंह, सुनीता, मीरा देवी, लल्ली देवी, मैना देवी, सरला देवी, उमाशंकर व राजीव कुमार आदि ने प्रतिभाग किया।



ग्राम ईरापुर से मतदाता जागरूकता चौपाल व रैली निकालते प्रधान व ग्रामीण।

# समाज की बुराइयों को उजागर करता है पत्रकार: महेंद्र

▸▸ उपजा ने शहीद लालबाग पार्क हिंदी सभा के नरोत्तम सभागार में बसंत उत्सव का किया आयोजन

सीतापुर

**अमृत विचार।** शहीद लालबाग पार्क हिंदी सभा के नरोत्तम सभागार में यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ने बसंत ऋतु का स्वागत करते हुए रविवार को तहरी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें जनपद भर के लगभग एक सैकड़ा पत्रकारों ने हिस्सा लेते हुए तहरी भोज का आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि खैराबाद पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू, वरिष्ठ साहित्यकार व पूर्व उपजा अध्यक्ष अरुणेश मिश्र रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार कवि रजनीश मिश्रा ने किया। हिंदी सभा के कोषाध्यक्ष भगवती प्रसाद गुप्ता ने संयोजन का कार्य किया। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक ने की। उपजा जिला अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने मां सरस्वती पूजन से कार्यक्रम को आरंभ कराते हुए पत्रकारों से संगठित रह कर कार्य करने की अपेक्षा करते हुए संगठन की शक्ति के बारे में चर्चा की। आयोजन के दौरान पत्रकारों ने आज के दौर में पत्रकारिता, पत्रकारों की एकजुटता एवं बसंत ऋतु के महत्व पर चर्चा की।

इस मौके पर मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि पत्रकार समाज के सजग प्रहरी थे, हैं और आगे भी रहेंगे। लोगों को न्याय दिलाने में पत्रकारों का बड़ा योगदान रहता है। पत्रकारिता को यूं ही समाज का चौथा स्तंभ नहीं कहा जाता है। पत्रकार समाज की तमाम बुराइयों को उजागर करता है। समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का काम करता है। हम लोगों को समाज में होने वाली घटनाओं को भी अवगत कराता है। तमाम जोखिम लेकर भी पत्रकार सच्चाई से अपना कर्तव्य निभाता है। विशिष्ट अतिथि अभिषेक गुप्ता बबलू ने कहा कि हम लोगों को तमाम जानकारियां तभी मिल पाती हैं जब उन्हें पत्रकार अखबार में प्रकाशित करते हैं या टीवी चैनलों पर प्रसारित करते हैं। पत्रकार समाज में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं।

लोगों को सरकार की तमाम योजनाओं की जानकारी भी पत्रकारों के माध्यम से मिलती है। वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक ने वर्तमान के बदलते दौर में पत्रकारिता को लेकर अपने विचार रखें। वरिष्ठ कवि अरुणेश मिश्रा व कवि रजनीश मिश्र ने कविता पाठ के माध्यम से अपनी बात कहीं।



## एक नजर

### सिंचाई करने निकले युवक की नहर में डूब कर मौत

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली के कूड़ा सादात गांव में खेत की सिंचाई करने निकले युवक की शारदा सहायक नहर में डूब कर मौत हो गई। रविवार की सुबह ग्राम कूढा सादात निवासी समुराज पुत्र राम प्रसाद शारदा सहायक नहर से खेत में सिंचाई करने के लिए नहर की पटरी पर जा रहा था। पैर फिसलने से भर कर चल रही नहर में डूब गया। भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार किशोरी घायल

**अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौनाही थाना क्षेत्र में साइकिल सवार एक किशोरी चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल हो गई। घायल किशोरी 15 वर्षीय मंजू पुत्री राम महेश निवासी सुवरी थाना रौनाही को गंभीर हाल में एनएचआई एंबुलेंस के ईएमटी हुकुम सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचाया है। हादसा सत्ती चौरा क्षेत्र में हुआ। घटना के समय किशोरी अपने बहनोई शंकर के घर मोहम्मदपुर से आ रही थी।

# अस्पताल में बिजली गुल, गहराया पानी का संकट, परेशान हुए मरीज

अयोध्या कार्यालय


**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में रविवार को बिजली गुल होने के बाद वार्डों में अंधेरा छा गया। बिजली न होने के कारण पेयजल संकट गहरा गया। टॉयलेट्स व बॉथरूम की टोटियां सूखी नजर आईं, जिससे मरीज व तीमारदारों में घंटों हायतौबा मची रही। इमरजेंसी में इन्वर्टर के सहारे चल रहे सीएफएल में जुगनू जैसी लाइट चमक रही थी। आलम यह रहा कि दुर्घटना में घायल मरीज के परिजनों ने मोबाइल टॉर्च की मदद से इलाज करवाया।

जिला अस्पताल में इलेक्ट्रिक पैनल बदलने का कार्य चल रहा था। वार्डों में भर्ती मरीज व तीमारदारों ने बताया कि सुबह 11 बजे ही लाइट कट गई थी। इमरजेंसी से लेकर सर्जरी व मेडिकल वार्ड अंधेरे में गुप नजर आया। सबसे अधिक संकट पेयजल का रहा। शौच जाने के लिए भी मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सर्जरी वार्ड में रामपुरभगन से आई राधिका ने बताया कि उनके मरीज का ऑपरेशन हुआ है। अंधेरा तो किसी तरह से कट गया, लेकिन पानी की कमी काफी खल रही है। तीमारदार अर्जुन ने बताया कि बाथरूम और टॉयलेट्स में पानी नहीं आ रहा। बिजली काटनी ही थी तो पानी पहले स्टोर कर लेना चाहिए था। अस्पताल में तीन बजे तक पैनल का कार्य जारी था, जिस कारण बत्ती नहीं आ सकी थी।

**जिला अस्पताल में पैनल बदलने के कारण काटी गई थी बिजली**



जिला अस्पताल के वार्ड में छाया अंधेरा।



सर्जरी वॉर्ड के समीप बने शौचालय के बाहर वाश बेसिन की टोंटी सूखी रही।



इमरजेंसी वार्ड के पास लगा आरओ में भी पानी नहीं आ रहा था।

### सीटी स्कैन मशीन का सर्वर ठप, जांच प्रभावित

जिला अस्पताल में बिजली कटने से ही पहले सीटी स्कैन मशीन का सर्वर ठप हो गया। कक्ष में मौजूद अटेंडेंट ने बताया कि सुबह से सिर्फ चार जांच ही हो सकी थी। उसके बाद सर्वर ठप हो गया। तकरीबन 11 बजे बिजली गुल हो गई, जिस कारण 15 मरीजों का अभी सीटी स्कैन नहीं हो सका है।

> इलेक्ट्रिक पैनल बदलने के लिए बिजली काटी गई थी। पैनल के लग जाने से व्यवस्था और मजबूत हो जाएगी। पानी की दिक्कतों की मुझे जानकारी नहीं है। अगर आप कह रहे हैं तो मैं दिखवा लेता हूं, लेकिन दो घंटे ही बिजली कटी थी। उससे पानी का कोई संबंध नहीं है। लेकिन कोई शिकायत नहीं आई। - डॉ. एनपी गुप्ता, सीएमएस, जिला अस्पताल

# अयोध्या में होगा सद्भावना सदन का निर्माण

अयोध्या कार्यालय



राम मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद बाहर आते जैन धर्मगुरु।

**अमृत विचार :** रामलला के दर्शन पूजन के लिए रामनगरी पहुंच रहे श्रद्धालुओं को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए यहां पर सद्भावना सदन का निर्माण कराया जाएगा। ये बातें जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि ने कही।

वे रविवार को यहां अमेरिकी डेलीगेशन के साथ रामलला का दर्शन-पूजन करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का जितना महत्व हिंदू परंपरा में है, उतना ही जैन परंपरा में भी है। बुद्ध और सिख परंपरा में भी रामलला का विशेष महत्व है। जैन धर्म में प्रभु राम का वही सम्मान है जो आदिनाथ ऋषभ और महावीर का है। उन्होंने कहा कि राम भारत की अस्मिता के प्रतीक हैं। अयोध्या जैन धर्म के चार तीर्थंकरों की भी जन्मभूमि है। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकेश सेवा सद्भावना ट्रस्ट अयोध्या में एक सद्भावना सदन का निर्माण करेगा। जिससे श्रद्धालुओं को विश्व स्तरीय सुविधाएं मिले। लोकेश मुनि ने कहा कि विलेज मोमेंट के प्रमुख डॉ. अनिल शाह के साथ में अयोध्या पहुंचा हूं। अयोध्या उसके आसपास के गांव में बुनियादी सुविधाएं कैसे बेहतर हों, इस पर विचार विमर्श किया जाएगा। अमेरिका से रामनगरी पहुंचे डॉ. अनिल शाह ने कहा कि मैं अयोध्या आया हूं, बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में पिछले चार महीने में जो प्रोग्रेस हुआ है उसे देखकर लगता है कि यहां के गांव को भी बढ़ावा मिलना चाहिए। 50 गांव में स्मार्ट विलेज के मॉडल पर बिजनेस लाइन और गांव को बढ़ाया जाएगा।

- अमेरिकी डेलीगेशन के साथ जैन धर्मगुरु ने किया रामलला का दर्शन

### अच्छे उद्देश्य के साथ की गई यात्रा उपयोगी होती है : लोकेश मुनि

राहुल गांधी की यात्रा पर जैन धर्मगुरु लोकेश मुनीम ने कहा कि अगर यात्रा अच्छे उद्देश्य के साथ देश को जोड़ने और उसकी अखंडता के लिए की जा रही है तो ऐसी यात्राएं उपयोगी होती है। उन्होंने कहा कि यदि यात्राएं अलगाव पैदा करने के लिए हो समाज को बांटने और विखंडित पैदा करने के लिए हो तो धार्मिक क्षेत्र में हिंसा और घृणा का कोई स्थान नहीं है। राहुल गांधी के साथ ही देशवासियों से जैन धर्म गुरु ने अपील की भारत को कैसे वैभवशाली-गौरवशाली बनाया पूरी दुनिया में वसुदेव कुटुंबकम का हो संदेश।

# संदिग्धावस्था में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप



घटनास्थल पर पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

- नौ माह पूर्व गांव खाजाडाबर निवासी मुकेश के साथ विवाहिता का हुआ था विवाह

**कुतुबनगर, सीतापुर, अमृत विचार।** शादी के नौ माह बाद ही विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौके पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने पति व उसके दो अन्य भाइयों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व दहेज हत्या का आरोप लगाया। स्थानीय पुलिस ने मृतका के भाई की लिखित तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। हरदोई जिले के टड़ियावां थाना क्षेत्र के गुरदयालपुरवा गांव निवासी पीड़ित शेषराम पुत्र जदुनाथ ने आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस को तहरीर दी है कि उसने अपनी बहन वेदवती (21) का विवाह हिंदू रीति रिवाजों से बीते नौ माह पूर्व दस मई को पिसावां थाना क्षेत्र के खाजाडाबर गांव निवासी मुकेश पुत्र श्रीचंद्र के साथ किया था। आरोप है कि पीड़ित ने शादी के दौरान मोटरसाइकिल, गृहस्थी का सामान व नगदी भी दी थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग कर बहन को अक्सर प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि शनिवार को खाजाडाबर गांव से उसे घटना की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने बताया कि जब वह सभी वहां पहुंचे तो मृतका बहन वेदवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के एक कमरे में पड़ा था। घटना को लेकर मृतका के भाई ने पति मुकेश व उसके दो भाई कैलाश व बबलू के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व दहेज हत्या का आरोप लगाया है। स्थानीय पुलिस ने दहेज हत्या व दहेज प्रताड़ना संबंधी धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमवीर चौहान ने बताया कि अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# खेत गए युवक का खून से लथपथ मिला शव

- पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का लिया जायजा, पीएम के लिए भेजा शव
- परिजनों के अनुसार युवक के सिर में मारी गई है गोली, पुलिस को दी तहरीर

इमलिया सुल्तानपुर



सत्यपाल शुक्ला। (फाइल फोटो)

सीतापुर, अमृत विचार। खेत में चल रहे सबमर्सिबल देखने गए एक व्यक्ति का खून से लथपथ शव पाया गया। मृतक के बेटे ने हत्या की आशंका जताते हुये पुलिस को लिखित तहरीर दी है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कैमहरा गांव निवासी सत्यपाल शुक्ला (45) पुत्र मनोहर शुक्ला का गांव में सबमर्सिबल लगा हुआ है। समर से गांव के ही व्यक्ति प्रमोद के खेत की सिंचाई हो रही थी। रात करीब 11 बजे परिवार के साथ खाना खाने के बाद सत्यपाल समर देखने के लिए घर से निकले थे। काफी रात हो जाने पर जब वह वापस घर नहीं पहुंचे तब उनका बेटा रितेश अपने पड़ोसी के साथ समर पर उन्हें देखने गया।

खेत पहुंचने पर रितेश ने देखा कि उसके पिता गाँव के ही विशंभर के खेत में खून से लथपथ मृत पड़े हुए थे। यह मंजर देख लड़का भागकर गांव पहुंचा और परिजनों व गाँववालों को इसकी सूचना दी। यह खबर फैलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। सूचना पाकर इमलिया पुलिस मौके पर पहुंची और उच्चाधिकारियों को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर सीओ व फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर नमूना लिया और जाँच पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों के अनुसार सत्यपाल के सिर में गोली लगी थी जिससे उनकी मौत हुई है। मृतक के बेटे रितेश शुक्ला ने अज्ञात के खिलाफ लिखित तहरीर पुलिस को दी है जिसमें उसने अपने पिता की हत्या की आशंका जताई है। थाना प्रभारी प्रभातेश श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर मिली है उसी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# सपा ने मोहनलालगंज से आर के चौधरी को बनाया उम्मीदवार, कार्यकर्ता गदगद



आर के चौधरी।

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सभी दलों की तैयारियां जारी है. इस बीच समाजवादी पार्टी ने कई उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। सपा ने उत्तर प्रदेश की मोहनलालगंज लोकसभा सीट से भी उम्मीदवार का एलान कर दिया है। उम्मीदवार घोषित करने से पहले अखिलेश यादव ने बैठक में सबसे फीडबैक लिया कि मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर कौन व्यक्ति बेहतर चुनाव लड़ सकता है।

पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं की राय के बाद अखिलेश यादव ने मोहनलालगंज लोकसभा सीट से आर के चैधरी को उम्मीदवार बनाया है। जिससे सिधौली विधानसभा क्षेत्र के सपाई कार्यकर्ता गदगद हैं।सपा द्वारा आर के चैधरी को मोहनलालगंज लोकसभा सीट से उतारने के फैसले के बाद बसपा को बड़ा झटका लगा है। आर के चैधरी बसपा के कद्दावर नेता रहे हैं। और दलित समाज में आर के चैधरी की घुसपैठ अच्छी है। मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर पिछड़े व दलित वोटर निर्णायक भूमिका निभाते है। आर के चैधरी वर्ष 1994 में वे पहली बार बसपा के टिकट पर इलाहाबाद से उपचुनाव जीतकर विधायक बने थे। इसके बाद तीन बार मोहनलालगंज विधानसभा सुरक्षित सीट से विधायक बने। आर के चैधरी चार बार विधायक व चार बार मंत्री भी रहे हैं और दो बार विधान परिषद के नेता सदन भी रह चुके हैं।सूत्रों की मानें तो ऐसी स्थिति में सबसे अधिक नुकसान बसपा का होगा और भाजपा व सपा में कांटे की टक्कर होगी, फिर हाल भाजपा में टिकट को लेकर घमासान जारी है।

## सार-संक्षेप

### मंदिर स्थापना के लिए निकली धूमधाम से शोभायात्रा

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार।** तीर्थ नैमिषारण्य गयाबर रोड पर नवनिर्मित श्री श्री श्री जगदंबा राजराजेश्वरी स्कंदमाता मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत रविवार को संपूर्ण नैमिषारण्य नगर में बड़ी धूमधाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो गोमती नदी के राजघाट से होते हुए नवनिर्मित मंदिर प्रांगण में पहुंची। जिसमें हजारों की संख्या में बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं और स्थानीय बटुक ब्राह्मणों ने अपनी सहभागिता दी। बताते चलें कि तीर्थ नैमिषारण्य के गयाबर रोड पर स्थित हीरापुर वाले महाराज जी श्री श्री श्री श्री षडभुजानंद पूरी जी महाराज के (हीरापुर वाले स्वामी जी) श्री राज राजेश्वरी आश्रम, कैलाश कुटी, उत्तर नर्मदा तट हीरापुर मध्य प्रदेश अध्यक्षता में जगदंबा राजराजेश्वरी स्कंद माता मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने जा रहा है। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को है और उसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान और पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के आने की भी चर्चा है। इस महायज्ञ में मध्य प्रदेश समेत देश के विभिन्न प्रांतो से हजारों श्रद्धालु आए हुए हैं, जो नैमिषारण्य के विभिन्न होटलों आश्रमों में अपना निवास लिए हुए हैं। इस महायज्ञ में सुबह अयोध्या धाम से पधारे संत द्वारा राम कथा और वृंदावन के कलाकारों के द्वारा रात्रि में रासलीला का आयोजन किया जा रहा है इस महायज्ञ में देश के बड़े बड़े संतो के भी आने की चर्चा है।

### गांव-गांव तक पहुंचायें जनकल्याणकारी योजनाएं



नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का माल्यार्पण करते जिले के भाजपा पदाधिकारी।

**झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** हरगांव विधान सभा के झरेखापुर मंडल मे विद्यादीप स्कूल झरेखापुर में नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह की अध्यक्षता मे मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद मंडल कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि जिला महामंत्री रमेश कुमार भार्गव (दीपू) ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष को माला पहनाकर शुभकामनायें दी तथा बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं मे जोश भरते हुये कहा कि सभी कार्यकर्ता गांवों में जाकर केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुये कहा कि कार्यकर्ता का सम्मान हमारे लिए प्रमुख है सभी कार्यकर्ता बन्धु पार्टी हित व राष्ट्र में सक्रिय होकर काम करें। कार्यक्रम में मौजूद सभी कार्यकर्ताओ ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का माल्यार्पण कर शुभकामनाये दी। इस मौके पर जिलामंत्री युवा मोर्चा कामेश शुक्ला, रीतेश सिंह गौर, अनिल सिंह, ब्रजेन्द्र सिंह, रामनन्दन राना, चन्द्रभाल, विकास विक्रम सिंह, इंद्रपाल सिंह, चरनजीत सिंह, कपिल सिंह, राजकुमार सिंह, आदित्य दीक्षित, सरवन मिश्रा तथा भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वार्षिक शाखा संगम कार्यक्रम संपन्न

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रांगण में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वार्षिक शाखा संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ। शाखा संगम कार्यक्रम में क्षेत्र में लगने वाली सभी शाखाओं के स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज प्रणाम, व्यायाम, सूर्य नमस्कार से हुआ। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए डॉक्टर राम लखन तोमर ने बताया कि शाखा के माध्यम से हम किस प्रकार से अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं, उन्होंने बताया कि वर्ष भर हम सभी शाखा के माध्यम से अपना शारीरिक, बौद्धिक, मानसिक, व्यक्तिगत विकास किस प्रकार से कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि शाखाओं के माध्यम से समाज में समरसता आती है। इस अवसर पर नगर संघचालक श्रीनारायण, सहसंघचालक शिव शंकर, कार्यवाह राजन, शारीरिक प्रमुख सर्वेश, जिला बाल कार्य प्रमुख सलिल, नगर प्रचारक लव, बौद्धिक प्रमुख डॉ. ओमप्रकाश, अनुराग प्रधानाचार्य, छोटेलाल, अनिल, निरंकार, नैमिष, बंशीधर, हर्षित सहित भारी संख्या में स्वयंसेवकों ने शाखा संगम में प्रतिभाग किया।

### पीडीए सम्मेलन में सपा ने भाजपा पर साधा निशाना




सम्मेलन में मौजूद पदाधिकारियों का हुआ स्वागत।

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए सम्मेलन रविवार को गुंधौर गांव में समरजीत कोरी के नेतृत्व हुआ। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव तथा संचालन नागेश्वर नाथ कोरी ने किया। मुख्य अतिथि समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने की। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी बनाए गए अवधेश प्रसाद भी उपस्थित रहे हैं।पूर्व जयशंकर पांडे, हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर, छोटे लाल यादव, संजय यादव, छेदी सिंह, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने सम्बोधित दिया। सभी ने भाजपा पर निशाना साधा।

### राजस्व निरीक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी गठित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** तहसील परिसर के सभागार में रविवार को उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसका नेतृत्व उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार शुक्ला ने किया। कार्यकारिणी में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध अमरनाथ पांडे को चुना गया। इसके साथ-साथ बृजनाथ द्विवेदी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शोभाराम यादव कनिष्ठ उपाध्यक्ष, जयनारायण तिवारी जिला मंत्री, राजाराम संगठन मंत्री, राजेंद्र प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। सुरेश श्रीवास्तव को ऑडिटर नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और संगठन को बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।



कानपुर सेंट्रल स्टेशन में रविवार को भी परीक्षार्थियों का जबर्दस्त रेला रहा। प्लेटफार्म चार-पांच, छह-सात पर ट्रेन में चढ़ने व उतरने के दौरान धक्का-मुक्की हुई। एक महिला का पैर टूट गया। दिल्ली, प्रयागराज, झांसी रूट की ट्रेनों में खासी भीड़ रही।

# तमिलनाडु के बुजुर्ग श्रद्धालु की हुई मौत, एमपी की घायल महिला भर्ती

अयोध्या कार्यालय

- सीने में तेज दर्द और अचानक तबियत बिगड़ने के बाद कराया गया था भर्ती

**अमृत विचार :** रामलला का दर्शन-पूजन करने आये एक तमिलनाडु प्रान्त निवासी बुजुर्ग श्रद्धालु की उपचार के दौरान मेडिकल कालेज में मौत हो गई, जबकि हादसे का शिकार एक महिला श्रद्धालु को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया कि तमिलनाडु प्रांत निवासी 70 वर्षीय रामासुरूपमनि अपने प्रांत के अन्य श्रद्धालुओं के साथ दर्शन पूजन के लिए अयोध्या आया था। शनिवार को सीने में तेज दर्द और अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उसको दर्शननगर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। मेडिकल कालेज के चिकित्सक का कहना है कि एक साल पहले उसकी एंजियोग्राफी हुई थी। शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो पुलिस को भेजवाया गया है। उधर देर शाम अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में ग्रीन फील्ड आवास योजना स्थित टेंट सिटी के पास एक महिला श्रद्धालु उधर से गुजर रही रोडवेज बस की चपेट में आकर घायल हो गई। घायल महिला श्रद्धालु 40 वर्षीय अनीता शर्मा पत्नी शिवकुमार शर्मा निवासी पास माल थाना पासमाल जिला बड़वानी मध्य प्रदेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रीरामदर्शन यात्रा के तहत वह एक दल के साथ आस्था ट्रेन से आज ही इंदौर से अयोध्या आई थी। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर आशीष पाठक ने बताया कि रोडवेज बस का पहिया चढ़ने से महिला का दाहिने पैर घायल हुआ है। उसे भर्ती किया गया है।

### कमरे में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना के सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत डेरामूसी गांव में रविवार को एक युवक का शव कमरे में फंदे से लटकता पाया गया है। मृतक की शिनाख्त वीर चंद्र उर्फ वीरू पुत्र मंशाराम रावत के रूप में हुई है। प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह की सूचना पर फारेसिंक टीम के साथ पहुंचे चौकी प्रभारी अनुराग पाठक ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। चौकी प्रभारी ने बताया कि शव लगभग चार व पांच दिन पुराना लग रहा है। मृतक के पिता और परिवार वालों से जानकारी की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रामोत्सव

**शास्त्रीय नृत्यों और लोक भजनों से सराबोर हुआ रामकथा पार्क**

# कोई आया सखी, फुलवरिया में...

अयोध्या कार्यालय



सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत देते कलाकार।



**अमृत विचार :** रामोत्सव के तहत रामकथा पार्क में हो रहे सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से श्रद्धालु भक्तिमय माहौल में सराबोर हो रहे हैं। रविवार को कलाकारों ने भक्ति गीतों के साथ नृत्य की प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपराह्न सत्र में उज्ज्वल शांडिल्य द्वारा रामकथा के बाद के सत्र में पहले अवधी लोकगायक अंकित उपाध्याय ने 'सांवरिया जय राम रघुबर की' गाकर शुरुआत की। अंबरीस चंद्र पांडेय ने 'कोई आया सखी,फुलवरिया में' भजन प्रस्तुत किया तो महिलाएं सहज भाव से उठकर नृत्य करने लगी। मिथिला में भी रामजी के सुदर्शन रूप पर न्योछावर स्त्रियों के भावों को 'पहुना के गरियाइया जिन' गाकर व्यक्त किया।

लखनऊ से आए कथक के प्रख्यात कलाकार राघवेंद्र प्रताप सिंह ने नृत्य नाटिका द्वारा मंच पर पुत्रेष्टि यज्ञ, चारों राजकुमारों के जन्म से लेकर सीता स्वयंवर तक का प्रसंग का मंचन कर लोगों का मन मोह लिया। ठुमक चलत राम चंद्र पर कलाकारों का ममत्व और धनुष भंग के पूर्व जनक जी की पीड़ा का सभी को भावुक कर गया। प्रतिमा यादव के दल ने पारंपरिक पचरा बाजन बजत बधाइयां गाया। इशिका त्रिपाठी के दल की नृत्य नाटिका ने त्रेता युग का अहसास कराया। पं.जितेंद्र पराशर के दल ने राधा कृष्ण के उदात्त प्रेम को मयूर कुटी में राधारानी के कृष्ण दर्शन को मयूर नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। उर्मिला पांडे के दल ने रामजी के जीवन प्रसंगों को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। डा. जया राय के दल ने नृत्य नाटिका के माध्यम से 'हनुमान चालीसा' प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक अतुल कुमार सिंह, दीपशिखा,सत्यप्रकाश समेत संतजन सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### उच्चतर शिक्षा के तहत अवध विश्वविद्यालय को मिला 100 करोड़ का अनुदान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत भारत सरकार उच्च शिक्षा विभाग की ओर से 100 करोड़ का अनुदान मिला है। उत्तर प्रदेश के छह विश्वविद्यालयों को मिलने वाले अनुदान में अवध विश्वविद्यालय का क्रम में पहला स्थान है। धनराशि मल्टी डिसप्लेनरी एजुकेशन रिचर्स यूनिवर्सिटी योजना के तहत प्रदान की गई है। इस उपलब्धि पर विवि की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने 100 करोड़ की धनराशि विवि के इंफ्रास्टक्चर, डेवलपमेंट, रिनोवेशन, रिसर्च व विभिन्न प्रकार के प्रोग्राम सहित अन्य अकादमिक कार्यों के लिए इस्तेमाल की जायेगी। कुलसचिव डॉ अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि कुलपति के नेतृत्व में यह अनुदान विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ। इस अनुदान को प्राप्त करने के लिए आईक्यूएसी प्रकोष्ठ की ओर से प्रस्ताव तैयार किए गए और उसे सबमिट किया गया। आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ. पीके द्विवेदी ने बताया कि कुलपति के सार्थक प्रयास से विवि को यह अनुदान प्राप्त हुआ।

# उद्योगपतियों का महाकुंभ बनाएगा कीर्तिमान

## 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14 हजार 619 परियोजनाओं का भूमिपूजन करके पीएम मोदी रचेंगे नया इतिहास

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** अयोध्या में दिव्य दीपोत्सव के बाद प्रदेश में एक और नए कीर्तिमान की नींव सोमवार को उद्योगपतियों के महाकुंभ में रखी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे ही रिमोट दबाएंगे, प्रदेश 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन करने वाला विश्व का पहला राज्य बन जाएगा। इसी के साथ पलायन का दंश झेलने को मजबूर हजारों युवाओं को जहां जीवन-यापन का नया रास्ता खुलेगा, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प भी पूरा होना आसान दिखेगा।

जीबीसी के जरिए प्रदेश की तरक्की के इस महाआयोजन की सफलता में देश-विदेश के बड़े उद्योगपति ही नहीं, ओडीओपी में निवेश करने वाले जिला-जवार के उद्यमियों की मेहनत भी है।

पिछले साल इंवेस्टर समिट में 33.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों के हुए एमओयू का मजाक उड़ाने वाले राज्य की विधानसभा से लेकर देश की संसद तक थे। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सपना दिखाने और बेचने वाला बाबा तक कहा, मगर तेजी से बदली निवेश नीतियों ने फार्च्युन-500 कंपनियों को भी प्रदेश में निवेश के लिए ऐसा लालायित किया कि इसका आकार बढ़कर 40 लाख करोड़ तक हो गया। हाल ही में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान और फिर चर्चा में हिस्सा लेते हुए भी

- **प्रदेश के लिए मुख्यमंत्री योगी की कड़ी मेहनत ला रही नई अर्थक्रांति**

विपक्ष ने निवेश प्रस्तावों को कागजी कहकर इसे धरातल पर उतरने को लेकर तमाम आशंकाएं जताई और तंज कसे थे।

लेकिन, सोमवार को इसकी पहली ग्राउंड सेरेमनी में ही 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन के महाआयोजन की तैयारी और उद्योगपतियों के आ रहे विमानों को देख अचंभित हैं।

समूचा शहर दुल्हन की सजा है, रंग-बिरंगी लाइटों के साथ रंग-बिरंगी फूलों की हरियाली और महक मनमोह ले रही है। एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक सोमवार को मेहमान उद्योगपतियों के स्वागत में जगह-जगह 350 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अलग की आभा बिखेरेंगे।

### लक्ष्य से आगे निकले बरेली समेत 19 जिले

प्रदेश के सभी 75 जनपदों में लगने वाली परियोजनाओं में 19 जिले ऐसे हैं, जहां निवेश लक्ष्य से ज्यादा उद्यम धरातल पर उतरेंगे। इसमें एटा ने साढ़े तीन गुना यानि 354 प्रतिशत, सीतापुर ने 145 प्रतिशत, शाहजहांपुर ने 127 प्रतिशत, सोनभद्र ने 121 प्रतिशत, चंदौली ने 117 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर और मुरादाबाद ने 114 प्रतिशत, मीरजापुर ने 113 प्रतिशत, हरदोई ने 111 प्रतिशत, अमेठी ने 108 प्रतिशत, बाराबंकी ने 108 प्रतिशत, फतेहपुर, गोंडा ने 105 प्रतिशत, बरेली ने 104 प्रतिशत, रामपुर ने 103 प्रतिशत, बहराइच ने 101 प्रतिशत और लखीमपुर खीरी, भदोही व बिजनौर ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है।

**उद्योगजगत से अयोध्या जैसा रिकार्ड तोड़ते रहने की उम्मीदः** मुख्यमंत्री बनते ही योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में जैसे अयोध्या में दिवाली के एक दिन पहले लाखों दीप जलाकर विश्व रिकार्ड बनाया और इसे साल-दर-साल अपना ही रिकार्ड तोड़ते जा रहे हैं। ऐसे ही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी भी प्रधानमंत्री के हाथों विश्व रिकार्ड का तमगा हासिल करने के बाद साल-दर साल आगे बढ़ती गई तो प्रदेश की अर्थव्यवस्था समूचे विश्व को ललचाएगी। लोगों की तरक्की देखने लायक होगी। अर्थशास्त्र के जानकार कहते हैं कि विश्व में कोई ऐसा उदाहरण नहीं है, जहां इतने बड़े पैमाने पर उद्योग एक साथ लग रहे हों। सोमवार को धरातल पर कार्यक्रम की सफलता नया इतिहास रचेगी।

# तैयारीः सभी मंडल और जिलों में बनेगा होम्योपैथिक कार्यालय

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचारः** जल्द ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की तरह हर जिले में जिला होम्योपैथिक कार्यालय (डीएचओ) होंगे और मंडलस्तर पर मंडलीय कार्यालय स्थापित होंगे। जहां से जनसामान्य को मिल रहीं होम्योपैथिक चिकित्सीय सेवाओं की निगरानी की जाएगी। इसके लिए शासन द्वारा हर कार्यालय के लिए सात पद के अनुसार 93 कार्यालयों के में कुल 651 पद सृजित किये जा चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग के जिला अस्पतालों में संचालित होने वाले होम्योपैथिक अस्पताल व डिस्पेंसरियों की बदहाली खत्म होगी। इसके लिए प्रदेश के सभी 18 मंडलों में मंडलीय कार्यालय स्थापित किये जायेंगे साथ ही 75 जिलों में जिला होम्योपैथिक कार्यालय खोले जायेंगे।

### बढ़ेंगे चिकित्सक और फार्मासिस्ट

साल 1995 से पृथक रूप से संचालित हो रहें होम्योपैथिक विभाग में 1585 चिकित्सक पदों के सापेक्ष 240 पद रिक्त हैं। साथ ही फार्मासिस्टों के 1572 पदों में 397 पद रिक्त हैं। विभागीय पदोन्नति कमेटी की बैठक में पदोन्नति पाने के बाद रिक्त हुये 240 चिकित्साधिकारी और 397 होम्योपैथिक फार्मासिस्टों की नियुक्ति के लिए लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेज दिया गया है। चयनित होने के बाद इन्हें होम्योपैथिक अस्पताल व डिस्पेंसरियों में तैनात किया जायेगा।

इन मंडलीय कार्यालय में एक सहायक लेखाकार, एक स्टैनो ग्राफर, एक वरिष्ठ सहायक और कनिष्ठ सहायक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के दो-दो पद संचालित होंगे। होम्योपैथिक निदेशक उप्र डॉ.अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि अभी तक जिलों में चिकित्सकीय सेवाओं की निगरानी मुख्यालय से की जाती है। स्थानीय स्तर पर अपने कार्यालय न होने की वजह से दिक्कतों आती हैं।

राज्य सरकार द्वारा कार्यालय संचालन की स्वीकृत मिलने के बाद स्थितियां बदलेंगी। वर्तमान में 15 जिलों में खुद के होम्योपैथिक कार्यालय संचालित हो रहें हैं। महोबा, उन्नाव, कानपुर देहात और प्रतापगढ़ में कार्यालय के लिए जमीन मिल चुकी है। शेष अन्य जिलों में जिलाधिकारियों को जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जा चुके हैं। बिठूर में नई डिस्पेंसरी तैयार हो चुकी है, चिकित्सकों की तैनाती होते ही मरीजों को इलाज की सुविधा मिलने लगेंगी।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में निगरानी के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम तैयार

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 22 फरवरी से 8265 केंद्रों पर शुरू होने जा रही 10वीं 12वीं की परीक्षा में 55 लाख से अधिक परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षा की निगरानी राजधानी के पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिविर कार्यालय में बनाये गये कंट्रोल रूम से की जायेगी। इस कंट्रोल रूम उद्घाटन माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने किया।



माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में स्थापित कंट्रोल रूम का अवलोकन करतीं माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी व अन्य। अमृत विचार

मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन सम्पन्न कराने हेतु प्रदेश में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जिनमें 275 परीक्षा केंद्रों को अति संवेदनशील एवं 466 परीक्षा

- **माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने किया उद्घाटन**
- **सुविधा के लिए परीक्षा के समय में किया गया परिवर्तन**
- **22 से 8265 केंद्रों पर शुरू हो रही परीक्षा**

केन्द्रों को संवेदनशील परीक्षा केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकार्डर तथा राउटर संस्थापित किये गये हैं, जिसके माध्यम से सम्पूर्ण परीक्षा अवधि की लाइव मॉनीटरिंग वेबकास्टिंग के माध्यम से की जायेगी। कंट्रोल रूम उद्घाटन के मौके पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव, अपर शिक्षा निदेशक सुरेंद्र कुमार तिवारी, अपर शिक्षा निदेशक अजय कुमार द्विवेदी, माध्ययमिक शिक्षा परिषद सचिव दिव्यकान्त शुक्ल सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

**इस पर परीक्षा के समय में किया गया परिवर्तनः** माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेन्द्र देव ने बताया कि छात्र-छाआओं की सुविधा के दृष्टिगत इस वर्ष प्रथम बार प्रथम पाली की परीक्षा का समय प्रातः 8.00 से 11.15 के स्थान पर बढ़ाकर 8.30 से 11.45 किया गया है। द्वितीय पाली की परीक्षा समय पूर्ववत् अपरान्ह 2.00 से शाम 5.15 तक है। परीक्षा की शुचिता व नकलविहीन परीक्षा के आयोजन के दृष्टिगत इस वर्ष प्रथम बार परिषद के पांचों क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, बरेली एवं 5 गोरखपुर एवं मुख्यालय प्रयागराज में भी एक-एक कन्ट्रोल सेन्टर स्थापित कराया गया जोकि 75 जनदीय एवं 02 राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम के अतिरिक्त बोर्ड परीक्षा का ऑनलाइन निगरानी करेंगे। प्रत्येक जनपद में ऑनलाइन मॉनीटरिंग के लिए जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की निगरानी हेतु एसटीएफ एवं एलआईयू को सम्पूर्ण परीक्षा अवधि तक सक्रिय रखा गया है, जिससे परीक्षा प्रश्न-पत्रों के प्रकटन के प्रयास की सम्भावना पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके। मंत्री ने बताया कि जनपदवार कम्प्यूटर ऑपरेटर्स, दोनों पालियों में अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु मण्डल प्रभारी तथा कन्ट्रोल रूम प्रभारी की तैनाती की गयी है।

### मुद्दों से ध्यान भटका रही सरकारः अखिलेश

**लखनऊः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने इन्वेस्टर समिट और निवेश के नाम पर अभी तक जनता के साथ छलावा किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता को धोखा देने के लिए भाजपा नए-नए इवेन्ट के जरिए मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए चुनाव से पहले नई-नई कसरत करती रहती है। रविवार को जारी एक बयान में उन्होंने कहा, जनता भाजपा की इन चालों को समझती है। सपा प्रमुख ने कहा कि चमक दमक और दिखावा करने से निवेश नहीं आता है। निवेश और नौकरी, रोजगार के लिए ठोस और स्पष्ट नीति की आवश्यकता होती है।

# परीक्षा दे रही युवती की बिगड़ी हालत

## पुलिस भर्ती परीक्षाः दूसरे दिन आठ परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में हुआ इम्तिहान

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को परीक्षा जनपद में नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने संयुक्त रुप से परीक्षा केंद्र आर.आर.पी.जी. कालेज तथा महाराजा अग्रसेन बालिका इण्टरमीडिएट कालेज अमेठी का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान डीएम व एसपी ने परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का गहनता से निरीक्षण किया तथा परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। इसके अतिरिक्त परीक्षा में लगाए गए सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगातार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। बताते चलें कि पुलिस भर्ती परीक्षा जनपद के आठ परीक्षा केंद्रों क्रमशः राजीव गांधी पॉलिटेक्निक, मंगलम महिला विद्यालय, इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज, शिव महेश गर्ल्स इंटर कॉलेज, मनीषी महाविद्यालय, अग्रसेन गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजर्षि रणजंय सिंह असल देव कॉलेज, आरआर पीजी कॉलेज में दो पालियों में परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें 7584 अभ्यर्थियों में से 7190 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 394 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# जन संवाद विकास यात्रा के माध्यम से स्मृति भरेंगी हुंकार

**संवाददाता, अमेठी।** तय कार्यक्रम के अनुसार आज भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर राहुल गांधी अमेठी पहुंचेंगे। वहीं स्मृति ईरानी भी जिले में दो दिन जनसंवाद विकास यात्रा के माध्यम ने हुंकार भरेंगी। अपनी मजबूती का दावा दोनों दिग्गज नेताओं का जनता के बीच सीधा संदेश जाएगा।

यात्रा में शामिल होने और भीड़ जुटाने के लिए कांग्रेस डोर टू डोर कैम्पेन कर रही है। इस बीच भारत जोड़ो न्याय यात्रा से ठीक एक दिन पहले अमेठी सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी भी 19 और 20 फरवरी को जिले में रहकर विभिन्न ब्लाकों में जनसंवाद विकास यात्रा निकालकर हुंकार भरेंगी। लोक सभा चुनाव से ठीक पहले स्मृति ईरानी और राहुल गांधी अपनी मजबूती दिखाने के लिए सीधे जनता के बीच अग्नि परीक्षा से गुजरना होगा। स्मृति सोमवार को संग्रामपुर ब्लाक में एक व भादर ब्लाक में आठ जगह जन संवाद विकास यात्रा में संबोधन के साथ सरकार की योजनाओं को गिनाने के साथ उससे लाभान्वित होने के लिए प्रेरित भी करेंगी। मंगलवार के दिन भेटुआ ब्लाक में सात और अमेठी ब्लाक में दो जगह जन संवाद विकास यात्रा में शामिल होंगी। 21 को सलोन विस में कई कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद कौशाम्बी के लिए निकलेंगी।

## सार-संक्षेप

### कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी : किरन त्रिपाठी

**जगदीशपुर, अमेठी।** परीक्षा में बच्चे लगन व कड़ी मेहनत से अच्छे अंक हासिल कर सकते हैं। उक्त बातें रामफेर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज पलिया पश्चिम परिसर में किरन त्रिपाठी प्रधानाचार्य ने हाई स्कूल व इंटर के बच्चों की विदाई समारोह के अवसर पर कही। इस अवसर पर आगे बोलते हुए प्रचनाचार्या किरन त्रिपाठी ने कहा कि परीक्षा देते समय किसी प्रकार का दबाव न आने दें, तथा पेपर को भली भांति पढ़कर ही उत्तर दें। जिससे प्रश्नों का उत्तर सही से दे सकें। आवश्यकता होने पर उत्तर में उदाहरण भी दें, इसके साथ ही साथ परीक्षा केंद्र पर समय से आधे घण्टे पूर्व पहुचने की कोशिश करें। जिससे किसी प्रकार की कठिनाई न हो। परीक्षा की तैयारी में कोर्स का रिवीजन करके ही जाए और खानपान पर विशेष ध्यान रखे। इस दौरान प्रबन्धक वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर जाने के लिए जिस वाहन से जाए, उसे सावधानी पूर्वक चलाए। जिससे कि केंद्र पर सुरक्षित पहुंच सकें। परीक्षा केंद्र पर अनुशासन बनाए रखे, किसी प्रकार की दिक्कत होने पर परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक से सम्पर्क कर अपनी समस्या को हल करें। इस अवसर पर ओम प्रकाश दुबे, सन्दीप यादव, अभिषेक, संजीव कुमार, राधेश्याम द्विवेदी, रहमतुल, पूनम, रिंकी, उपमा, सरिता देवी, नीलम आदि रहीं।

### चारा मशीन से युवक के हाथ की अंगुली कटी

**फुरसतगंज, अमेठी।** खैरहना निवासी राजकरन (45) टैक्टर से उडवा में भूसा काटा रहे थे। तभी अचानक बाया हाथ चारा मशीन में फंस जाने से बाये हाथ की उंगुली कट गई। जिसमें राजकरन गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणो की मदद से उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज लाया गया। जहां प्रथम उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुये डॉक्टर ने जिला अस्पताल रायबरेली रिफर कर दिया गया।

### क्रिकेट खिलाड़ियों ने मैदान में दिखाया दमखम

**फुरसतगंज, अमेठी।** राविवर को पहला मैच पीढ़ी बजार बनाम धरम सराय के मध्य खेला गया। जिसमें धरम सराय ने टॉस जीतकर फील्डिंग का चयन किया। जिसमें पीढ़ी बाजार पहले बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट खोकर 129 रन का लक्ष्य धरम सराय की टीम को दिया। जिसमें मुकेश मौर्य ने नाबाद 71 रन और संजय यादव द्वारा 38 के योगदान के साथ 125 रनों की साझीदारी हुई और धर्मसराय की टीम को 130 रनो का लक्ष्य दिया। जिसने धरम सारे 8 ओवर मी ऑल आउट होकर मात्रा 37 रन ही बना पाई। मुकेश मौर्य ने नबाद 71 रनो की ताड़ब तोड़ पारी खेली और गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट भी प्राप्त किये साथ मैन ऑफ द मैच बने। दूसरा मैच मर्दन का पुरवा बनाम रहीम गंज के मध्य खेला गया। जिसमें रहीम गंज ने टॉस जीतकर पहले बल्ले बाजी करते हुए 70 रन बनाए। दूसरे पारी में मर्दन का पुरवा 70 रनो का पीछा करते हुए मात्रा 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 71 रन बनाकर जीत हासिल की। मर्दन का पुरवा की ओर से दिनेश 36 रन और 2 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच प्राप्त किया। पहला मैन ऑफ द मैच मुकेश मौर्य को विनय तिवारी और दूसरा मैन ऑफ द मैच दिनेश को अयोजक उमेश कुमार तिवारी एडवोकेट के द्वारा दिया गया। जिसे सरीश तिवारी (गोलू) अनुज बाजपेयी रंजीत हर्षित तिवारी अभिषेक तिवारी कौशलेंद्र सिंह आदि लोग मौजुद रहे।

### गोकर्ण की कथा सुनकर भाव-विभोर भक्त

**भेटुआ, अमेठी।** घटमापुर (गंगहुआ) गांव में शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने भागवत कथा में धुंधकारी और गोकर्ण के आचरण एवं विचारों का बड़ा ही मार्मिक दृश्य कथा के रूप में प्रस्तुत किया और यह भी कहा कि पूत सपूत तो का धन संचय अर्थात कथा के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया। अयोध्या से पधारे कथा व्यास डॉक्टर रोहित शरण महाराज ने भागवत का महात्म्य सुनाते हुए कहा कि भागवत श्रवण करने से जीवन की सारी व्यथा और कष्ट दूर हो जाते है। बताया कि जिस प्रकार से भागवत कथा में राजा परीक्षित को सृंगी ऋषि द्वारा शाप मिलता है। ऐसे कृत्य से लोगो को सावधान रहना चाहिए। यह श्रीमद् भागवत कथा देवताओं को भी दुर्लभ है। कथा व्यास ने कहा कि धर्म का आधार बहुत मजबूत है, जब जब धर्म की हानि होती है। प्रभु धर्म की रक्षा के लिए स्वयं अवतार लेते हैं और धर्म विनाशक शक्तियों को जड़ से मिटा देते हैं। श्रीमद भागवत कथा हमें ये प्रेरणा देती है कि हम धर्म और न्याय के मार्ग पर ही चलें। कथा सुनने मात्र से बड़े बड़े पाप मिट जाते हैं और मनुष्य के लिए मोक्ष का मार्ग खुल जाता है। कथा में राष्ट्रीय संगीत कलाकार पंडित जितेंद्र कुमार के भजन को सुनकर लोग भाव विभोर हो गए। कथा यजमान देवता दयाल पाण्डेय ने श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कृपा शंकर पांडे, रजत, पवन, हरिप्रसाद पांडे, राम अनुग्रह, गया प्रसाद, अरुण प्रसाद, राम अचल, संतोष, दिनेश तथा डॉक्टर घनश्याम द्विवेदी के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### महमदपुर कोहरा के 19 घरों में गायत्री महायज्ञ संपन्न

**अमेठी।** मनुष्यों और देवताओं के बीच का सम्पर्क सूत्र यज्ञ ही है। उसको सुदृढ़ बनाने के लिए पहले हवन करें फिर खायें। उक्त बातें करते हुए यज्ञाचार्य राम शंकर पाठक ने यज्ञ कराते हुए बताया कि यज्ञ द्वारा प्रसन्न किये गये देवता मनुष्य को इष्ट भोग प्रदान करते हैं, जिससे उसका कल्याण होता है। आचार्य सुभाष चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि उज्जवल भविष्य की कामना सब करते हैं, किन्तु उसके लिए उज्जवल चरित्र की पात्रता जरुरी है। गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान एवं यज्ञ से इस दिशा में मदद मिलती है। यज्ञाचार्य इंद्रदेव शर्मा ने यज्ञ कराते हुए बताया कि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने परिवार को व्यक्ति निर्माण की टकसाल माना है, परिवार को चरित्र निर्माण की प्रयोग शाला, व्यायाम शाला, समाज निर्माण की मजबूत इकाई कहा है। परमेश्वर दीन पांडेय ने यज्ञ कराते हुए बताया कि घर परिवार को उत्कृष्ट बनाने के लिए गुरुदेव ने पांच सूत्रों के पालन की आवश्यकता बताई है। यजमानों में मुख्य रूप से पंकज सिंह, अमरेज बहादुर सिंह, ब्रिजेश सिंह, अजीत कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, सुरेश सिंह, लाल साहब सिंह, शुभम् सिंह, दूध नाथ सिंह, अरुण कुमार सिंह, विभव सिंह, संजय सिंह रहे।

# 2759 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**संवाददाता, अमेठी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिले में कुल 2759 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच हुई। आरोग्य मेले में कुल 105 गोल्डन कार्ड भी बनाये गए हैं।

अमेठी जनपद की 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित हुए मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में रविवार को कुल 2759 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाएं भी वितरित की गईं। सीएमओ डा. अंशुमान सिंह ने बताया कि जिले में 30 स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेला लगाया गया। इसमें 59 डाक्टर, 249 पैरास्टाफ लगाए गए थे। इस दौरान



मरीजों का चेकअप करते डॉ. अंशुमान।

105 गोल्डेन कार्ड बनाए गए। 36 मरीज रेफर किए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आरोग्य स्वास्थ मेला लगा। इसमें शुगर, उच्च रक्तचाप, कोविड, मलेरिया, पैथालॉजी में जांच की गई, साथ ही दवा भी वितरण किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्ड का पंजीकरण, वितरण व टीकाकरण किया गया। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड भी बनाये गए।

सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ- शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है। हर रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन होता है। इसका लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए। रविवार को जिले के सभी पीएचसी पर मुख्य मंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें 1095 पुरुष, 1248 महिला, 416 बच्चों का इलाज किया गया है।

# आग से राख हो गई गरीब की गृहस्थी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** अज्ञात कारणों से लगी आग ने ऐसी तबाही मचाई कि घर-गृहस्थी का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। इतना ही नहीं आवास के लिए बैंक से निकाला गया नगदी भी राख हो गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया तो सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। राजस्व टीम आग से हुए क्षति का आकलन करने में जुटी है।

कुड़वार थाना क्षेत्र के भगवानपुर उतमानपुर गांव निवासी रामकृपाल यादव के घर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की लपटें उठी तो परिजन छप्परनुमा आवासीय मकान से निकलकर भाग जान बचाते हुए



कुड़वार में आग लगने से जला हुआ छप्परनुमा आवासीय मकान। अमृत विचार

गुहार लगाई। आवाज सुन आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड टीम को दिया। सूचना मिलते ही फायर टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया था। बताया जा रहा है कि रामकृपाल ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 65 हजार रुपए अकाउंट से निकालकर घर में ला रखा था। इसके अलावा 10 हजार रुपए उसने अपने जमा कर रखे थे। वह घर निर्माण कार्य शुरू कराने वाला था कि आग ने सब कुछ तबाह कर दिया। आवास के सरकारी पैसे के साथ एकत्रित किया हुआ पैसा जल जाने से राम कृपाल सदमे में हैं। वहीं घर गृहस्थी का सामान जल जाने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ संगठन का काम शुरू

**संवाददाता, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा देने और बहुजन समाज पार्टी में घर वापसी के बाद राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष रहे जिया लाल त्यागी को बसपा सुप्रीमो बहन मायावती ने अयोध्या मंडल का मंडल प्रभारी बनाया है। जिया लाल त्यागी ने रविवार को जिले का दौरा कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

नगर स्थित बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव मंहगाई, बेरोज़गारी और भारतीय संविधान को बचाने के मुद्दे पर होगा। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन मायावती ने अपने चार बार के मुख्य मंत्रित्व काल में सर्वसमाज की भलाई के काम किए और देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में कानून का राज कायम किया। अच्छा शासन और अच्छा काम ही बहुजन समाज पार्टी की पहचान है। सर्व जन हिताय, सर्वजन सुखाय बसपा की नीति है। डाक-बंगले पर पत्रकारों से बातचीत में जिया लाल त्यागी ने कहा कि कांग्रेस ने भारतीय संविधान को कमजोर किया। इस मौके पर दिलीप कुमार, संजीव भारती, प्रेम मोहन त्रिपाठी, आरके बौद्ध, राम अभिलाष बौद्ध, रामफल फौजी, श्याम कुमार, जंग बहादुर गौतम, प्रमोद कुमार, दिलीप कुमार, ललित कुमार, इन्द्र जीत गौतम, ज्योति वर्मा, मो. इश्तियाक आदि मौजूद रहे।

# आज अमेठी पहुंचेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**संवाददाता, अमेठी।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज अमेठी पहुंचेगी। माना जा रहा है कि यात्रा के अमेठी पहुंचने के बाद ही यहां की सियासी तस्वीर साफ होगी। अमेठी और रायबरेली, जिसकी नुमाइंदगी एक लंबे वक्त से गांधी परिवार ही करता रहा है, इस बार अब तक यहां पर दावेदारी साफ नहीं है। राहुल गांधी साल 2019 में अमेठी से लोकसभा चुनाव हारने के बाद से अब तक महज तीन बार ही अमेठी पहुंचे हैं। राहुल गांधी लोकसभा चुनाव हारने के कुछ दिन बाद अमेठी पहुंचे थे। इसके बाद वह साल 2021 में एक बार महंगाई के खिलाफ हुई पदयात्रा में हिस्सा लेने आए थे। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भी वह प्रचार



अकेलवा चौराहे पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के विश्राम स्थल पर लगता पंडाल।

करने पहुंचे थे। यही राहुल गांधी का अमेठी में आखिरी दौरा था। तकरीबन पांच साल तक यूपी की प्रभारी रहीं प्रियंका गांधी भी अधिकृत तौर पर पूरे कार्यकाल में 3-4 बार ही अमेठी आई। इस वजह से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद अब राहुल गांधी अमेठी से चुनाव न लड़ें। हालांकि फिलहाल स्थितियां बदलती हुई दिख रही हैं। अमेठी के तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता इस बात के लिए आशान्वित हैं कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का अमेठी में कोहरा, पुलिस लाइन, ककवा ओवरब्रिज के पहले और अंत में, चौक मस्जिद के सामने, सगरा तिराहा, देवी पाटन मंदिर, बारामासी, टिकरिया, महिला थाना मोड़, स्टेट बैंक के सामने, मुसाफिरखाना मोड़, सैठा तिराहा फल मंडी, बस स्टैंड, गौरीगंज-अमेठी तिराहा, जामों मोड़, गांधीनगर, जायस-जगदीशपुर मोड़, बस स्टैंड, वहाबगंज, नौगजी बाजार व बहादुरपुर तिराहा पर स्वागत की तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि दोपहर बाद चार बजे ऐन्थी टोल प्लाजा के पास आयोजित जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। अमेठी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल रहेंगे।



## खेल डायरी

### शृंखला 3-2 से जीतने का लक्ष्य बनाएगी टीम : बेन

**राजकोट, एजेंसी।** कप्तान बेन स्टोक्स ने रविवार को कहा कि इंग्लैंड की टीम रविवार को भारत से मिली 434 रन की हार के बाद भावनाओं को पीछे छोड़कर बचे हुए दो मैच जीतकर शृंखला 3-2 से अपने नाम करने का लक्ष्य बनायेगी। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहले टेस्ट में 28 रन से जीत हासिल की थी लेकिन विशाखापत्तनम में उसे भारत से 106 रन से हार मिली थी। स्टोक्स ने कहा, मैंने यहां आने से पहले बात की और कहा कि ऐसे हफ्ते मुश्किल होते हैं। इंग्लैंड के लिए मैच हारना ऐसा नहीं है कि आप वहां होना चाहते हो लेकिन व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि जीत या हार दिमाग में होती है। उन्होंने कहा, मैंने सुनिश्चित किया कि हर तरह की भावनाएं, सभी तरह की निराशा अब सिर्फ ड्रेसिंग रूम में ही रहेगी और सुनिश्चित करो कि यह यहीं तक सीमित रहे। हमारे दो और मैच बचे हैं और कप्तान के तौर पर मैं बस यही सोच रहा हूं कि इस शृंखला को 3-2 से जीतें। स्टोक्स ने कहा कि लगातार दो बुरी हार के बाद भी इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट के प्रति योजना में कोई छेड़छाड़ नहीं होगी।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को शूटआउट में हराया

**राउरकेला, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया को हराकर उलटफेर करने के एक दिन बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में अमेरिका को शूटआउट में 2-1 से मात दी। निर्धारित समय में दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं जिसमें भारत के लिए ड्रैग फ्लिकर दीपिका कुमारी ने 19वें मिनट में और अमेरिका के लिए एशले सीसा ने 45वें मिनट में गोल दागा। शूटआउट में मुमताज खान और सोनिका ने गोल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया की क्रोयूस ने गोल किया। भारतीय कोच यानेक शॉपमैन खुश नहीं होंगी क्योंकि सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम ने मैच में कई पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किए लेकिन निर्धारित समय में जीत दर्ज नहीं कर सकी।

### तुर्की महिला कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में होने वाले तुर्की महिला कप 2024 के लिए रविवार को 23 सदस्यीय महिला सीनियर टीम की घोषणा की। भारतीय टीम सोमवार को तुर्की के लिए रवाना होगी। इससे पहले भारत ने 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को एस्तोनिया के खिलाफ खेलेगा। राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारत इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से भिड़ेगा। तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चैंपियन बनेगी।

### आईपीएल की सर्वकालिक टीम के कप्तान चुने गए धोनी



**नई दिल्ली।** करिश्माई भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सर्वकालिक महान टीम का कप्तान चुना गया। इस टीम का चयन 2008 में शुरू की गई टी20 लीग की सफलता का जश्न मनाने के लिए किया गया। 20 फरवरी को आईपीएल की पहली नीलामी के 16 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों और करीब 70 पत्रकारों की मदद से आईपीएल की सर्वकालिक महान टीम का चयन किया। इसके चयन पैनल में वसीम अकरम, मैथ्यू हेडन, टॉम मूडी और डेल स्टेन जैसे पूर्व क्रिकेटर थे। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर और भारत के विराट कोहली को सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया जबकि 'यूनिवर्सल बॉस' क्रिस गेल को बल्लेबाजी क्रम में नंबर तीसरा स्थान दिया गया है। मध्यक्रम में सुरेश रैना, एबी डिविलियर्स, सूर्यकुमार यादव और धोनी को जगह मिली है जबकि हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा और कीरोन पोलार्ड 15 सदस्यीय टीम में तीन ऑलराउंडर है। राशिद खान, सुनील नरेन और युजवेंद्र चहल को स्पिन गेंदबाज के तौर पर चुना गया है जबकि लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह दो तेज गेंदबाज है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि कप्तानी के लिए धोनी के नाम पर सहमति बनना तय था। उन्होंने हर खिताब जीता है। विश्व कप, आईपीएल, आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी। उनमें कप्तानी के नैसर्गिक गुण है और मैदान के बाहर और अंदर उन्होंने चीजों को शानदार तरीके से निपटा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी ने कहा कि धोनी ने अच्छी टीम के अलावा औसत टीम के साथ भी खिताब जीता है।

# जायसवाल और जडेजा का जलवा, भारत की बड़ी जीत

## यशस्वी ने जड़ा दोहरा शतक और रविंद्र ने लिए 5 विकेट, तीसरे टेस्ट के चौथे दिन ही इंग्लैंड को 434 रन से हराया

### भारत-इंग्लैंड का तीसरा टेस्ट

राजकोट, एजेंसी





**214** रन
236 गेंद
14 चौके
12 छक्के

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और रविंद्र जडेजा के 5 विकेट की मदद से भारत ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट मैच में रविवार को चौथे दिन ही 434 रन से करारी शिकस्त देकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की और 5 मैचों की शृंखला में 2-1 से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के आगे नहीं चल पाई तथा 557 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम 39.4 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। जडेजा ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। कुलदीप ने दो जबकि बुमराह और अश्विन ने एक-एक विकेट लिए। भारत की इससे पहले रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत 372 रन की थी जो 2021 में मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली थी। इंग्लैंड के खिलाफ यह किसी भी टीम की दूसरी बड़ी जीत है। भारतीय धरती पर रनों के लिहाज से यह बड़ी जीत का भी रिकॉर्ड है। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में 209 रन बनाने वाले जायसवाल ने नाबाद 214 रन की पारी खेली, जिसकी मदद से भारत ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 430 रन पर समाप्त की घोषित करके इंग्लैंड के सामने असंभव लक्ष्य रखा। भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाकर इंग्लैंड को 319 रन पर आउट किया था। जायसवाल ने 236 गेंद में 14 चौके और 12 छक्के लगाए। इस तरह से उन्होंने एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने सरफराज खान (नाबाद 68) के साथ पांचवें विकेट के लिए 172 रन की साझेदारी की। पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज ने मैच में लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया। इससे पहले शुभमन गिल ने 91 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहली पारी में शतक जड़ने वाले बेन डकेट आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। डकेट ने दावा किया था कि भारत कितने भी रन बनाए इंग्लैंड की टीम उसे हासिल कर सकती है लेकिन वह 4 रन बनाकर रन आउट हो गए। बुमराह ने विश्राम से ठीक पहले जॉक क्राउली (11) को पगबाधा आउट कर दिया। अश्विन को परिवार में आपात चिकित्सा स्थिति से टीम छोड़नी पड़ी थी, लेकिन उन्होंने चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर वापसी की। रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से जडेजा को गेंद थमाई जिन्होंने ओली पोप (03) को स्लिप में रोहित के हाथों कैच कराया और फिर अगले ओवर में जॉनी बेयरस्टो (04) को पगबाधा आउट किया। इससे इंग्लैंड का स्कोर 4 विकेट पर 28 रन हो गया। जब इंग्लैंड का स्कोर 50 रन था तब जो रूट (07) और कप्तान बेन स्टोक्स (15) भी पवेलियन लौट गए। रूट को जडेजा ने पगबाधा आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया जबकि कुलदीप ने स्टोक्स को इसी तरह से आउट करके इंग्लैंड की उम्मीद पर पानी फेर दिया। कुलदीप ने रेहान अहमद (00 को लॉन्ग ऑन क्षेत्र में कैच करा कर इंग्लैंड का स्कोर 7 विकेट पर 50 रन कर दिया। बेन फॉक्स (16) और टॉम हार्टली (16) ने अगले 11 ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया। यह दोनों बल्लेबाज हालांकि 3 गेंद के अंदर पर पवेलियन चले गए। फॉक्स को जडेजा ने विकेटकीपर ध्रुव जुरैल के हाथों कैच कराया जबकि हार्टली को अश्विन ने बोल्ड किया। मार्क वुड (33) ने 16 गेंद की पारी में 6 चौके और 1 छक्का लगाकर हार का अंतर काम किया। जडेजा ने उन्हें जायसवाल के हाथों कैच कराकर अपना पांचवा विकेट लिया। इससे पहले जायसवाल ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की धुनाई की।

**557** रन का मुश्किल लक्ष्य भारत ने इंग्लैंड को दिया था

**122** रन पर अंग्रेजों की पुरी टीम सिमटी, नहीं चले बल्ले



### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी-445) दूसरी पारी 430/4 (98 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 214 | 236 | 14/12 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट | 19 | 28 | 3/0 |
| शुभमन गिल रन आउट | 91 | 151 | 9/2 |
| रजत पाटीदार का रेहान बो हार्टले | 00 | 10 | 0/0 |
| कुलदीप यादव का रूट बो रेहान | 27 | 91 | 3/1 |
| सरफराज खान नाबाद | 68 | 72 | 6/3 |

**अतिरिक्त:** 11, **विकेट पतन:** 1-30, 2-191, 3-246, 4-258, **गेंदबाजी:** एंडरसन 13-1-78-0, रूट 27-3-111-1, हार्टले 23-2-78-1, वुड 10-0-46-0 रेहान अहमद 25-1-108-1

**इंग्लैंड (पहली पारी-319) दूसरी पारी 122/10 (39.4 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जॉक क्राउली पगबाधा बो बुमराह | 11 | 26 | 2/0 |
| बेन डकेट रन आउट | 04 | 15 | 0/0 |
| ओली पोप का शर्मा बो जडेजा | 03 | 14 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो जडेजा | 07 | 40 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो जडेजा | 04 | 03 | 1/0 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 39 | 1/0 |
| बेन फोक्स का जुरेल बो जडेजा | 16 | 39 | 2/0 |
| रेहान अहमद का सिराज बो कुलदीप | 00 | 05 | 0/0 |
| टॉम हार्टले बो अश्विन | 16 | 36 | 2/1 |
| मार्क वुड का जायसवाल बो जडेजा | 33 | 15 | 6/1 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 01 | 09 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 12, **विकेट पतन:** 1-15, 2-18, 3-20, 4-28, 5-50, 6-50, 7-50, 8-82, 9-91, 10-122 **गेंदबाजी:** जसप्रीत बुमराह 8-1-18-1, मोहम्मद सिराज 5-2-16-0, रविंद्र जडेजा 12 .4-4-41-5, कुलदीप यादव 8-2-19-2, रविचंद्रन अश्विन 6-3-19-1

### अश्विन टीम से जुड़े, चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर उतरे

**राजकोट, एजेंसी।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन चाय के विश्राम के बाद मैदान पर उतरे। अश्विन को मैच के दूसरे दिन अपना 500वां विकेट हासिल करने के कुछ देर बाद अपनी मां के बीमार होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच को बीच में छोड़ना पड़ा था। आईसीसी के नियमों के मुताबिक अश्विन को मैच के तीसरे दिन अनुपस्थित रहने पर 'पेनल्टी टाइम' का सामना नहीं करना पड़ेगा। आईसीसी के अनुच्छेद 24 .3 .2 के अनुसार, अगर खिलाड़ी ने अंपायरों की राय में किसी स्वीकार्य कारण से मैदान छोड़ा है तो इस अनुपस्थिति पर जुर्माना नहीं लगेगा। इसमें बीमारी या आंतरिक चोट शामिल नहीं है। रविवार दोपहर राजकोट पहुंचे अश्विन को चाय के विश्राम के दौरान अभ्यास करते देखा गया। इससे पहले बीसीसीआई ने रविवार को दिन के पहले सत्र में बताया था अश्विन टीम से जुड़ेंगे।



### टेस्ट मुश्किल है, मैं इसे यादगार बनने को तैयार : यशस्वी

**राजकोट।** करियर के शुरुआती दौर में ही दो दोहरे शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि टेस्ट 'कठिन' है, लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ा बनाने में विश्वास रखते हैं। इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 236 गेंदों में नाबाद 214 रन बनाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ जुलाई 2023 में पदार्पण करने वाले जायसवाल का छठा मैच में यह दूसरा दोहरा शतक था। जायसवाल ने राजकोट टेस्ट में एक पारी में किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक छक्के (12) लगाकर रिकॉर्ड बुक में भी नाम दर्ज कराया। जायसवाल ने कहा कि उन्होंने सत्र दर सत्र खेलने की कोशिश की। उन्हें पारी के दौरान पीठ में ऐंठन की समस्या से भी निपटना पड़ा। यह मेरे लिए काफी मुश्किल था क्योंकि शुरू में मैं रन नहीं बना पा रहा था। इसलिए सत्र दर सत्र खेलना पड़ा और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना पड़ा। तभी मुझे लगा कि मैं रन बना सकता हूं।

# भारतीय महिलाओं ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड की टीम को 3-2 से दी मात

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी



युवा अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे भारतीय महिलाओं ने रविवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। पीवी सिंधु की अगुवाई वाली महिला टीम ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा दो बार के कांस्य पदक विजेता थाईलैंड को हराया। भारतीय महिलाओं का इस चैंपियनशिप में यह पहला बड़ा खिताब है, जिससे उसका चीन के चेंगदू में 28 अप्रैल से पांच मई तक होने वाले उबेर कप के लिए मनोबल बढ़ेगा। अनमोल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि हमने स्वर्ण पदक जीता क्योंकि यह पहली बार है जब भारत बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीत रहा है। भारत ने इससे पहले इस प्रतियोगिता में दो पदक जीते थे। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 में कांस्य पदक पाए थे।

थाईलैंड अपनी दो चोटी की खिलाड़ियों रतचानोक इंतानोन और पोर्नपावी चोचुवोंग के बिना प्रतियोगिता में उतरा था जिसका भारत को फायदा मिला। चोटिल होने से चार महीने तक कोर्ट से बाहर रहने वाली सिंधु ने आक्रामक खेल का नजारा पेश किया और पहले एकल में सुपनिडा काटेथोंग को हराकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्रा जोंगजई की जोड़ी को पराजित कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। शनिवार को जापान की नोज़ोमी ओकुहारा के खिलाफ जीत के बाद अश्मिता चालिहा से काफी उम्मीदें थी लेकिन वह दूसरे एकल में बुसानन ओंगबामरुंगफ़ान से हार गई। श्रुति मिश्रा और प्रिया कोन्जेंगबाम की जोड़ी बेन्यापा ऐम्सार्ड और नुनटाकर्न ऐम्सार्ड की जोड़ी से हार गई, जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। अब भारत को जीत दिलाने का दारोमदार अनमोल खराब पर टिका था जिन्होंने पोर्नपिचा चोइकीवोंग को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिला दिया।

# प्रदेश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने किया निराश

### रणजी ट्राफी

कार्यालय संवददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** रणजी ट्रॉफी के अंतिम मैच में उत्तर प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। इलीट ग्रुप-बी में लीग अंतिम मुकाबले में मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम छत्तीसगढ़ के खिलाफ बैकफुट पर है। क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार यह मुकाबला अब ड्रा की तरफ बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ की पहली पारी के जबाव में उत्तर प्रदेश की टीम 238 रन पर सिमट गई। ऐसे में छत्तीसगढ़ को बिना खेले 176 रन की बढ़त मिली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक छत्तीसगढ़ ने 5 विकेट पर 124 रन बनाए और 300 रन की बढ़त ली है। सोमवार को आखिरी दिन का खेल होना है और छत्तीसगढ़ के 5 विकेट बाकी हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश ने 3 विकेट पर 110 रन के आगे खेलना शुरू किया। 128 रन और जोड़कर उत्तर प्रदेश की टीम सिमट गई। नाबाद बल्लेबाज कप्तान नितीश राणा और सौरभ कुमार जल्द आउट हो गए। सौरभ 55 और नितीश राणा 54 रन ही बना सके। बल्लेबाज यश दयाल ने तेज खेल दिखाया। उन्होंने 55 रन की पारी 36 गेंदों पर खेली। शिवम शर्मा 33 रन बनाकर नाबाद रहे। छत्तीसगढ़ के बुट्टे और रवि किरन ने 3-3 और आशीष चौहान को 2 विकेट मिले।

लंच के बाद दूसरी पारी खेलने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम के पांच प्रमुख बल्लेबाजों को उत्तर प्रदेश की टीम ने 124 रन के योग पर चला किया। शशांक चंद्राकर ने 42 और आशुतोष सिंह ने 43 रन बनाए। आज का खेल खत्म होने तक पहली पारी में दोहरा शतक जमाने वाले छत्तीसगढ़ के संजीत देसाई 25 और अजय मंडल दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा ने 14 रन देकर 3, अटल बिहारी और नितीश राणा को 1-1 विकेट मिला।

# बॉलीवुड हलचल

## 'शक्तिमान' पर चल रहा काम : मुकेश



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता मुकेश खन्ना का कहना है कि अभी शक्तिमान प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है और बहुत जल्द इसकी अनाउंसमेंट की जाएगी। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह इस बार शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। मुकेश खन्ना ने कहा, अभी इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। मेरा सोनी पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट है और इसलिए इस बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकता। हालांकि, इस बारे में हम जल्द ही ऑफिशियल स्टेटमेंट रिलीज करेंगे।

### अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर नीतू का जलवा



**मुंबई, एजेंसी।** जानीमानी अभिनेत्री नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर देखने को मिला। नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा पिछले दिनों अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर उस वक्त देखने को मिला जब वह एक म्यूजिकल प्ले उमराव जान अदा के ट्रेलर की शूटिंग कर रही थी। उस समय न्यूयॉर्क शहर के टाइम स्क्वायर पर स्थित बड़ी-बड़ी स्क्रीन पर सिर्फ नीतू चंद्रा श्रीवास्तव के मनमोहक दृश्य नजर आ रहे थे और इस तरह वो अमेरिका की सरजमीं पर भारत का परचम लहराती नजर आ रही थी। यह ट्रेलर ब्लू वेव एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी कर दिया गया है। इस म्यूजिकल प्ले के ट्रेलर शूट के बाद नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने अपनी एक्साइटमेंट का इजहार किया और कहा कि यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है, जब टाइम्स स्क्वायर जैसे जगह से दुनिया की नजरे मुझे देख रही थी, लेकिन मुझे खुद पर भरोसा था और मैं इस कॉन्सेप्ट के साथ अपना हंड्रेड परसेंट देने का काम किया।

## यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** मैड़ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की आने भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। नमस्ते सासू जी में यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है, और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी नजर आने वाले हैं। निर्माता प्रदीप शर्मा ने कहा कि फिल्म की कहानी ही इसकी यूएसपी है, जिसमें भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज अभिनेताओं ने अपना योगदान दिया है। इस फिल्म को काली प्रसाद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया गया है। इसलिए उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। वही फिल्म को लेकर यामिनी सिंह ने बताया कि यह फिल्म महिला प्रधान कहानी पर आधारित है। इसकी केंद्रीय भूमिकाओं में महिलाओं का अपीरियंस बेहद महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके यह फिल्म पूरी तरह से कमर्शियल है। इसमें मेरी भूमिका भी बेहद अलग है और मैं ऐसे निभाने के लिए खूब मेहनत की है। उम्मीद करती हूं कि भोजपुरी के दर्शकों ने मुझे अब तक जिस तरह से प्यार दिया है उससे भी ज्यादा प्यार मुझे इस फिल्म के जरिए मिले। इस फिल्म के गीत संगीत से लेकर संवाद और प्रेजेंटेशन सभी खास हैं। फिल्म का ट्रेलर भी जल्द ही आएगा और यह फिल्म जब भी रिलीज हो तब आपसे आग्रह करुंगी कि आप इसे सिनेमाघर में जाकर देखें। गौरतलब है कि फिल्म नमस्ते सासू जी के निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं। फिल्म के निर्देशक काली प्रसाद हैं, जबकि कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म के संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारे लाल यादव, डॉक्टर कर्मेंद्र कुमार सिंह, धर्म हिंदुस्तानी और संतोष कुमार उत्पाती हैं।

## कुछ रीत जगत.., सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा : मीरा



**मुंबई, एजेंसी।** टीवी की अभिनेत्री मीरा देओस्थले का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाला शो कुछ रीत जगत गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। नंदिनी एक ऐसी लड़की है, जिसे शादी के बाद पता चलता है कि उसकी शादी में दहेज लिया गया है और वह अपनी शादी का दहेज ससुराल वालों से वापस मांगती है। मीरा ने कहा कि महिलाओं को अक्सर कहा जाता है कि यह करना चाहिए, यह नहीं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार इस पर सवाल उठाता है और पूछता है कि ऐसा क्यूं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार लोगों को जागरूक करता है। जब मुझे शो की नरेशन सुनाई गई तब मेरी आंखो में आंसू आ गए और मैने यह तय कर लिया कि मुझे यह शो करना है। ये फुल ऑफ इंटरटेनिंग शो है जो लोगों को संदेश भी देगा। जान खान के साथ मेरी रोमांटिक केमेस्ट्री लोगों को बेहद पसंद आएगी। शो में 30 से अधिक कलाकारों ने काम किया है।

### मैं दो वर्ष का था तब अमिताभ ने मेरे गाल पर काटी थी चिकोटी : इमरान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने बताया कि वह जब दो वर्ष के थे तब अमिताभ बच्चन ने उनके गाल पर चिकोटी काटी थी और उन्हें आशीर्वाद दिया था। इमरान ने अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म चेहरे में काम किया है। उन्हांने बताया, फिल्म चेहरे में काम करने की वजह अमिताभ बच्चन रहे। अमिताभ बच्चन दिग्गज कलाकार और बेहद प्रोफेशनल हैं। चेहरे में मेरा किरदार नेगेटिव था।उनके साथ काम करना शानदार अनभुव रहा। चेहरे के सीन्स में मै अमिताभ बच्चन पर चिल्लाता था, जिस बात का मुझे बेहद बुरा लगा। इमरान ने बताया कि अच्छी स्क्रिप्ट मिलने पर वह अपनी सुपरहिट फिल्में राज, मर्डर और जन्नत की फ्रेंचाइजी में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दर्शक कुछ नया देखना चाहते हैं, यदि अच्छी स्क्रिप्ट मिले तभी वह काम करेंगे। वह दर्शकों को हर बार कुछ नया देना चाहते हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

एक नजर

### फिलीपींस में भूस्खलन, मरने वालों की संख्या 98 हुई

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत दावाओ डी ओरो में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 98 हो गयी है। फिलीपींस की मीडिया ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी। फिलस्टार समाचार पोर्टल ने बताया कि कम से कम नौ लोग अभी भी लापता हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी की शुरुआत में हुआ भूस्खलन लगातार बारिश के कारण हुआ था। गांव का एक हिस्सा और एपेक्स माइनिंग के कर्मचारियों को ले जा रही दो बसें मलबे में दब गयी थीं।

### एलेक्सी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 हिरासत में

**मॉस्को।** रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। रूस के एक अधिकार समूह ने यह जानकारी दी। नवलनी (47) की अचानक मृत्यु से रूस के कई लोगों को करारा झटका लगा है। इन लोगों को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे बड़े विरोधी से भविष्य में काफी उम्मीदें थीं। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी शासन प्रतिष्ठान क्रेमलिन के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाता था। नर्व एजेंट के जहर से बचने और कई बार जेल की सजा पाने के बाद भी नवलनी ने पुतिन की आलोचना करना जारी रखा था। रूस के कई शहरों में सैकड़ों लोग इस राजनीतिज्ञ को श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार और शनिवार को फूलों और मोमबत्तियों के साथ राजनीतिक दमन के पीड़ितों के स्मारकों पर पहुंचे।

### कोयंबटूर में अमेरिकी उच्च शिक्षा मेला लगेगा

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के शहर चेन्नई में स्थापित अमेरिकी वाणिज्य सेवा और अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कोयम्बटूर में कल (सोमवार) को मुफ्त अमेरिकी उच्च शिक्षा मेले का आयोजन करेगा। मेले में अमेरिकी वाणिज्य विभाग, अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रशासन सहित कुल मिलाकर 18 अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थान भाग लेंगे। अमेरिकी महावाणिज्य दूत चेन्नई क्रिस्टोफर होजेस ने कहा कि अमेरिका विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी का शीर्ष मेजबान बना हुआ है।

### डेनमार्क तोपखाने का स्टॉक यूक्रेन को करेगा हस्तांतरित

**कोपेनहेगन :** डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि डेनमार्क देश के पूरे गोला-बारूद भंडार को यूक्रेन को स्थानांतरित कर देगा। फ्रेडरिकसन ने कहा कि यूरोप में अभी भी गोला-बारूद का भंडार है जिसका ब्लॉक इस समय उपयोग नहीं कर रहा है और इसे यूक्रेन को सौंपना चाहिए। फ्रेडरिकसेन ने म्यूनिख सिक्योरिटी के इतर कहा कि यदि आप यूक्रेनियन से पूछें, तो वे हमसे अब गोला-बारूद, अब तोपखाने मांग रहे हैं। डेनिश पक्ष से, हमने अपनी पूरी तोपखाने दान करने का फैसला किया है।

# इजराइल के हमले में गाजा में 18 लोगों की मौत

**रफह (गाजा पट्टी) एजेंसी**

इजराइल ने शनिवार रात को गाजा में हमले किए, जिससे कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। चिकित्सा कर्मियों और चश्मदीदों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। वह बंधकों को छुड़ाने के लिए इजराइल और हमास के बीच वार्ता का पक्षधर है। रफह में रातभर हुए हवाई हमले में एक महिला और तीन बच्चों सहित छह लोग मारे गए जबकि अन्य हमले में दक्षिणी शहर खान यूनिस में पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, इजराइली हमले की चपेट में आने से गाजा शहर के एक घर में रहने वाले सात लोगों की जान चली गई। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ने कहा कि दक्षिणी गाजा में सेवा देने वाला मुख्य चिकित्सा केंद्र 'नासिर अस्पताल' पिछले सप्ताह के अंत में इजराइल द्वारा की गई छापेमारी के बाद से संचालित नहीं हो पा रहा है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस अदानोम घेब्रेयेसुस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डब्ल्यूएचओ की एक टीम को शुक्रवार या शनिवार को अस्पताल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि टीम मरीजों की स्थिति और चिकित्सा आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए पहुंची थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अभी भी लगभग 200 मरीज हैं, जिनमें से 20 को अन्य अस्पतालों में तत्काल रेफर करने की आवश्यकता है।

## गाजा में युद्धविराम के लिए वार्ता में कोई विशेष प्रगति नहीं : कतर

राफा, एजेंसी। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के लिए मध्यस्थता कर रहे देश कतर ने कहा है कि इस दिशा में फिलहाल कोई खास प्रगति नहीं हो पाई है। कतर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी लगाया है कि हमास के आतंकवादी अपनी 'बेतुकी मांगों' पर अड़े हुए हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में ''मानवीय पहलू'' से जुड़ी समस्याओं का जिक्र किया। नेतन्याहू पर इस बात का दबाव है कि वह उन बंधकों को सुरक्षित लाएं जिन्हें हमास ने सात अक्टूबर को हमला करने के दौरान कब्जे में लिया था। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के कहने पर इस सप्ताह की शुरुआत में एक प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजा था लेकिन उन्हें अब दोबारा भेजे जाने का कोई तुक नहीं समझ आ रहा। हमास चाहता है कि गाजा में स्थाई युद्धविराम हो और इजराइल फलस्तीन के उन सभी कैदियों को रिहा करे जो उसकी जेलों में बंद हैं। नेतन्याहू ने मिस्र के साथ लगती गाजा की सीमा पर स्थित शहर राफा में जमीनी हमले रोकने के अंतरराष्ट्रीय अनुरोध की भी अनदेखी की है। वह किसी भी सूरत में हमले रोकने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमास पर ''पूर्ण विजय'' के लिए हमले जरूरी हैं। 'एसोसिएटेड प्रेस' के पत्रकारों और अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार शनिवार को मध्य गाजा में हवाई हमलों में बच्चों सहित 40 से अधिक लोग मारे गए और कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हमास के खिलाफ हमले किये हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि गाजा में अब तक 28,858 लोग मारे गए हैं।

# पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा

## पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले पर नहीं बनी सहमति

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को लेकर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच बातचीत बेनतीजा रही। दोनों पक्षों ने हालांकि चर्चा में "महत्वपूर्ण प्रगति" का दावा किया। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

दोनों दलों की संपर्क एवं समन्वय समितियों (सीसीसी) के बीच शनिवार को हुई तीसरी बैठक बेनतीजा रही और दोनों ने सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को एक और बैठक करने का फैसला किया। बैठक के बाद पीएमएल-एन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि "मजबूत लोकतांत्रिक सरकार" की आवश्यकता पर बल देते हुए दोनों पक्षों के साथ बातचीत में "महत्वपूर्ण प्रगति" हुई है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है, "दोनों पक्षों द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर गहन चर्चा की गई, हालांकि पर्याप्त प्रगति हासिल हुई है, लेकिन मौजूदा मामलों को अंतिम रूप देने के लिए और विचार-विमर्श की आवश्यकता है।" नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन ने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 265 में से 93 सीट पर जीत हासिल की।

पीएमएल-एन ने 75 सीट जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीट के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी 17 सीट के साथ समर्थन देने के लिए तैयार हो गई है। सरकार बनाने के लिए 266 में से 133 सीट की जरूरत है।

## एचआरसीपी ने पाकिस्तान में मतदान के बाद की प्रक्रिया को असंतोषजनक बताया

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनावों, खासकर मतदान के बाद की प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर चिंता जताई है। समाचारपत्र 'द न्यूज' ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। देश के 51 निर्वाचन क्षेत्रों में ऑन-साइट निरीक्षण करने वाले एचआरसीपी के चुनाव निगरानीकर्ताओं की ओर से की गयी टिप्पणियों के अनुसार मतदान के दिन इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं के राष्ट्रव्यापी निलंबन के साथ-साथ मतदान की जानकारी में अनियोजित परिवर्तन के कारण मतदाताओं को मतदान केंद्रों का पता लगाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एचआरसीपी ने शनिवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस स्थिति ने विशेष रूप से चलने-फिरने में बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं, विकलांग लोगों, वरिष्ठ नागरिकों और सीमित वित्तीय साधनों वाले मतदाताओं को प्रभावित किया है। विशेष चिंता का विषय चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव परिणामों की घोषणा में की जा रही लंबी देरी है। मोटे तौर पर कहें तो मतदान प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही। मतदान कर्मचारी आम तौर पर अच्छी तरह से तैयार और सुसज्जित थे। लगभग सभी मामलों में, मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों को मतदान से पहले खाली मतपेटियां दिखाई गईं। साथ ही पीठासीन अधिकारी को मतदाता को देने से पहले प्रत्येक मतपत्र के पीछे मोहर लगाते और हस्ताक्षर करते देखा गया। मतपेटी हर समय सभी की नजर में थी और मतदाताओं को गुप्त रूप से अपने मतपत्रों पर मुहर लगाने की अनुमति थी। मतदान के बाद की प्रक्रिया हालांकि असंतोषजनक थी। चिंता की बात यह है कि उम्मीदवारों, मतदान एजेंटों और पर्यवेक्षकों को परिणामों के अनंतिम समेकन को देखने की अनुमति से वंचित किए जाने की खबरें भी सामने आईं। एचआरसीपी ने एक संसदीय निकाय की देखरेख में 2024 चुनावों के स्वतंत्र ऑडिट की सिफारिश की है। सुरक्षा और ख़ुफ़िया एजेंसियों को चुनावी प्रक्रिया या उसके परिणामों के प्रबंधन में कोई भूमिका नहीं निभानी चाहिए। संसद को कार्यवाहक सरकारी योजना की उपयोगिता पर भी बहस करनी चाहिए। मतदान के दिन, मतदान रुकने के बाद भी, निर्बाध सेल्युलर और इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए। ईसीपी को चुनाव अधिनियम 2017 के तहत सभी फॉर्म 45, 46, 48 और 49 को प्रकाशित करना होगा। पीड़ित राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों से याचिका प्राप्त होने पर, ईसीपी को करीबी मुकाबलों में मतपत्रों की पुनर्गणना का आदेश देना चाहिए, खासकर ऐसे मामलों में जहां अस्वीकृत मतपत्रों की संख्या जीत के अंतर से अधिक हो।

## 'पीटीआई' ने निर्वाचन आयुक्त, प्रधान न्यायाधीश का इस्तीफा मांगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने चुनाव में 'धांधली' के संबंध में एक वरिष्ठ नौकरशाह के आरोपों के बाद पाकिस्तान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश के इस्तीफे की मांग की है। रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा ने शनिवार को आरोप लगाया था कि शहर में जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जिताया गया। उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को गलत तरीके से विजेता घोषित किया गया। उनकी टिप्पणी ऐसे समय आई है जब 'पीटीआई' ने आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। चट्ठा ने कहा, ''मैं इन सभी गलत काम की जिम्मेदारी ले रहा हूं और आपको बता रहा हूं कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश भी इसमें पूरी तरह से शामिल हैं।'' चुनाव परिणामों में हेरफेर के लिए ''जिम्मेदारी स्वीकार करने'' के बाद चट्ठा ने पद से इस्तीफा दे दिया। खान की अगुवाई वाली 'पीटीआई' के एक प्रवक्ता ने मांग की कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा और प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा रावलपिंडी के आयुक्त चट्ठा के खुलासे के बाद अपने पदों से इस्तीफा दें। प्रवक्ता ने कहा कि चट्ठा ने स्वीकार किया है कि 70,000 से अधिक वोटों से आगे चल रहे निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत को फर्जी मोहरें लगाकर हार में बदल दिया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चट्ठा की गवाही 'पीटीआई' के उस रुख का समर्थन करती है कि लोगों ने बड़ी संख्या में 'पीटीआई' समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को वोट दिया था।

## पुलिस व इमरान खान की पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प

**लाहौर/कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के समर्थकों की चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान देशभर के विभिन्न शहरों में पुलिस के साथ झड़प हो गई। 'डॉन' अखबार की खबर में रविवार को बताया गया कि लाहौर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थक विरोध दर्ज कराने के लिए शनिवार को लाहौर प्रेस क्लब और पार्टी के जेल रोड कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप में पुलिसकर्मी जेल रोड पर 'पीटीआई' के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले वकील को घसीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। 'पीटीआई' के एक अन्य उम्मीदवार अली इजाज बुट्टर को भी बुजुर्ग पुरुषों, महिलाओं और एक बच्चे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पंजाब प्रांत के कई शहरों में प्रदर्शनकारियों के इकट्ठा होने से पहले ही पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गई और पार्टी के कई नेताओं, उम्मीदवारों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। 'डॉन' की खबर में कहा गया है कि पार्टी के संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर एकत्र हुए 'पीटीआई' कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नारेबाजी की। कराची में, सैकड़ों 'पीटीआई' कार्यकर्ता और समर्थक शहर के सदर इलाके में पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के सिंध कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने कथित धांधली के खिलाफ नारे लगाए और न्यायपालिका एवं सरकारी संस्थानों से हस्तक्षेप करने और परिणामों में "खामियों" को सुधारने की मांग की।



जैसलमेर : पोखरन क्षेत्र में वायु शक्ति-2024 अभ्यास के दौरान करतब दिखाता वायुसेना का सी-17 ग्लोबल मास्टर विमान।

सुविधा

# ब्रिटेन ने यूक्रेनियाई नागरिकों की वीजा मियाद बढ़ाई

**लंदन एजेंसी**

ब्रिटेन की सरकार ने रविवार को रूस-यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर देश में शरण लेने आए यूक्रेनियाई नागरिकों के लिए शुरू वीजा योजना की मियाद बढ़ा दी है। इसके साथ ही युद्धग्रस्त देश से आए यूक्रेनियाई नागरिक समान शर्तों पर ही मौजूदा मियाद खत्म होने के बाद भी 18 महीने तक देश में रह सकेंगे।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन वीजा योजनाओं में से एक के तहत ब्रिटेन में रहने वाले सभी लोग 2025 की शुरुआत से अतिरिक्त 18 महीनों के लिए यहां रहने के लिए आवेदन कर सकेंगे और अपने पूरे प्रवास के दौरान शिक्षा, रोजगार, अन्य लाभ, स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने अधिकार प्राप्त कर सकेंगे। इसका अभिप्राय है कि यूक्रेन के लिए शुरू वीजा योजनाओं में से एक के तहत देश में आए यूक्रेनियाई नागरिक अब सितंबर 2026 तक ब्रिटेन में रह सकते हैं। ब्रिटेन में कानूनी आव्रजन और सीमा मामलों की मंत्री टॉम पर्सग्लोव ने कहा, ''इस क्रूर युद्ध की शुरुआत से अबतक के लगभग दो साल के कालखंड में 2,00,000 से अधिक यूक्रेनियाई और उनके परिवार के सदस्य ब्रिटेन आए हैं।

भूराजनीतिक टकराव

# अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा

**सोल, एजेंसी**

अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति "भूराजनीतिक टकराव" को जन्म दे रही है और इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। द. कोरिया की न्यूज एजेंसी कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) द्वारा रविवार को प्रकाशित एक लेख में ये बातें कही गयी हैं। द. कोरिया के विदेश मंत्रालय के अमेरिकी अध्ययन संस्थान के एक शोधकर्ता री जी वोन के लेख में कहा गया है कि रणनीति के शुरू के दो साल बाद वर्तमान स्थिति यह है कि अमेरिकी बिडेन प्रशासन द्वारा बनाये गये "स्वतंत्र, खुले, समृद्ध एवं स्थिर (भारत-प्रशांत ) क्षेत्र के निर्माण में बेरुखी को दिखाई दे रही है। लेख में कहा गया है कि अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति ने क्षेत्र में "स्वतंत्रता" के बजाय टकराव को जन्म दे दिया है।

### हाउती ने डेनमार्क की जहाज को लक्षित कर तीन मिसाइलें दागीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यमन में अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों से चार एंटी-शिप मिसाइलें दागी गईं। इनमें करीब तीन के जरिए लाल सागर में डेनमार्क की व्यापारी जहाज एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने रविवार को दी। सेंटकॉम ने बताया कि यमन के ईरानी समर्थित हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों से लाल सागर में चार जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गयीं। एमटी पोलक्स या क्षेत्र में अन्य किसी जहाज के क्षतिग्रस्त होने या किसी घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को यमनी जल क्षेत्र में एक जहाज-रोधी क्रूज मिसाइल और एक मोबाइल मानव रहित सतह जहाज (यूएसवी) के खिलाफ हमले किए।

एयर शो

# आईएएफ की सारंग टीम सिंगापुर में दिखाएगी करतब

**सिंगापुर एजेंसी**

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सारंग एरोबेटिक टीम अगले सप्ताह यहां आयोजित होने वाले सिंगापुर एयरशो-2024 में अपने शानदार 'एयरोबेटिक्स' (हवाई जहाज की कलाबाजी) का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। एयरशो के आयोजक एक्सपीरिया ने रविवार को यह जानकारी दी। आयोजकों के मुताबिक चांगी प्रदर्शनी केंद्र में 20-25 फरवरी तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय एयरशो में 50 से अधिक देशों और क्षेत्रों की 1,000 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। इस विशाल एयरशो में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शनी टीम के 71 कर्मियों की एक टीम पांच उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) 'ध्रुव' के साथ भाग लेगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन और परिकल्पित 'ध्रुव' हेलीकॉप्टर सभी प्रकार के मौसम में काम करने के अलावा कई तरह के मिशन में कार्य करने में सक्षम है।

संबंध

# जयशंकर व चीन के विदेश मंत्री ने जर्मनी में मुलाकात की

**बीजिंग/म्यूनिख, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के वीडियो फुटेज में जयशंकर और वांग को इस कार्यक्रम से इतर एक संक्षिप्त बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। इस सम्मेलन में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और दुनिया भर के अन्य शीर्ष राजनयिक शामिल हुए हैं। भारत और चीन की तरफ से हालांकि दोनों विदेश मंत्रियों के बीच हुई चर्चा के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। छह महीने से अधिक समय में दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। दोनों की पिछली मुलाकात जुलाई में जकार्ता में आयोजित आसियान की बैठक के दौरान हुई थी।

### जयशंकर ने अल-मलिकी के साथ चर्चा की

**म्यूनिख।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को अपने फलस्तीनी समकक्ष रियाद अल-मलिकी से मुलाकात कर युद्धग्रस्त गाजा की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी में हैं। बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, "फलस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी से मिलकर अच्छा लगा।

# पूर्व थाई पीएम थाकसिन पेरोल पर रिहा

**बैंकॉक, एजेंसी**

थाईलैंड के दोषी पूर्व प्रधान मंत्री थाकसिन शिनावात्रा को स्व-निर्वासन से देश लौटने के छह महीने बाद रविवार को पेरोल पर रिहा कर दिया गया। शिन्हुआ के पत्रकारों ने बताया कि थाकसिन को ले जाने वाली एक कार रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 6:06 बजे बैंकॉक के एक पुलिस अस्पताल से निकली, जहाँ उन्होंने चिकित्सा उपचार करवाया।

थाई प्रधान मंत्री श्रेथा थाविसिन ने पहले कहा था कि थाकसिन की पेरोल पर रिहाई कानून के अनुरूप थी। देश के न्याय मंत्रालय के अनुसार 74 वर्षीय पूर्व प्रधान मंत्री इस महीने पेरोल के लिए स्वीकृत 930 कैदियों में से एक हैं। वह पेरोल के लिए पात्र है क्योंकि उसकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है और वह एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है। थाकसिन ने 15 साल से अधिक का अपना निर्वासन समाप्त किया और पिछले साल अगस्त में थाईलैंड लौट आए,



लेकिन जल्द ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया और कई आरोपों में आठ साल की जेल की सजा सुनाई गयी। उनकी वापसी के तुरंत बाद स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण उन्हें बैंकॉक जेल से अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले सितंबर में थाकसिन के शाही क्षमादान के अनुरोध के बाद थाई राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने थाकसिन की आठ साल की जेल की सजा को घटाकर एक साल कर दिया था। थाकसिन ने वर्ष 2001 से 2006 तक दक्षिण पूर्व एशियाई देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और वर्ष 2008 से विदेश में स्व-निर्वासन में थे।



मेला

फरीदाबाद : 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला में उमड़ी दर्शकों की भीड़। ● एजेंसी

कवायद — सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का है अगला दौर

# सोशल मीडिया के आदी युवाओं को लत से मुक्ति दिलाने के रास्ते की खोज

**बोल्डर (अमेरिका) एजेंसी**

कई लोग सोशल मीडिया की लत की तुलना सिगरेट से करते हैं। वे कहते हैं कि सोशल मीडिया पर कितने लाइक मिले इसे देखने की इच्छा एक नयी तरह की 'धूम्रपान की तलब' है। अन्य का मानना है कि सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का अगला दौर है।

हम अनुसंधानकार्ताओं की जोड़ी हैं जो जिसने जांच की कि सोशल मीडिया युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है। 75 प्रतिशत से अधिक किशोर




हर घंटे अपने फोन को देखते हैं और उनमें से लगभग आधे कहते हैं कि उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने उपकरणों के आदी हो गए हैं। यहां कुछ बातें हैं जो उन्होंने हमें बताई हैं: ''टिकटॉक ने मुझे परेशान कर रखा है।'' ''मैं 1,000 प्रतिशत कहूंगा कि मुझे इसकी लत है।'' ''मुझे पूरी तरह से अहसास है कि यह मेरे दिमाग पर कब्जा कर रहा है, लेकिन मैं इससे दूर नहीं हो पा रहा। इससे मुझे शर्मिंदगी महसूस होती है।'' हो सकता है कि आपकी अपनी भी ऐसी ही भावनाएं रही हों।

### उत्तर की तलाश

सोशल मीडिया के उपयोग पर 2010 के शुरुआती अनुसंधान शरीर पर प्रभाव, खाने की आदतों में विकार और सामाजिक तुलना कर नकारात्मक प्रभाव दिखाते हैं। इसके विपरीत, अन्य अध्ययन सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य लाभों की ओर इशारा करते हैं, जिसमें सामाजिक बेहतरी, मजबूत दोस्ती और विविध दृष्टिकोणों का सुलभ होना शामिल है। फिर भी अन्य अध्ययन परस्पर विरोधी परिणाम पेश करते हैं। वास्तव में, इस विषय पर अनुसंधान करते समय अनिर्णायक या मिश्रित परिणाम एक आवर्ती परिपाटी प्रतीत होती है।

### चार सप्ताह का हस्तक्षेप

हमारे मौजूदा अध्ययन में विभिन्न प्रकार की सोशल मीडिया आदतों वाले 500 से अधिक कॉलेज छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्र ने सोशल मीडिया के साथ अपने वर्तमान संबंधों पर विचार करके शुरुआत की और फिर उन परिवर्तनों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जो वे करना चाहते हैं। इसमें बिना सोचे-समझे 'स्क्रॉल' करने में कम समय बिताना, किसी ऐप पर प्रोत्साहित नहीं करना या शयनकक्ष में फोन लेकर न सोना शामिल हो सकता है। चार सप्ताह तक, प्रतिभागी अपने लक्ष्यों को हासिल करने की कोशिश में मिली सफलता की जानकारी देते है। वे 'जर्नलिंग' (डायरी लिखने) और मानक मनोवैज्ञानिक सर्वेक्षणों के माध्यम से अपनी भावनाओं और अनुभवों को बताते हैं।

### सकारात्मक बदलाव में लगता है समय

किसी भी व्यवहार परिवर्तन की तरह, स्वस्थ मीडिया के इस्तेमाल की आदतों को अपनाने के लिए समय, समर्पण और आत्म-चिंतन की आवश्यकता होती है। हमारा अनुसंधान कॉलेज के छात्रों पर केंद्रित है। लेकिन हमारा मानना है कि कार्य और विचार पर केंद्रित एक समान चार-सप्ताह की प्रक्रिया सभी उम्र के लोगों के लिए समग्र कल्याण में उपयोगी हो सकती है। सोशल मीडिया पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए आप अभी कुछ व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं।